सुप्रभात

रांची, सोमवार

05.08.2024

** नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net सावन, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 27





12 कौन बनेगा करोड़पति का 16वां सीजन 12 अगस्त से

## न्यूज डायरी

### सीएम कार्यालय उड़ाने की धमकी, मामला दर्ज

**पटना।** बिहार में पुलिस ने पटना में मुख्यमंत्री कार्यालय को उड़ाने की धमकी वाले ई-मेल के सिलसिले में मामला दर्ज किया है। यह ई-मेल पिछले महीने की 16 तारीख को मुख्यमंत्री आवास के अधिकारिक मेल पर प्राप्त हुआ था। ई-मेल भेजने वाले ने आतंकवादी संगठन अलकायदा का सदस्य होने का दावा किया है। पुलिस ने दावा किया कि ई-मेल भेजने वाले व्यक्ति की पहचान कर ली गयी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### वक्फ बोर्ड में संशोधन की खबर से भड़के ओवैसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने वक्फ बोर्ड में संशोधन को मंजूरी दे दी है। हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा अभी तक नहीं हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार केंद्र सरकार वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर नियंत्रण के लिए विधेयक ला सकती है। इस पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने कहा, जब संसद सत्र चल रहा है, तो केंद्र सरकार संसदीय सर्वोच्चता और विशेषाधिकारों के खिलाफ काम करते हुए पहले मीडिया को सूचित करती है, लेकिन संसद को सूचित नहीं करती है।

### झारखंड में छह और सात अगस्त को भारी बारिश

**रांची।** मौसम विज्ञान केंद्र ने पूरे झारखंड में 10 अगस्त तक कई स्थानों पर बारिश होती रहेगी। इससे पहले छह और सात अगस्त को राज्य के उत्तर पूर्वी भागों में देवघर, धनबाद, गिरिडीह, गोड्डा, दुमका, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। केंद्र ने जारी बुलेटिन में झारखंड में सोमवार को कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जतायी है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 65900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 87000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




भारी बारिश का कहर जारी, सड़क हादसों में ग्यारह की मौत

# मध्यप्रदेश में भारी वर्षा से मकान की दीवार ढही, दबकर नौ बच्चों की मौत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मध्य प्रदेश के सागर जिले के शाहपुर कस्बे में रविवार को भारी बारिश से एक मकान की दीवार गिरने से मलबे में दब कर नौ बच्चों की मौत हो गई, जबकि दो बच्चे घायल हो गए हैं। जेसीबी से मलबा हटाकर बच्चों को बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार घर से सटे एक मंदिर में शिवलिंग निर्माण एवं भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। सावन में यहां सुबह से शिवलिंग बनाए जा रहे हैं। रविवार को मिट्टी के शिवलिंग बनाने के लिए बच्चे भी पहुंचे। बच्चे सुबह जब शिवलिंग बना रहे थे तभी मंदिर परिसर से सटे पचास साल पुराने मकान की दीवार भर-भराकर गिर गयी। राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों और घायलों के आर्थिक सहायता का ऐलान किया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस घटना पर दुःख जताते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में हृदय विदारक घटना में मासूम बच्चों की मौत से मन दुखी है। उन्होंने घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

वहीं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि हादसे में कई मासूम बच्चों की मृत्यु पीड़ादायक है। इस घड़ी में मेरी गहन संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं।



### प्रधानमंत्री ने हृदयविदारक घटना पर जताया दुख, मुआवजे की घोषणा की

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के सागर में मंदिर से सटे घर की दीवार के गिरने से बच्चों की मौत पर दुख जताते हुए मुआवजे की घोषणा की है। श्री मोदी ने दुर्घटना में मारे गए प्रत्येक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है, जबकि घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर कहा कि मध्य प्रदेश के सागर में दीवार गिरने से हुआ हादसा हृदयविदारक है। इसमें जान गंवाने वाले बच्चों के शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर उन्हें इस पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करे।

- मृतक बच्चों के परिजनों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जायेगी, जबकी घायल बच्चों के परिजनों को 50 हजार रुपये दिये जायेंगे।

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर कार-बस की भीषण टक्कर में 7 लोगों की मौत

**इटावा।** उत्तर प्रदेश में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर रविवार तड़के एक कार बस से टकरा गयी, इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गयी और जबकि 25 यात्री घायल हो गये। मृतकों में तीन कार सवार जबकि बस के 4 यात्री हैं।

बताया जा रहा है कि कार के चालक को नींद आने से यह हादसा हुआ। कार अनियंत्रित होकर अपनी लेन बदलकर दूसरी लेन में चली गयी। इसके बाद लखनऊ से आ रही बस से वह टकरा गयी। एसएसपी इटावा संजय कुमार वर्मा ने दुर्घटना को लेकर बताया कि बस में 60 लोग सवार थे, जिनमें से 4 लोगों की मौत हो गई। इस में सवार करीब 20-25 लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं कार में सवार 3 लोगों की भी मौत हो गयी।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर हादसे चार की मौत

**सवाई माधोपुर।** सवाई माधोपुर में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस हाईवे पर रविवार सुबह एक भयानक सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गयी। हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक़्त हुआ जब मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के विक्रमगढ़-आलोट का एक परिवार अपनी कार से बद्री विशाल से वापस अपने घर लौट रहा था। पुलिस को आशंका है कि कार चलाते समय ड्राइवर को नींद की झपकी आने से कार आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार ट्रक में फंस गई और लगभग एक किलोमीटर तक घिसती चली गई। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में तीन महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं।

पेरिस ओलंपिक : चक दे इंडिया!

## सेमीफाइनल में पहुंची भारतीय हॉकी टीम रोमांचक शूटआउट में ग्रेट ब्रिटेन को हराया



*पेरिस। भारतीय मेंस हॉकी टीम लगातार दूसरी बार ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंच गयी। रविवार को एक बेहद रोमांचक क्वार्टर फाइनल में चमत्कार करते हुए कप्तान हरमनप्रीत सिंह की टीम ने ग्रेट ब्रिटेन को शूट आउट में 4-2 से हराया। अब भारत का मुकाबला छह अगस्त को जर्मनी और अर्जेंटीना के बीच मैच के विनर से होगा।*

## विधायक सरयू राय जदयू में शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के पूर्व मंत्री सह निर्दलीय विधायक सरयू राय रविवार को जदयू में शामिल हो गये। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा संजय कुमार झा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी। संजय कुमार झा ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि 'जदयू परिवार में आपका स्वागत है। उन्होंने कहा कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के साथ उनका पिछले कई दशकों से व्यक्तिगत संबंध रहा है। मुझे विश्वास है, सरयू राय के आने से झारखंड में पार्टी को मजबूती मिलेगी।



इधर पार्टी के प्रदेश महासचिव संतोष कुमार सोनी, प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा है कि सरयू राय के जदयू में शामिल होने से झारखंड में पार्टी को बल मिलेगा।

**राजनीति के चाणक्य है सरयू राय**

मालूम हो कि विधायक सरयू राय को झारखंड की राजनीति का चाणक्य कहा जाता है। सूत्रों से जो जानकारी मिली है उनके मुताबिक अभी सिर्फ सरयू राय ने जदयू की सदस्यता ली है। बहुत जल्द वे अपनी पार्टी का विलय जेडीयू में करेंगे। झारखंड जेडीयू के अध्यक्ष खीरू महतो ने बताया है कि सरयू राय को पार्टी की सदस्यता दिलाई गयी है। उन्होंने कहा कि सरयू राय अपनी पार्टी के जदयू में विलय की घोषणा बहुत जल्द करेंगे।

आंगनबाड़ी केंद्रों में नि:शुल्क मिलनेवाले फार्म के लिये जा रहे पैसे

# लाभुकों की जेब पर डकैती : ₹100 में बेचा जा रहा मुख्यमंत्री मंईयां योजना का फार्म

खबर मन्त्र एक्सक्लूसिव

- फोटो कॉपी की दुकानों पर भी 10 रुपये में बेचे जा रहे हैं योजना के फार्म

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य के सभी आंगवाड़ी केंद्रों को मुख्यमंत्री मंईयां योजना का फार्म उपलब्ध कराया है। इस फॉर्म को जरूरतमंद लाभुकों के बीच निःशुल्क देने को कहा गया है परंतु राज्य सरकार के आदेश को धता बताते हुए कुछेक आंगनबाड़ी केंद्रों में मुख्यमंत्री मंईयां योजना के फार्म के पैसे वसूले जा रहे हैं। रांची के कई केंद्रों से पैसे लिये जाने की शिकायतें मिल रही है। आवेदनकर्ताओं का कहना है कि आवेदन फार्म के नाम पर 100 रुपये लिये जा रहे हैं। कई जगहों पर इसका विरोध भी किया जा रहा है। जरूरतमंदों को बताया गया कि उनके पास फार्म खत्म हो गया है।




### फोटो कॉपी वाले फार्म के वसूल रहे 10 रुपये

मुख्यमंत्री मइयां योजना के फार्म के लिए न सिर्फ आंगनबाड़ी केंद्रों पर बल्कि फोटो कॉपी की दुकानों पर भी भीड़ देखने को मिल रही है। फोटो कॉपी की दुकानों पर आवेदनकर्ताओं से एक सेट फार्म के 10 रुपये वसूले जा रहे हैं। विरोध करने पर फोटो कॉपी संचालकों का कहना है कि उन्हें फोटो कॉपी के पैसे देने होते हैं। पेपर के पैसे देने होते हैं। ऐसे में वे 10 रुपये से कम में नहीं दे सकते। विवश होकर आवेदनकर्ता आंगनबाड़ी केंद्र छोड़ फोटो कॉपी की दुकानों से आवेदन खरीद रहे हैं।

### फोटो कॉपी वाला फार्म भी है मान्य

राज्य ने मुख्यमंत्री मईयां योजना के आवेदनकर्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि इस योजना का लाभ लेने के लिए सरकार की ओर से जारी फार्म ही सिर्फ मान्य नहीं है बल्कि इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन पत्र का फोटो कॉपी भी चलेगा। वैसे आवेदन फॉर्म ऑनलाइन भी उपलब्ध है। फोटो कॉपी में भरकर इसे ऑनलाईन जमा कर देना होगा। मुख्यमंत्री मंईयां योजना का लाभ 21 वर्ष से 50 वर्ष तक की वैसी महिलाओं को मिलेगा, जो अन्य किसी पेंशन योजना का लाभ नहीं ले रही हैं। मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर कार्ड, आधार लिंक्ड बैंक खाता और झारखंड की निवासी होना जरूरी है।

प. बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सीएम हेमंत से की बात, विचार का किया आग्रह

# झारखंड से अचानक और अधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने पर बंगाल में बाढ़ जैसे हालात, डीवीसी पर भी उठाए सवाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के बांधों से पानी छोड़ने के मुद्दे पर रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात की और उनसे विचार करने का अनुरोध किया। बनर्जी ने कहा कि झारखंड से पानी छोड़े जाने के कारण पश्चिम बंगाल में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है। ममता बनर्जी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात करके उनसे बंगाल में बाढ़ की स्थिति पर चर्चा की। कहा कि तेनूघाट से अचानक और अधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने से पश्चिम बंगाल में बाढ़ की नौबत है। उन्होंने कहा कि दक्षिण बंगाल और उत्तर बंगाल के सभी जिलाधिकारियों से बात कर उन्हें अगले 3-4 दिनों में किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सतर्क रहने और सभी एहतियाती उपाय करने के निर्देश दिए गये हैं। उन्होंने कहा कि डीवीसी, झारखंड और प. बंगाल में कई जलविद्युत परियोजनाओं का संचालन करता है। डीवीसी ने रविवार सुबह पंचेत और मैथन बांधों से 1.2 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा, जबकि शनिवार को 90 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा था। इधर इस मामले में डीवीसी मैथन के कार्यकारी निदेशक अंजनी दुबे ने कहा कि अब तेनुघाट से कम पानी छोड़ा जाएगा, क्योंकि वर्षा में कमी आयी है। मैथन और पंचेत से भी कम पानी छोड़ा जाएगा।



तेनूघाट डैम से छोड़ा जा रहा पानी

### बाढ़ के लिए झारखंड सरकार जिम्मेदार नहीं : हिमंता विस्वा

**रांची।** पश्चिम बंगाल के अलग-अलग हिस्सों में इन दिनों भारी बारिश से बाढ़ जैसी स्थिति है। खासकर तेनूघाट (बोकारो) से छोड़े जा रहे पानी के कारण बंगाल में बाढ़ की स्थिति बनने की चर्चा की है। इस पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा ने रविवार को सोशल मीडिया (एक्स) पर कहा है कि वे दीदी का सम्मान करते हैं लेकिन पश्चिम बंगाल में आयी बाढ़ के लिए झारखंड सरकार जिम्मेदार नहीं है। दोनों सरकारों को लोगों की कठिनाइयों को कम करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।




हम की बैठक में बोले राष्ट्रीय अध्यक्ष, झारखंड, बंगाल और यूपी में भी करेंगे पार्टी का विस्तार

# झारखंड में भी विधानसभा चुनाव लड़ेगा हम




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक केंद्रीय मंत्री और इस पार्टी के संरक्षक जीतन राम मांझी की अध्यक्षता में रविवार को स्टेशन रोड स्थित एक होटल में हुई। बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते जीतन राम ने कहा कि 12-13 राज्यों के पार्टी प्रतिनिधि कार्यकारिणी की बैठक में शामिल हुए। समय समय पर पार्टी की यह बैठक पटना, दिल्ली सहित अन्य शहरों में हुई है। अब इसी क्रम में रांची में भी बैठक हुई है। इस तरह से देखें तो हम केवल बिहार की पार्टी नहीं रही, बल्कि देश की पार्टी हो गयी है। कार्यकारिणी की बैठक में संगठनात्मक मुद्दों सहित अन्य मसलों पर भी बात हुई है। देश में गरीब और अमीर की ही जाति है। हम पार्टी गरीब के लिए ही काम करती है। देश में सबसे ज्यादा गरीब ही रोजी रोटी के लिए माइग्रेट होते हैं। पैसे के अभाव में वे चाहकर भी अपने राज्य लौटकर वोट नहीं दे पाते। वे केंद्र सरकार से ऐसी पहल के लिए कहेंगे, जिससे गरीब लोग अपने वोटिंग के अधिकार का उपयोग कर सकें। मजदूर जहां भी काम के लिए जाते हैं, उनका रजिस्ट्रेशन अनिवार्य हो। जो कंपनी ऐसा न करे, उनके खिलाफ कार्रवाई हो। ऐसी व्यवस्था हो कि वे अपने गृह राज्य आकर वोट कर सकें। यह हम पार्टी के लिहाज से बेहतर होगा। मौके पर हम के अध्यक्ष और बिहार सरकार में मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन और राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजेश पांडेय समेत पार्टी विधायक और अन्य प्रमुख पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

### बिहार के साथ झारखंड में विस चुनाव पर नजर

जीतन राम ने बताया कि पार्टी की नजर बिहार के अलावा झारखंड के विधानसभा चुनाव पर भी है। इसके लिए पार्टी के कुछ लोगों को जिम्मेदारी दी गयी है कि वे देखें कि झारखंड, बिहार में कहां कहां चुनाव लड़ा जा सकता है। जीतन राम ने लोकसभा के एक सीट पर जीत के बावजूद पार्टी को केंद्र में मंत्री पद दिए जाने के लिए पीएम मोदी के प्रति आभार जताया। लघु उद्योग जैसे मंत्रालय को 48 लाख करोड़ का बजट दिए जाने और इसके जरिए छोटे उद्यमियों की मदद करने का मौका देने को भी खास बताया। कोटे में कोटा मामले पर सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले का स्वागत किया। राजद नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव का कोर्ट के फैसले पर पुनर्विचार याचिका दायर किए जाने के फैसले को उनका स्वार्थ बताया। वहीं,संतोष सुमन ने कहा कि कार्यकारिणी की बैठक में कई अहम फैसले लिए गये हैं। आने वाले समय में दूसरे राज्यों में भी कार्यकारिणी की बैठक होगी। डॉ संतोष कुमार सुमन ने कहा कि हम दूसरे राज्यों में अपने संगठन का विस्तार करेंगे। खासकर बिहार से सटे प्ि्रम बंगाल, उत्तर प्रदेश और झारखंड में। झारखंड में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव की संभावनाओं को भी हम तलाशेंगे। राजनीतिक प्रस्ताव लाए जाएंगे, जिस पर फैसला लिया जाना है।

## खबर एक नजर में

### मुख्यमंत्री हेमंत के बोल से राज्य में बाहरी-भीतरी मानसिकता को मिलेगा बल : जदयू

**रांची।** जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा कि मानसून सत्र के अंतिम दिन नेता सदन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इशारों - इशारों में रांची, जमशेदपुर, बोकारो और धनबाद ज़िले की जनसंख्या बढ़ाने के लिए बिहारियों को ज़िम्मेवार ठहराया है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड बिहार से ही बना है। जो लोग सदियों से झारखण्ड क्षेत्र में रह रहे हैं, झारखण्ड के आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक व्यवस्था में अपना योगदान देते आयें हैं और झारखण्ड की संस्कृति और आबोहवा में रम गए है, उन्हें बाहरी और घुसपैठिया कह बार-बार उनके स्वाभिमान को ठेस पहुंचाया जाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सोरेन से ऐसे वक्तव्य की अपेक्षा नहीं थी। सरकार में सहयोगी राजद भी इससे असहमत है। मुख्यमंत्री को अपने शब्द वापस लेने चाहिए। सागर कुमार ने कहा कि एक प्रान्त विशेष के प्रति इतनी नफरत ठीक नहीं है, वह भी तब जब वह पड़ोसी हो। देश का संविधान नागरिकों को किसी भी प्रदेश में रहने और कार्य करने का अधिकार देता है। मुख्यमंत्री का बयान बाहरी - भीतरी मानसिकता को बल देने वाला है। विधानसभा चुनाव सामने है, उससे ठीक पहले मुख्यमंत्री और उनके साथी विधायक का इस तरह का वक्तव्य पूर्णत: चुनावी लाभ के उद्देश्य से दिया गया है।

### झामुमो छोड़ कर दर्जनों ने भाजपा का दामन थामा



**रांची।** रविवार को भाजयुमो रांची जिला ग्रामीण के तत्वाधान में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में रांची जिला ग्रामीण के अंतर्गत युवा समाजसेवी सुमन कुमार के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा छोड़ कर भाजपा में शामिल हुये। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो रांची जिला ग्रामीण के अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल ने की। कार्यक्रम को मुख्य रूप से भाजयुमो के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज एवं सुबोध सिंह गुड्डू ने संबोधित किया। दोनों नेताओं ने युवाओं का पार्टी में स्वागत किया। कार्यक्रम का मंच संचालन अमिताभ कुमार धीरज ने किया। कार्यक्रम में सुमन कुमार के नेतृत्व में चंदन सिंह,डॉक्टर राजीव रंजन कुमार, डॉक्टर सत्यम, डॉक्टर पंकज, अजय तिवारी, मुन्ना राय, इलियास शेख आदि सकड़ों युवाओं ने भाजपा का दामन थामा। कार्यक्रम में रांची जिला ग्रामीण के अध्यक्ष विवेक आनंद जयसवाल, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा सिंह, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजन साहू, अशोक साहू, सत्यजीत सिंह, अमिताभ धीरज, संजीत सिंह आदि शामिल हुये।

### भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 : झारखंड पुलिस की साइट पर अपलोड हुई रिपोर्ट

**रांची।** आईजी प्रोविजन पंकज कंबोज के निर्देश पर झारखंड पुलिस की साइट पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत 11 मुख्य बिंदुओं को लेकर रिपोर्ट अपलोड की गयी है। जिनमें एफआईआर, जीरो एफआईआर, प्राथमिक जांच प्रतिवेदन, अपराध विवरण फॉर्म, गिरफ्तारी, कोर्ट में आत्मसमर्पण, तलाशी और जब्ती, फाइनल रिपोर्ट, गिरफ्तारी की सूचना, एफएसएल और प्रदर्श अग्रसरण रिपोर्ट शामिल है।

## 10 को राज्य भर के हाई स्कूल शिक्षक लगाएंगे काला बिल्ला



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बालकृष्ण प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ कि राज्य कार्यकारिणी की बैठक रविवार को आयोजित की गई । जिसकी अध्यक्षता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष यशवंत विजय ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की विभाग जल्द से जल्द प्रधानाध्यापक की नियुक्ति की नियमावली को संशोधित करते हुए वरीयता के आधार पर प्रधानाध्यापक नियुक्त करें एवं सभी शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ प्रदान करें। साथ ही वर्तमान में उत्कृष्ट विद्यालयों एवं आदर्श विद्यालय के नाम पर माध्यमिक शिक्षकों के साथ जो परीक्षा लेने के नाम पर उनके मान सम्मान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस पर आपत्ति व्यक्त किया गया और एक स्वर में यह कहा गया की यह माध्यमिक शिक्षकों के मान प्रतिष्ठा के खिलाफ है। इन मांगों के खिलाफ पूरे राज्य भर के सभी हाई स्कूल शिक्षक 10 अगस्त को अपने-अपने विद्यालयों में काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे और विभाग एवं सरकार के इस गलत निर्णय का विरोध करेंगे। इसके बाद भी विभाग अपने निर्णय एवं शिक्षकों के लंबित मांगों को पूरा नहीं करती है तो अगस्त माह के अंतिम शनिवार को सभी हाई स्कूल शिक्षक रांची में मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। बैठक में महासचिव रविंद्र प्रसाद सिंह संयुक्त सचिव ,वीरेंद्र कुमार सिंह कार्यकारी महासचिव रविंद्र कुमार चौधरी,प्रदेश विधि संयोजक सतीश दुबे ,प्रमंडलीय सचिव संथाल परगना विनय भगत सहित लोग मौजूद थे।

## दमखम के साथ विस चुनाव लड़ेगी भाकपा : रामकृष्ण

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद की दो दिवसीय बैठक में 20 से 25 सीटों पर चुनाव लड़ने की बनी सहमति



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद के राज्य कार्यालय में आहुत दो दिवसीय आदिवासी महासभा की बैठक रविार को संपन्न हो गया। परिषद के महासचिव पशुपति कॉल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य रूप से नवनिर्वाचित झारखंड के नए प्रभारी रामकृष्ण पांडा, पूर्व सांसद रमेद्र कुमार, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक उपस्थित थे। महासभा में सर्वप्रथम भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रभारी अतुल कुमार अंजान के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड के नए प्रभारी रामकृष्ण पांडा ने राष्ट्रीय परिषद की बैठक की रिपोर्टिंग करते हुए कहा कि तीसरी बार मोदी की सरकार जरूर बन गई लेकिन 400 पार की दावे खोखले साबित हुए, लोग मोदी को सत्ता से हटाना चाहते थे, लेकिन सही तरह से इंडिया गठबंधन की तैयारी नहीं होने से तीसरी बार केंद्र में मोदी की सरकार बन गई। मोदी सरकार का तीसरी बार सत्ता में आना देश के हित में नहीं है।

उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा के चुनाव में मजबूती से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को लड़ाई में उतरना है और किसी भी परिस्थिति में विधानसभा चुनाव जीतना है। उन्होंने कार्यकर्त्ताओं से आह्वान किया कि चुनाव के मद्‌देनजर सभी विधानसभाओं में फंक्शनिंग को तेज करने के साथ गांव-गांव में अभियान चलाकर के मतदाताओं को अपने पक्ष में करने, केंद्र सरकार की नाकामी को उजागर करने और दमखम से चुनाव लड़ने के लिए संघर्षरत रहना है। पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि राज्य में जल जंगल जमीन की हिफाजत की लड़ाई भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी लड़ रही है, हजारीबाग जिले के बड़का गांव में अदानी कोल ब्लॉक को रद्द करने, चतरा शिवपुर कठौतिया माइंस में बैठे धरना को फैसला कर समाप्त कराने और आगे की आंदोलन को विकसित करने की जरूरत है। पूर्व सांसद रमेद्र कुमार ने कहा की मजदूर किसान की एकता के बल पर आने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को लड़ना चाहिए। उन्होंने भी चुनाव की तैयारी में दम-खम से उतरने की बात कही। राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने राजनीतिक एवं संगठनीक रिपोर्ट पेश किया जिसे बहुमत से पारित कर दिया गया। महासभा की बैठक में निर्णय लिया गया कि झारखंड में पार्टी 20 से 25 सीटों पर दमखम के साथ चुनाव लड़ेगी।

बैठक में रामकृष्ण पांडा, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, पूर्व सांसद रमेद्र कुमार, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे, महादेव राम, कन्हाई मल पहाड़िया, पशुपति कॉल, के डी सिह, किसान सभा के महासचिव पुष्कर महतो, इम्तियाज खान, ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस के महासचिव अशोक यादव, लखन लाल महतो, बनवारी साह, गणेश महतो, रुचिर तिवारी, कृष्ण कुमार मेहता, अजय कुमार सिंह, प्रकाश रजक, जितेंद्र सिंह, गणेश प्रसाद सिंह, राजेंद्र यादव, स्वयंवर पासवान, इंद्रमणि देवी, सोनिया देवी, सुरेश ठाकुर आदि मौजूद थे।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा एवं प्रबुद्ध जनों की बैठक संपन्न



### राष्ट्रीय महामंत्री सह झारखंड प्रभारी भोला सिंह की अध्यक्षता में प्रतिपक्ष के नेता अमर बाऊरी सहित अन्य हुये शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री सह झारखंड प्रभारी भोला सिंह की अध्यक्षता में मोर्चा पदधारियों एवं प्रबुद्ध जनों की बैठक हुई। भोला सिंह ने विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को गठबंधन सरकार की नाकामियों को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने झारखंड के सभी अनुसूचित जाति छात्रावास में जाकर छात्रों से मुलाकात कर उनकी सूची बनाने की बात कही। सभी विधानसभा क्षेत्र के छात्रों से जुड़कर उनकी समस्याओं से रूबरू होना और पार्टी के नीति सिद्धांत के बारे में उन्हें जानकारी देने की बात कही। प्रदेश के सभी बस्ती में जाकर अनुसूचित जाति के लोगों से उनकी बातें सुनकर एवं उनकी समस्याओं से रूबरू होने के का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम करने, मां के नाम से पेड़ लगाना, प्रदेश के सभी छात्रावास एवं कॉलेज में जाकर वृक्षारोपण करने को कहा। उन्होंने 12 अगस्त से लेकर 14 अगस्त तक प्रदेश के सभी स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिमा पर माल्यार्पण करना और स्थानीय लोगों से मुलाकात करने का निर्देश दिया। इसके अलावा 15 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में सभी स्कूलों एवं कॉलेज में प्रदेश पदाधिकारी की सहभागिता का भी निर्देश दिया गया। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी और संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया। वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार की नाकामयाबियों को उजागर करना है। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक किशुन कुमार दास ने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में सभी प्रदेश के पदाधिकारियों को सभी जिलों में प्रवास करने को कहा। उन्होंने चुनाव जीतने का मंत्र भी समझाया। बैठक को अमर बाउरी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जीतू चरण राम,नीरज पासवान सहित दर्जनों उपस्थित थे।

### सदानों की उपेक्षा के लिए सभी राजनेता दोषी : राजेन्द्र प्रसाद

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों के अधिकारों की बात करना सभी राजनीतिक दलों के राजनेताओं को मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा कि मूलवासी सदानों के अधिकार की बात करने वाले को यह सबसे बड़ा दुश्मन समझते हैं। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि ऐसे ना समझ नेताओं के ऊपर तरस आती है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा जिस दिन मूलवासी सदानों की राजनीति पार्टी बन गई उस दिन फिर राष्ट्रीय दलों का अस्तित्व खतरा में पड़ जाएगा। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड में कुछ राजनीतिक दल के नेता आदिवासी और मूलवासी सदानों के बीच भाषा के नाम पर मतभेद पैदा करना चाहते हैं, जिससे झारखंडियों का अस्तित्व ही खतरे में पड़ सकता है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों को इसी पीढ़ी में उनका अधिकार दिलाने की बात कही । कहा इसके लिए मूलवासी सदानों के छात्र ,युवा, और शिक्षाविदों से विचार कर निर्णायक लड़ाई लड़ने की बात कही।

लॉ एंड ऑर्डर को लेकर राज्य सरकार पर जमकर बरसे संजय सेठ, कहा

## गठबंधन सरकार हर मोर्चे पर फेल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि गठबंधन सरकार हर मोर्चे पर फेल है। श्री सेठ रविवार को अरगोड़ा स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। राज्य सरकार का अपराधियों को है खुला संरक्षण। उन्होंने कहा कि यह कैसा शहर है, जहां पत्रकारों पर भी हमले हो रहे हैं। वकील की हत्या हो रही है। समाज को सुरक्षा देने की जिम्मेदारी निभाने वाला दरोगा भी सुरक्षित नहीं है। यह स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करता है कि राज्य की सरकार का अपराधियों को खुला संरक्षण प्राप्त है। झामुमो, कांग्रेस और राजद के साथ वामपंथियों के गठबंधन से चल रही सरकार ने अपराधियों को खुली छूट दे रखी है। इसलिये अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थित है कि जिस राजधानी में मुख्यमंत्री रहते हैं। सरकार के सभी मंत्री रहते हैं। वहां दिनदहाड़े वारदात हो जा रही है। जब दारोगा और वकील सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स और नशा बेचने वालों पर लगाम लगायें। इसका कनेक्शन अपराधिक जगत से भी होता है। नि्ि्रत रूप से यह व्यवस्था हमें बिहार के जंगल राज की याद दिला रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार सिर्फ और सिर्फ जनता को धोखा देने का काम कर रही है। पिछले वर्ष भी जल जमाव की ऐसी समस्या राजधानी में हुई थी। तब भी मैंने सरकार को आगाह किया था। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि जब गर्मी के दिनों में बरसात की योजनाएं तैयार करनी थी। जब पूरी राजधानी पानी पानी हो गई थी, तो सरकार का एक भी नुमाइंदा जनता की सुध लेने को तैयार नहीं दिखा। उन्होंने राज्य सरकार को आगाह किया कि सरकार की कार्यप्रणाली नहीं सुधरी, तो राज्य की जनता इनकी ईट से ईंट बजा देगी।

एक नई पहल की है। श्री सेठ ने आज सर्दियों में जरूरतमंदों के लिए ऊल बैंक खोलने की घोषणा की है। इस निमित्त अपने केंद्रीय कार्यालय में सांसद ने पत्रकार वार्ता की। इससे संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ठंड में एक बड़ी आबादी हैए जिसे गर्म कपड़े उपलब्ध नहीं हो पाते। ठंड की ठिठुरन कई बार उनकी जान ले लेती है। ऐसे बच्चेए महिलाएंए बुजुर्गए सभी वर्ग के लोग इस समस्या से रूबरू होते हैं। नि्ि्रत रूप से यह समाज की भी जिम्मेदारी बनती है कि उन लोगों को हम ठंड से बचाए। इसी उद्देश्य के साथ रांची में ऊल बैंक आरंभ किया गया है। यह बैंक इसलिए इतनी जल्दी आरंभ किया गया है ताकि सर्दियों के शुरू होते ही जरूरतमंदों तक गर्म कपड़े पहुंच सकें।

श्री सेठ ने कहा कि रांचीवासियों ने बुक बैंक और टॉय बैंक में मुझे भरपूर सहयोग किया। यही वजह रही कि बुक बैंक के माध्यम से हम 3 लाख से अधिक पुस्तक बांट सके। टॉय बैंक के माध्यम से 70 हजार से अधिक खिलौने का वितरण जरूरतमंद बच्चों के बीच किया। अब समाज से मैं एक बार फिर आग्रह करता हूं कि आप अपनी जिम्मेदारी उन लोगों के लिये भी निभायें, जिनके पास ठंड से बचने के लिये गर्म कपड़े नहीं होते है। उन्होंने रांची के नागरिकों से आ‍ान किया है कि आपके घर में पुराने गर्म कपड़े पड़े हैं, उन कपड़ों को साफ सुथरा करके मेरे केंद्रीय कार्यालय में जमा करें। यह कपड़े शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्र के जरूरतमंदों तक पहुंच जायेंगे। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह भी मौजूद थे।

# विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने शुरू की तैयारियां

भाजपा-आजसू ने बूथ स्तर पर प्रवास कार्यक्रम शुरू किया है, वहीं, इंडिया फोल्डर के झामुमो-कांग्रेस व राजद ने भी कार्यकर्ताओं को चुनावी टास्क दी

उदय चौहान

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी तेज हो गयी है। विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान भी विधायक पूरी तरह चुनावी मोड में नजर आये। एनडीए फोल्डर से भाजपा व आजसू ने बूथ स्तर पर तैयारी शुरू की है। भाजपा ने मंडलों में प्रवास कर सांगठनिक मजबूती देने का काम शुरू किया है। भाजपा ने गठबंधन सरकार की नाकामियों एवं केद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की मुहिम शुरू कर दी है। पार्टी के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान एवं सह प्रभारी हिमंता बिश्व सरमा ने संथाल परगना में बंगलादेशी घुसपैठियों को सरकारी संरक्षण देने का मुद्दा उठाया है। नेताद्वय ने इस मुद्दे पर गठबंधन सरकार को घेरने की रणनीति बनायी है। बीते शुक्रवार को भी हिमंता बिश्व सरमा ने रांची के अलावा जमशेदपुर में कार्यकर्ताओं संग बैठक कर चुनावी तैयारी में जुटने का आह्वान किया । इधर, झामुमो में भी सांगठनिक गतिविधयां तेज हो गयी है। पिछले सप्ताह प्रमंडलवार बैठक कर कार्यकर्ताओं को गठबंधन सरकार की उपलब्धियों को गांव-गांव पहुंचाने को निर्देशित किया गया है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने चुनाव को लेकर पार्टी नेताओं संग बैठक की है। इसी प्रकार राजद कार्यकर्ताओं ने भी चुनावी तैयारी शुरू कर दी है। विभिन्न दलों ने संभावित उम्मीदवारों का चयन शुरू किया है। इसके लिये दलों के भीतर लॉबिंग शुरू हो गयी है।

जानकारी के अनुसार आगामी शीतकालीन सत्र से पहले सदन में विधायक चुन लिये जायेंगे। सत्ता पक्ष और विपक्ष के तमाम रणनीतिकार आगामी सितंबर माह में अधिसूचना जारी होने की अटकलें लगा रहे हैं। इसी के मद्‌देनजर चुनावी कार्यक्रम तय किये जा रहे हैं।

इस बात की भी प्रबल संभावना है कि झारखंड में चुनाव महाराष्ट्र और जम्मू कश्मीर के साथ करा लिया जाये। ऐसा हुआ तो सितंबर माह में कभी भी चुनाव की घोषणा हो सकती है। अन्यथा अक्टूबर में तो घोषणा होगी ही। सभी दलों ने अभी से बूथ स्तर तक के कार्यक्रम तय कर उम्मीदवारों की तलाश शुरू कर दी है। झामुमो- कांग्रेस और राजद का गठबंधन जहां उन सीटों पर अधिक फोकस कर रहा है, जहां पिछली बार जीत मिली थी और जिन सीटों पर कुछ ही वोटों से हार हुई थी।

दूसरी ओर, विपक्षी पार्टियों में भाजपा और आजसू अधिक से अधिक सीट जीतकर राज्य में सत्ता पर काबिज होना चाहती है। इस गठबंधन में जदयू भी जगह बनाता दिख रहा है। इधर, झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति ने भी दो दर्जन से अधिक सीटों पर तैयारी शुरू कर दी है।

### आठ जिलों से 94 अपराधकर्मी गिरफ्तार

**रांची।** रांची जोन के आठ जिलों में संपत्ति मूलक अपराध के अपराधकर्मी के विरूद्ध छापेमारी किया गया। छापेमारी में 94 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया। इसमें रांची में 35, गुमला में 20, जमशेदपुर में 19, सराइकेला-खरसावां में 12, चाईबासा में छह, खूंटी में दो अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया है।

### अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे रांची पुलिस : मेहुल प्रसाद



**रांची।** राजधानी में हाल के दिनों में बढ़ती हत्याओं और अपराध की घटनाओं ने शहरवासियों में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। आम जनता के साथ-साथ अब कानून के रखवाले, वकील और पुलिसकर्मी भी अपराधियों के निशाने पर आ रहे हैं। झारखण्ड प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव मेहुल प्रसाद ने इस गंभीर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए रांची पुलिस प्रशासन से तत्काल और सख्त कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि रांची शहर में लगातार हो रही हत्याएं और अपराध न केवल हमारे शहर की शांति और सुरक्षा को खतरे में डाल रही हैं, बल्कि आम जनता का विश्वास भी डगमगा रहा है। ऐसे में रांची पुलिस प्रशासन का सक्रिय होना अत्यंत आवश्यक है।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

सोमवार 05.08.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 108

epaper.khabarmantra.net

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित — सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

### अंतर विभागीय टेबल टेनिस, कैरम एवं चेस प्रतियोगिता संपन्न

■ डीआरएम ने विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत




**धनबाद।** मंडल क्रीड़ा संघ की ओर से रेलवे स्टेडियम में अंतर विभागीय टेबल टेनिस, चेस और कैरम प्रतियोगिता का समापन रविवार को हो गया। डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में 250 से ज्यादा रेलवे के अधिकारी, कर्मचारी और उनके बच्चे शामिल हुए। प्रतियोगिता को सफल बनाने में दिलीप कुमार,आमिर हाशमी, शुभ्रांकर सरकार, सुनील कुमार आदि ने सराहनीय योगदान दिया। मौके पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा गरिमा सिन्हा, अपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा अमित कुमार, मंडल क्रीड़ा अधिकारी सह वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजीत कुमार, वरिय मंडल अभियंता समन्वय प्रदीप कुमार, वरीय मंडल अभियंता(2) आशीष कुमार, वरीय मंडल अभियंता (3) सोनू कुमार, सहायक क्रीड़ा अधिकारी सह सहायक मंडल वित्त प्रबंधक हर्षवर्धन सिंह एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### चिटाही धाम मार्ग पर बने गोफ की बीसीसीएल प्रबंधन ने की भराई



**कतरास।** बरोरा थाना क्षेत्र के मुराईडीह से चिटाही धाम जाने वाले मुख्य मार्ग पर शनिवार को भू धंसान से बने गोफ को आज दूसरे दिन बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र के मुराईडीह कोलियरी प्रबंधन ने ओबी गिराकर बंद कराया। बताते चलें कि गिराए गए ओबी में कोयला लूटने की होड़ सी मच गई। इस कारण गोफ की भराई में अफरा तफरी का माहौल रहा। हालांकि सी आई एस एफ जवानों के आने के बाद कोयला लूटने वाले भाग खड़े हुए। प्रबंधन द्वारा गोफ की भराई के लिए सड़क को काटकर ओबी डाला जा रहा है। इस मौके पर मुराईडीह कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी काजल सरकार, सेफ्टी आफिसर पी के पांडेय एवं वरीय ओवरमेन नवल किशोर मौजूद थे।

### निवर्तमान जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार को दी विदाई

**धनबाद।** शिक्षकों की ओर से रविवार को आमंत्रण रिसोर्ट में निवर्तमान जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार और क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी को विदाई दी गई। निवर्तमान जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार ने कहा कि धनबाद के शिक्षकों से जो प्यार मिला है, उसे संजो कर रखेंगे। समारोह में वर्तमान जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार का स्वागत किया गया। बता दें कि धनबाद के अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी आयुष कुमार को स्थानांतरित करते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक बना दिया।

# शिव मंदिर के पीछे जोरदार आवाज के साथ भूधंसान से घरों में पड़ी दरार

**निरसा क्षेत्र फटका के पांडेयडीह बस्ती के लोग दहशत में**



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** निरसा थाना क्षेत्र के फटका स्थित शिव मंदिर के पीछे शनिवार की देर रात जंगल में भारी आवाज के साथ लगभग सौ मीटर लम्बा और दस मीटर गहराई में भू धंसान से पांडेयडीह तीन नंबर बस्ती के लोग दहशत में हैं। भू धंसान से घरों में दरारें पड़ गई हैं। हालांकि जानमाल की क्षति नहीं हुई है। भयभीत लोगों का कहना है कि भू धंसान अवैध कोयला खनन का परिणाम है। यह पहली घटना नहीं है। इसके पहले भी भू धंसान हुई है और घरों में दरारें पड़ी हैं। घटनास्थल के निकट कोयला से भरी बोरी देखी जा सकती है। डर के मारे लोग सड़क पर आ गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब वो अवैध कोयला खनन का विरोध करते हैं तो कारोबारियों द्वारा उन्हें डराया-धमकाया जाता है। उनका कहना है कि वो भय के साये में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने घटना की जानकारी ईसीएल प्रबंधन, विधायक, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन को भी दी। बावजूद सकारात्मक पहल नहीं की गई। अगर समय रहते इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो कभी भी यहां भयावह स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

## अपराधियों के हमले में घायल की मौत, परिजनों ने की सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के पचंबा थाना क्षेत्र के पेसराबहियार निवासी प्रभु दास की रांची में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत से मर्माहत परिजनों और स्थानीय लोगों ने रविवार की सुबह चेताडीह मुख्य मार्ग को जाम कर दिया, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। सामाजिक कार्यकर्ता मनोज साहू, झामुमो नेता शहनवाज अंसारी सहित कई लोग भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढाढ़स बंधाया। साथ ही प्रशासन से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मृतक के परिजनों ने बताया कि 1 अगस्त की रात को करीब 9 बजे प्रभु दास घर के बाहर घायल अवस्था में मिला था। उसे सदर अस्पताल ले गए, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। कहा कि पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। सड़क जाम की सूचना पाकर पचंबा थाना प्रभारी मंटु कुमार दल बल के साथ पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर सड़क जाम हटाया। थाना प्रभारी मंटु कुमार ने मृतक के बेटे को दाह संस्कार के लिए 5 हजार देने के साथ मामले में जल्द दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## ओबीसी कोयलांचल महासभा ने किया सांसद ढुल्लू महतो को सम्मानित

**अभिनंदन समारोह में धनबाद, बोकारो और गिरीडीह के लोग भी मौजूद**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** ओबीसी कोयलांचल महासभा द्वारा रविवार को अभिनन्दन सह सम्मान समारोह का आयोजन धनबाद के न्यू टाउन हॉल में किया गया। समारोह में ओबीसी समाज की 55 जातियों के लोगों ने सांसद ढुल्लू महतो का स्वागत और अभिनन्दन किया। लोक सभा चुनाव में विजयी होने के बाद पहली बार इस तरह के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में धनबाद, बोकारो और गिरीडीह से ओबीसी समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए। बातचीत में सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि ओबीसी समाज का यह सम्मान समारोह चुनाव के बाद पहली तरह का आयोजन है। ओबीसी सहित हर समाज ने चुनाव से पहले और चुनाव के बाद भी समर्थन दिया है। उसी का परिणाम है कि माफिया के मुंह पर तमाचा लगा है और भारी बहुमत से जीत मिली है। ओबीसी महासभा के संयोजक ने कहा कि पहली बार धनबाद में ओबीसी समाज का जनप्रतिनिधि मिला।

## कुमारधुबी बगानधौड़ा में धूमधाम से हुई मां रक्षा काली की पूजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** कुमारधुबी बगानधौड़ा पूजा कमेटी की ओर से मां रक्षा काली की पूजा धूमधाम से हुई। हर्षोल्लास के साथ मांदर की थाप पर मां काली की मूर्ति की स्थापना की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु इकट्ठा हुए और पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारी धीरेंद्र चक्रवर्ती ने बताया कि विगत 88 सालों से पूजा होती रही है। मान्यता है कि एक बार कुमारधुबी के बगानधौड़ा में महामारी के रूप में चिकन पॉक्स फैला था, जहां रोजाना दो से तीन मौतें हुआ करती थी। उसी वक्त मां रक्षा काली की पूजा शुरू की गई और उसके बाद से ही महामारी पूरी तरह खत्म हो गई। पूजा कमेटी के संयोजक अमरेश चक्रवर्ती ने बताया कि आज के ही दिन हर वर्ष मां रक्षा काली की पूजा धूमधाम से की जाती रही है। सूरज ढलने के बाद कच्ची मिट्टी से तैयार मूर्ति लाई जाती है और पूरी रात पूजा-अर्चना की जाती है। रात में ही बलि दी जाती है। फिर सुबह चार बजे मूर्ति को कंधे पर लादकर पास के ही पोखर में विसर्जित कर दिया जाता है।

### आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिन जड़ी बूटी दिवस के रूप में मना

**सिंदरी।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के संचालक आचार्य बालकृष्ण महाराज के जन्मदिन पर प्रत्येक वर्ष की तरह रविवार को सिंदरी के रोहड़ाबांध दुर्गोत्सव समिति ने जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया। अहले सुबह योग कक्षा में हवन किया गया। इसके बाद पतंजलि योग शिक्षक उमाशंकर सिंह ने जड़ी बूटी की जानकारी दी और औषधीय पौधों का वितरण किया। गिलोय, भूमि आंवला, मकोई, कदम, घृतकुमारी, पत्थरचट्टा, दूधी सदाबहार सफेद, गुलाबी अश्वगंधा, गूलर, कुंदक, पालस सहित अन्य औषधीय वस्तुओं के उपयोग की जानकारी दी गई। मौके पर प्रखंड बलियापुर सिंदरी के योग शिक्षक रविंद्र प्रसाद, नितिन महतो आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना झारखंड सरकार का चुनावी जुमला

**सालाना 5 लाख युवकों को नौकरी देने का वादा नहीं किया गया पूरा**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सांसद ढुल्लू महतो ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को वर्तमान सरकार का चुनावी जुमला बताया है। अबुआ आवास योजना को भी छलावा बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झामुमो की सरकार ने अपने घोषणा पत्र में सालाना 5 लाख युवकों को नौकरी या बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी। इस वादे को सरकार ने पूरा नहीं किया। सांसद ढुल्लु महतो रविवार को धनबाद परिसदन में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि धनबाद में एयरपोर्ट की मांग नागरिक उड्डयन मंत्री के समक्ष रखी है। मंत्री ने कहा है कि इस प्रस्ताव को राज्य सरकार के पास भेज दिया गया है। राज्य सरकार जैसे ही जमीन चिन्हित करेगी, एयरपोर्ट निर्माण की दिशा में कार्य प्रारम्भ कर दिया जाएगा। धनबाद की लंबित मांग फ्लाई ओवर पर भी काम जल्द शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना में निजी अस्पतालों द्वारा घोटाले की शिकायतें मिल रही हैं। विरोध में सभी निजी अस्पतालों के समक्ष धरना देंगे। धरना की तिथि की घोषणा 12 अगस्त के बाद की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्राइवेट अस्पताल इलाज के नाम पर मनमाना चार्ज ले रहे हैं, जबकि सभी अस्पतालों का रेट एक समान होना चाहिए और इसके लिए उपायुक्त के नेतृत्व में एक कमेटी बननी चाहिए। सांसद ढुल्लु महतो ने प्रेस वार्ता में केंद्र सरकार द्वारा पेश बजट पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केद्र सरकार ने अपने बजट में हर वर्ग और समाज के हर समुदाय को ध्यान में रखा है। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सबकी चिंता इस बजट में झलकती है। प्रेस वार्ता में पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, पूर्व जिप सदस्य प्रियंका पाल, सतेंद्र कुमार, संजय झा, मानस प्रसून, मिल्टन पार्थ सारथी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जड़ी-बूटी दिवस पर पौधरोपण और फलदार पौधों का वितरण

**आचार्य बालकृष्ण के जन्म दिवस पर औषधीय पौधों के गुण बताए गए**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** पंतजलि योगपीठ, निरसा द्वारा पंजाबी मिलन में रविवार को आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिन जड़ीबूटी दिवस के रूप में मनाया गया। मौके पर पंतजलि योगपीठ के जिला संयोजक मनजीत सिंह ने कहा कि आचार्य चरक, सुश्रुत, धन्वंतरी के साथ महर्षि पतंजलि के ज्ञान विज्ञान और शोध से हम सभी को परिचित कराने वाले तथा आयुर्वेद को घर घर पहुंचाने वाले आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण जी महाराज के अवतरण दिवस को हम जड़ी बूटी दिवस के रूप में मना रहे हैं। इस अवसर पर अनेक प्रकार के औषधीय एवं फलदार पौधों का वितरण कर उनके लाभ बताए गए। जिला संयोजक, जिला प्रभारी रविंद्र प्रधान व जिला मीडिया प्रभारी मनोज सिंह ने औषधीय पौधों के गुण पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कन्हैया प्रसाद, युवा प्रभारी विजय विशाल, योग शिक्षक तरुण अग्रवाल, रंजीत कुमार साव, मगन राय, संतोष पाल, मंसाराम पाल, राजकुमार साव, विपिन सिंह, सुशील अग्रवाल, मुन्ना प्रसाद, उपेंद्र सिंह, विपिन सिंह, रुद्र कुमार, नवल साव, प्रिंस कुमार, जीवन राम, गंगा यादव, बसदेव यादव, मंजू रानी पाल, मुन्नी देवी, मुन्नी सिंह, प्रीति कुमारी, पीहू दास, रुचिका खंडेवाल, मंजू देवी, सरिता साव, अंजली कुमारी, सरिता अग्रवाल बिमला देवी निर्मला देवी, ज्योति देवी आदि मौजूद थे।



**पंचेत में किया गया पौधरोपण**

हाम्रो स्वाभिमान न्यास द्वारा आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस पर पंचेत में डैम के किनारे पीपल, नीम, बरगद आदि के कुल 51 पौधे लगाए गए। पौधरोपण में न्यास के प्रांत अध्यक्ष शेष नारायण पाण्डेय, चम्पा सरकोटा, तुलसी थापा, सुब्बा, मीना तमाग, विष्णु तमाग, कृष्णा तमाग, शिव बहादुर, कष्णा प्रसाद, राजू थापा, लाल कुमार श्रेष्ठ, शंकर श्रेष्ठ आदि मौजूद थे।

## सिंदरी कांवरिया संघ का जत्था बाबाधाम रवाना

● थाना प्रभारी ने नारियल फोड़कर सभी को यात्रा पर भेजा



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी ।** ऊं श्री साईं टूर एंड ट्रेवल्स के सौजन्य से रविवार को सिंदरी कांवरिया संघ का जत्था बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए सिंदरी कुंवर सिंह चौक से रवाना हुआ। जत्था को सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार ने नारियल फोड़कर रवाना किया। सिंदरी थाना प्रभारी ने कहा कि पवित्र माह सावन में मनोकामना ज्योतिर्लिंग का दर्शन अतुलनीय है। कांवरियों का जत्था बाबा के दर्शन कर विश्व शांति की कामना करता है। ऊं श्री साईं टूर एंड ट्रैवल्स के संचालक रंजीत निषाद ने बताया कि दो वातानुकूलित बस, 1 स्कार्पियो चारपहिया वाहन और डीजे की धुन पर 150 यात्रियों का जत्था रवाना हुआ। यह जत्था बाबा बैद्यनाथ पर जलाभिषेक के लिए सोमवार को सुल्तानगंज से गंगा जल उठाएगा। यात्रियों की सुविधाओं का ख्याल रखने के लिए 11 सेवादारों का दल सहयोग करेगा। कांवरियों का जत्था रवाना के समय सिंदरी थाना एसआई सदानंद सिंह, रंजीत कुमार निषाद, राजकिशोर गिरी, रोहित सिंह उर्फ रॉनी, अयान धर, अमित सिंह, विवेक शर्मा, रोहित सिंह, शैलेश कुमार, अंकित सिंह, दिलीप कुमार सिंह, गणेश कुमार, सन्नी सिंह, अमन ठाकुर, सिंटू सिंह, पूर्व पार्षद दिनेश सिंह, रणधीर सिंह, समीर बाउरी, कामेश्वर सिंह, रासबिहारी सिंह, संजय सिंह मौजूद थे।

# बोल बम के जयकारे से गूंज रहा कांवरिया मार्ग

**मंहगाई और विद्युत संकट प्रशासन के नियंत्रण से बाहर**

गिरधारी लाल जोशी



**देवघर।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले में आने वाले कांवड़ियों को दो तरह की मार झेलनी पड़ रही है। महंगाई और बिजली की मार से ये तबाह हैं। सावन के पहले रखरखाव के नाम पर स्थानीय लोगों ने बिजली की किल्लत झेली। अब बारिश की फुहार के बीच बिजली गुल है। प्रशासन ने महंगाई पर रोक लगाने के ख्याल से सुलतानगंज से लेकर देवघर और बासुकीनाथ में भी प्रसाद से लेकर खाने के भोजन तक की कीमत तय कर रखी है। लेकिन कोई भी दुकानदार सरकारी दाम पर कुछ भी बेचने को तैयार नहीं है। नतीजतन परेशानियों का सबब बाबा के दरबार में भी पीछा नहीं छोड़ रहा है।

**बिजली की हो रही अनियमित आपूर्ति**

हैरत की बात यह है कि सत्संग, छतीसी, हिरणी,कुंडा, विलासी, बमपास्ट टाउन, करनीबाग, बगैरह मोहल्लों में बिजली एक महीने पहले रखरखाव के नाम पर काटी गई। तो अब बिजली गुल रहने का मतलब क्या है। दरअसल जूनियर से लेकर कार्यपालक अभियंता मलाई खा रहे है। इनकी बिजली डायरेक्ट लिए कनेक्शन वाले दुकानदारों को जा रही है। ऐसा पता चला है। कोई अधिकारी इस संबंध में कुछ भी बोलने तैयार नहीं है। ग्रामीण इलाकों की दशा तो और ज्यादा खराब है। वहां तो रात – रात भर बिजली गुल है। प्रशासन और सरकार का जितना दावा सुविधाओं का है। वैसा है नहीं। सावन जैसे – जैसे बीत रहा है वैसे – वैसे सरकारी इंतजाम बम बोल रहा है। जुलाई में बारिश का मौसम उफान पर रहता है। लेकिन बिहार में 60 फीसदी कम वर्षा हुई है। अगस्त शुरू होते ही बारिश हुई। कमोवेश यही हाल झारखंड का है। जो तमाम तैयारियों की पोल खुल गई। सड़कें जगह – जगह टूट गई। अतिक्रमण की गई सड़कों के कारण जाम हो गया। बिजली गुल हो गई। जल जमाव और नालियां उफन आई। नालियों का कचरा सड़कों पर बहने लगा। और तो और बासुकीनाथ , जामताड़ा , चितरंजन तक की रेलवे पटरियां बारिश के पानी से डूब गई। ये झारखंड का इलाका है।

**पेड़ा-प्रसाद का अर्थशास्त्र**

सरकारी रेट वाले प्रसाद के पेड़े मटमैले है। और मक्खियां भिनभिना रही है। मनमाने रेट वाला पेड़ा थोड़ा साफ है। और ढके है। देवघर आने वाले श्रद्धालु प्रसाद के नाम पर पेड़े, मखाना, बद्दी, चूड़ा, सिंदूर और परिवार के लिए लाल – हरी चूड़ियां जरूर खरीदते है। जो काफी महंगे है। भागलपुर डिवीजन के सुलतानगंज और बांका इलाके और मुंगेर की सीमा से लगे कांवड़िया रास्ते में करीबन तीस हजार से ज्यादा दुकानें है। लेकिन बिजली के कनेक्शन लोगों ने अस्थाई समय के लिए केवल पांच सौ के आसपास लिए है। बाकी लोग अवैध बिजली से अपनी दुकानें रौशन कर रहे है। यही हाल देवघर क्षेत्र का है। देवघर और दुमका जिले में क्रम से बाबा बैद्यनाथ और बासुकीनाथ धाम है। लेकिन यहां बिजली की समस्या ज्यादा विकराल है। देवघर बमपास्ट टाउन इलाके के वाशिंदे संजय भारद्वाज, अनिता शर्मा , अतिशय भारद्वाज व रमण ने बताया कि बिजली की किल्लत पिछले दो महीने से झेल रहे है। बिजली आने का कोई भरोसा नहीं है। और न जाने का। बाबा के भरोसे है।

### जन अधिकार मंच का रक्तदान शिविर 14 अगस्त को

**सिंदरी।** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले 14 अगस्त को एसपीएम कॉलेज में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। शिविर जन अधिकार मंच की ओर से लगाया जाएगा। इस उद्देश्य से रविवार को सिंदरी के रोहड़ाबांध में बैठक हुई। मंच के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि प्रतिवर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रक्तदान करने की परंपरा है। रक्तसंग्रह में एसएनएमएमसीएच धनबाद की मेडिकल टीम सहयोग करती है। उन्होंने बताया कि युवाओं की तरह पिछले वर्ष शिविर में महिला शक्ति ने भी 7 यूनिट रक्तदान किया था। बैठक में डॉ परवेज, देवनन्दन सिंह, सौरभ सिंह, बिनोद राम, कुमार राजेश, मनीष श्रीवास्तव, परेश गोराई, विकास महतो, दीपक रजक, विकास माली, विदेशी सिंह एवं सत्यदेव सिंह आदि मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## सावन की हरियाली अमावस्या पर मनाया गया शनि जन्मोत्सव



**धनबाद।** शनि देव का जन्मोत्सव स्टील गेट धनबाद में बड़ी धूम धाम से मनाया गया। यहां प्रति वर्ष सावन की हरियाली अमावस्या पर शनि देव का जन्मोत्सव मनाया जाता है। जन्मोत्सव में भक्त पूजा, हवन कर प्रसाद ग्रहण किया। फिर शाम को आरती में भी भाग लिया। श्रद्धालुओं की सुविधा भी पूरा ध्यान रखा गया। पंडाल की सजावट भी सुंदर ढंग से की गई थी। बीच में एक बड़ा सा हवन कुंड बनाया गया था, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने हवन किया। मौके पर पुजारी सुभाष भार्गव, पुजारी मंगल भार्गव और पुजारी सूरज भार्गव द्वारा किया गया।

# पानी की समस्या से परेशान बालिका विद्यालय की 200 छात्राओं ने छोड़ा स्कूल

**योजनाओं को पलीता लगा रहे सरकारी बाबू**

- इसी साल चंपाई सोरेन ने किया था विद्यालय का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** कोयलांचल में सरकार का बेहतर शिक्षा देने का दावा फेल हो रहा है। अधिकारियों के उदासीन रवैये के कारण सरायढेला बगुला बस्ती स्थित बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राएं विद्यालय छोड़ने के लिए विवश हैं। बताया जाता है कि आवासीय परिसर में पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण छात्राएं घर लौट रही हैं। अब तक 200 से अधिक छात्राएं स्कूल छोड़ चुकी हैं। इतना ही नहीं विद्यालय तक पहुंचने के लिए सड़क की भी व्यवस्था नहीं है। ज्ञात हो कि 4.4 करोड़ की लागत से बने इस आवासीय विद्यालय का उद्घाटन इसी साल 26 जून को तत्कालीन सीएम चंपाई सोरेन ने बिरसा मुंडा खेल मैदान से किया था। अधिकारियों ने आनन फानन में विद्यालय का उद्घाटन तो करा दिया, लेकिन पानी की व्यवस्था करना भूल गए। स्कूल की वार्डन मोनिका भट्टाचार्य ने बताया कि 24 जुलाई को जब पुराने कोलाकुसमा बालिका आवासीय विद्यालय से छात्राओं को बगुला स्थित नए आवासीय विद्यालय में शिफ्ट किया गया, तब यहां छात्राओं की कुल संख्या 317 थी, जो अब मात्र 85 रह गई हैं। शेष छात्राएं आवासीय विद्यालय छोड़कर जा चुकी हैं। इसकी वजह पानी है। परिसर में तीन बोरिंग कराई गई थी, परंतु तीनों बोरिंग सूख गए। फिलहाल विद्यालय का पठन-पाठन पभावित न हो, इसके लिए टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जा रही है। खाना बनाने और पीने के लिए बोतलबंद पानी का उपयोग किया जा रहा है। लेकिन यह व्यवस्था छात्राओं के लिए कम पड़ जा रही है। जब तक पानी का स्थायी समाधान नहीं होगा, तबतक परेशानी तो रहेगी।

## जमीन विवाद में महिला की हत्या बेटे ने चाचा पर लगाया आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के हीरोडीह थाना क्षेत्र के बैरिया गांव में रविवार को जमीन विवाद में एक महिला की हत्या हो गई। मृतका मुस्तकीम अंसारी की पत्नी रबिया खातून की हत्या धारदार हथियार से सिर पर वार कर की गई। मृतका रबिया के पुत्र ने बताया कि उसे हल्ला होने पर घटना की जानकारी हुई। उसने बताया कि सुबह उसकी मां मवेशियों को चारा दे रही थी। तभी पीछे से उसके सिर पर वार किया गया। मौके पर ही उसकी मां की मौत हो गई। बेटे ने मां की हत्या का आरोप अपने सगे चाचा समेत अन्य पर लगाया। कहा कि उसके चाचा से विवाद चल रहा था। चाचा और उसके दामाद ने एक एक कर पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दी थी। 10 दिन पूर्व फैसला भी हुआ था। बावजूद आज उसकी मां की हत्या कर दी गई। मृतका के बेटे ने मामले की उच्च स्तरीय जांच एवं कार्रवाई की मांग की है।



## झारखंड के सर्वांगीण विकास के लिए जेबीकेएसएस ही विकल्प: डिंपल चौबे



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जेबीकेएसएस, जेएलकेएम के महानगर अध्यक्ष डिंपल चौबे ने रविवार को एक कार्यक्रम में बताया कि झारखंड बने 24 वर्ष हो गए। हालांकि सभी राजनीतिक पार्टियों ने षड्यंत्र के तहत झारखंडियों को उनके अधिकारों से वंचित रखा। हमारी सरकार बनी तो झारखंड में स्थानीय नीति बेहतर तरीके से लागू की जाएगी। सभी युवाओं सहिता महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का काम सरकार करेगी। अब तक राज्य की जनता ने सभी दलों को भरपूर मौका दिया, लेकिन किसी ने स्थानीय नीति, रोजगार, व्यापार को धरातल पर उतारने का काम नहीं किया। केवल चुनाव के समय झूठा संकल्प पत्र बनाकर जनता को गुमराह करने का काम किया है। निश्चित रूप से अब झारखंड की जनता जाग चुकी है। विगत 24 वर्षों से सभी राजनीतिक दलों को समझ चुकी है और आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता वैसे दलों को मुंहतोड़ जवाब देगी । झारखंड को संवारने के लिए अब जेबीकेएसएस ही एक मात्र विकल्प है।

# इस्कॉन में भागवत कथा एवं कीर्तनोत्सव संपन्न

**नारू गोपाल प्रभुजी ने किया कथा वाचन**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जगजीवन नगर स्थित इस्कॉन में रविवार को सुबह 11 बजे भागवत कथा तथा कीर्तनोत्सव आयोजित किया गया। कथा वाचन मायापुर के विश्व प्रसिद्ध कथाकार एवं कीर्तनिया नारू गोपाल प्रभुजी द्वारा किया गया। इस्कॉन धनबाद के अध्यक्ष नामप्रेम प्रभुजी ने बताया कि किस तरह सभी शास्त्रों का मत है कि साधु की संगति और संतों की कृपा के बिना आध्यात्मिक सिद्धि संभव नहीं है। श्रीमद्भागवत में उल्लेख है कि यदि तराजू के एक तरफ स्वर्ग, सिद्धि तथा मुक्ति को भी रख दिया जाए तो भी वह दूसरी तरफ एक महा भागवत भक्त के क्षण भर के संग को नहीं तौल पाएगा। उन्होंने नारू गोपाल प्रभुजी का परिचय देते हुए बताया कि 10 वर्ष की मासूम आयु में जिस वक्त बच्चे खेल कूद के अलावा कुछ सोच नही पाते, प्रभुजी ने भक्तिमय और सिद्धांतपूर्ण जीवन चुना और माता पिता से आग्रह कर अपना दाखिला मायापुर गुरुकुल में कराया। 13 वर्ष गुरुकुल में अनेक विद्याओं तथा भक्ति शास्त्रों के सिद्धांतों पर कौशल प्राप्त कर कुछ ही समय में प्रभुजी को अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ के प्रधान केंद्र इस्कॉन मायापुर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पद पर सेवा प्राप्त हुई। आज प्रभुजी झारखंड, असम, बिहार, पश्चिम बंगाल तथा सिक्किम जैसे राज्यों में स्थित इस्कॉन केंद्रो के क्षेत्रीय सचिव हैं। कार्यक्रम में धनबाद से सैकड़ों भक्तों ने भागवत कथा और कीर्तन का आनंद उठाया। कथा के बाद सभी भक्तों के लिए महाभोज की व्यवस्था भी की गई थी।

## मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना में दूसरे दिन जमा नहीं हुआ आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहेबगंज।** जिले में मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के आवेदन के लिए सरकारी वेबसाइट दूसरे दिन रविवार को भी नहीं खुला तथा सर्वर डाउन रहा। जिला प्रशासन की ओर लगाए गए शिविर में लाभुक महिलाओं का भीड़ हजारों की संख्या में रही। योजना का फॉर्म जमा ही नहीं हो पा रहा है। सुबह से ही दर्जनों महिलाओं की संख्या शिविर में उमड़ी रही। लेकिन महिलाओं को दूसरे दिन भी बैरंग लौटना पड़ा। आवेदनकर्ता महिलाओं का कहना है कि रोजाना अपना रोजमर्रा के कामकाज को छोड़कर फॉर्म लेकर शिविर में पहुंचती है। लेकिन फॉर्म जमा नहीं हो पाता है। वे लोग काफी परेशान है। वहीं नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने साहेबगंज के पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर भवन में पहुंचकर महिलाओं को समझाया और सर्वर डाउन होने की वजह से हो रही परेशानी को दूर करने का आश्वासन दिया। उधर, जिला प्रशासन के अनुसार जिले में जिला प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना का फॉर्म जमा करने के लिए कुल 184 शिविर लगाया गया है। इसमें साहेबगंज नगर परिषद, राजमहल नगर पंचायत व बरहड़वा नगर पंचायत क्षेत्र में कुल 21 शिविर लगाया गया है। जबकि जिले के सभी पंचायतों में कुल 162 शिविर लगाया गया है। शिविर में कंप्यूटर ऑपरेटर का कहना है कि राज्य मुख्यालय से ही सर्वर डाउन रहने केकारण वेबसाइट नहीं खुल पा रहा है। जबकि साहेबगंज नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि ऑनलाइन व ऑफलाइन फॉर्म जमा किया जा रहा है।

**एक नजर में**

### अधनसार में 17 वर्षीय किशोर ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**धनबाद।** धनसार थाना क्षेत्र के न्यू हरि नारायण कॉलोनी निवासी विजय कुमार चौरसिया के 17 वर्षीय पुत्र शुभम चौरसिया ने फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ था। उसका इलाज चल रहा था।

### शिक्षक संघ 5 अगस्त को मुख्यमंत्री के समक्ष करेगा आमरण अनशन




**धनबाद।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला ईकाई की बैठक मध्य विद्यालय झारूडीह में जिला अध्यक्ष संजय कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष एवं महासचिव नंद किशोर सिंह ने 5 अगस्त से मुख्यमंत्री के समक्ष आमरण अनशन सह धरना प्रदर्शन में धनबाद जिले से 6 अगस्त को अधिक से अधिक संख्या में रांची कूच करने का आह्वान किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सरकार की टाल मटोल नीति के खिलाफ आमरण अनशन में धनबाद जिले से कई दर्जन छोटी बड़ी गाड़ियों से रांची पहुंचें और अनशन पर बैठें। साथियों की हौसला आफजाई करते हुए संकल्पित भाव से अनशन को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में राजकुमार वर्मा,विनय रंजन तिवारी,शंभू शरण अम्बष्ट,रामस्वरूप प्रसाद,अशोक कुमार, मो कलीमुद्दीन, दिलीप कुमार कर्ण, विजय कुमार, सुरेश चौधरी, सुधीर पांडेय, अनवर हुसैन, चुन्नू लाल किस्कू, मो जुनैद, धनंजय भदानी, श्रवण कुमार महतो,र ाकेश लाल, अशोक कुमार वर्मा, मो असफाक सिद्दीकी, मुन्ना कुमार, पंकज मंडल आदि मौजूद थे।

### रेल कर्मचारियों के लोन व शेयर होल्डर के नाम पर हो रहा घोटाला : समीर दास



**गोमो।** ऑल इंडिया एस सी, एस टी रेल एम्पलाइज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अपर महामंत्री समीर दास रविवार को गोमो पहुंचे। शाखा कार्यालय में एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने ा माला पहना कर उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर उन्होंने कहा रेल कर्मचारियों के लोन व शेयरहोल्डर रुपये का गबन हो रहा है। उन्होंने कहा कि गैर रेल कर्मचारियों को भी लोन निर्गत किया गया है, जो घोटाला है। जमालपुर में व्हाइट वाश के नाम पर 39 लाख रुपये की निकासी कर घोटाला किया गया है। सभी घोटाले रेलवे के बैंक बोर्ड सदस्यों की मिलीभगत से हो रहे हैं। इस तरह रेल कर्मचारियों के साथ धोखा किया जा रहा है। नये बोर्ड गठन में सेवा संघ को समर्थन में वोट देने की बाते कही। उन्होंने कहा कि सेवा संघा द्वारा रेल कर्मचारियों के हित में 21 प्रस्ताव रखे गये हैं। 19 अगस्त को कोलकाता में बोर्ड सदस्यों का चुनाव होना है, जिसमें चार संगठन ई आर एम सी, ए आई एस सी टी आर ई ए और ओ बी सी आर ई ए संगठनों का सेवा संघ सयुक्त मंच बना है । संयुक्त उम्मीदवारों के पक्ष में वोट डालने की अपील की जा रही है। डेलीगेट्स को प्रस्ताव से अवगत कराया जा रहा है। इस मौके पर संगठन पदाधिकारी,जयंत बिश्वास, एम के भगत, गोमो शाखा अध्यक्ष बी एन पासवान, कानूनी सलाहकार बबन राम, उपाध्यक्ष बिजय कुमार,संतोष कुमार,संजीत कुमार,सहित दर्जनों की सदस्य मौजूद थे।

### बोकारो स्टील प्लांट को तेनुघाट बांध प्रमंडल ने भेजा नोटिस

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट बांध प्रमंडल कार्यालय के द्वारा डिप्टी मैनेजर बोकारो स्टील सीटी के जलापूर्ति रोकने के सम्बन्ध में पत्रांक 818दिनांक 20/07/2023, पत्रांक 1164 दिनांक 10/10/2023, पत्रांक 257 दिनांक 23/02/2024, पत्रांक 779 दिनांक 11/07/2024, पत्रांक 828 दिनांक 23/07/2024 के उपरोक्त प्रासंगिक पत्र द्वारा सूचित किया गया है की बकाया राशि भुगतान करते हुए नया नवीकारण एकरारनामा कर नई दर से पानी लेने का भुकतान करे। वही पहले भी आपको विभाग के द्वारा सूचित किया गया है की जो भी पानी का बकाया है उसे जल्द जमा करावे। यदि पानी का बकाया जमा नहीं किया जाता है और नई नविकारण एकरारनामा नहीं किया जाता है तो प्रत्येक पंद्रह दिन पर पानी की 25प्रतिशत कटौती कर सप्लाई की जाएगी। वहीं विभागीय कार्यपालक अभियंता रंजीत कुजूर ने बताया की 1अगस्त 2024 से 25प्रतिशत पानी की कटौती विभागीय आदेश के बाद कर दी गयी है और लगातार पंद्रह दिनों के बाद 25प्रतिशत की कटौती विभाग के द्वारा की जाती रहेगी।

## हेमंत सरकार में लूट, रंगदारी और मर्डर का बढ़ गया है ग्राफः अपर्णा सेनगुप्ता

**कई युवाओं ने भाजपा का दामन थामा**




खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** अरूण सिंह, मनोज सिंह व दीपक सिंह के नेतृत्व में विभिन्न दलों को छोड़ सैकड़ों युवाओं ने रविवार को भाजपा का दामन था लिया। सभी को धनबाद जिला ग्रामीण अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, निरसा विधायक अर्पणा सेनगुप्ता और प्रदेश युवा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने एग्यारकुंड प्रखंड भाजपा कार्यालय में माला व भाजपा का पट्टा पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि वर्तमान में झामुमो की हेमंत सरकार में लूट, मर्डर और रंगदारी बढ़ गयी है। झारखंड के लोग इस सरकार के शासनकाल से काफी भयभीत हैं और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष श्री ग्रोवर ने कहा कि झामुमो की सरकार झूठ और प्रलोभन देने वाली सरकार है। झारखंड के सीधे-सादे ग्रामीणों को झूठे वादे कर और नये-नये प्रलोभन देकर ठगने का काम कर रही है। झारखंड के लोग झूठे वादे और प्रलोभन में आने वाले नहीं हैं। इसलिए झारखंड के लोग विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़ भाजपा पर विश्वास जता रहे है। इस बार विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर भाजपा की जीत तय है। मौके पर भूपेन्द्र सिंह, जिप सदस्य पिंटू सिंह, दीपा दास, रंजीत मोदी, संजय महतो, रिंटू पाठक, अर्जुन सिंह, राहुल मोदक आदि मौजूद थे।

## राजदाह धाम पहुंची सीता सोरेन, बेटी के साथ की भगवान शिव की पूजा

**हेमंत सरकार पर जमकर निकाली भड़ास विधि व्यवस्था के लिए दोषी ठहराया**



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** सुबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी और कल्पना सोरेन की बड़ी गोतनी सह भाजपा नेत्री सीता सोरेन बेटी के साथ रविवार को सरिया स्थित भगवान शिव के धाम राजदाह धाम पहुंची। मां और बेटी ने श्रद्धा भाव से भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हुए भगवान शिव से राज्य के सुख समृद्धि की कामना की। सरिया के भाजपा नेताओं ने गर्मजोशी के साथ भाजपा नेत्री का स्वागत किया। भाजपा नेत्री रजनी कौर स्वयं सीता सोरेन और उनकी बेटी को लेकर राजदाह धाम पहुंची और पूजाअर्चना की। पूजा अर्चना के बाद पत्रकारों से बातचीत में सीता सोरेन ने हेमंत सरकार पर जमकर भड़ास निकाली। कहा कि हेमंत सोरेन ने अपनी महत्वाकांक्षा के लिए कोल्हान के एक बड़े आदिवासी चेहरे चंपई सोरेन को सत्ता से हटाने में एक दिन भी नहीं लगाया। जेल से निकलते ही ऐसी साजिश रची कि एक झटके में चंपाई सोरेन को कुर्सी से हटा दिया। कहा किआए दिन रांची सहित पूरे राज्य में सिर्फ धांय धांय और ठांय ठांय की आवाज गूंजती है। राज्य में शांति और विधि व्यवस्था से हेमंत सरकार को कोई मतलब नहीं रह गया है और अब जनता का ध्यान भटकाने के लिए मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना का सहारा लिया जा रहा है।

# समाज के प्रति हम सब की जिम्मेवारी : न्यायाधीश सुजीत

- दुष्कर्म पीड़ितों की गरिमा बनाए रखने में न्यायपालिका का अहम रोल : न्यायाधीश राकेश

**जिलास्तरीय मल्टी स्टेक कार्यशाला**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर आयोजित जिला स्तरीय मल्टी सेक होल्डर कंसल्स्टेशन कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल कोर्ट धनबाद में रविवार को धनबाद के प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय तौफीकुल हसन, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर न्यायाधीश श्री सिंह ने कहा कि समाज के प्रति हम सब की जिम्मेवारी है जिसे समय पर पूरा करना हमारा कर्तव्य है। प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटना में समय पर कागजात कोर्ट में जमा नहीं किए जाने के कारण मृतकों के परिजनों को मुआवजा नहीं मिल पाता है इस विषय पर पुलिस पदाधिकारियों को संदेश देते हुए जिला जज ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश मे स्पष्ट कहा है कि सड़क दुर्घटना के मामले में किसी भी हालत में 30 दिन के अंदर दुर्घटना सूचना रिपोर्ट कोर्ट को भेज देनी है , अन्यथा थाने के भार साधक अधिकारी पर कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर पुलिस ऐसा कर दें तो मृतक के परिजनों को तमाम मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा यह समाज के प्रति हमारा कर्तव्य है । पोक्सो एक्ट के प्रावधानों के विषय मे जानकारी देते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि दुष्कर्म पीड़ितों की गरिमा बनाए रखने में न्यायपालिका सहित आप सबों का अहम रोल है, नए आपराधिक कानून के संबंध में कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अरणेश व ऐनटिल के मामले में पारित निर्णय का पुलिस कठोरता से पालन करे। अब किसी भी व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने के समय उस व्यक्ति के विरुद्ध उसके अपराध में शामिल होने के पुख्ता साक्ष्य भी पेश करना होगा अन्यथा उस व्यक्ति को जेल नहीं भेजा जाएगा। डीएसपी ट्रैफिक अरविंद कुमार सिंह ने लोगों को सावधानीपूर्वक सड़क पर गाड़ी चलाने की सलाह दी और कहा कि असावधानी के कारण ही आए दिन दुर्घटना हो जाया कर रही है।

**कार्यशाला में ये थे मौजूद**

कार्यशाला के विषय में जानकारी देते हुए डालसा सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला मे जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक, स्वयंभू प्रफुल्ल कुमार, पारस कुमार सिन्हा, साकेत कुमार, समेत जिले के तमाम न्यायिक पदाधिकारी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय, महासचिव जीतेंद्र कुमार, लोक अभियोजक, अवधेश कुमार,अपर एवं सहायक लोक अभियोजक, डॉक्टर राजीव कुमार, विभिन्न थानों के थाना पदाधिकारी, पारा लीगल वालंटियर, मेडिएटर, डालसा के पैनल अधिवक्ता, एलएडीसीएस के , चीफ कुमार विमलेंदु,डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कन्हैया लाल ठाकुर, नीरज गोयल, स्वाति कुमारी, मुस्कान चोपड़ा शैलेन्द्र झा, सुमन पाठक समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# क्रशर प्लांट में लूटपाट की घटना का एसपी ने किया उद्भेदन, पांच लूटेरे गिरफ्तार

## एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, लुटे गए कुल 27,550 रुपए, चार मोबाइल एवं तीन बाईक किया बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** मेसर्स शिव शंकर इंटरप्राइजेज क्रशर प्लांट में लूटपाट की घटना का उद्भेदन करते हुए दुमका पुलिस देशी कट्टा एवं लूटा मोबाईल समेत पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल रही। गिरफ्तार अपराधियों में गिरीडीह जिले के पीरटांड थाना क्षेत्र के पत्थलजोर गांव निवासी करम लाल मुर्मू एवं सोनाराम हेम्ब्रम है। जिले के ही बेंगाबांद गांव निवासी भुवनेश्वर हांसदा, डुमरी थाना क्षेत्र के कोलोचुंआ गांव निवासी मिकेश कुमार सोरेन एवं मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कोलबेड़ा गांव निवासी फूलचंद हांसदा है। पुलिस गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त तीन बाईक, मजदूरों के पास से लूटा गया चार मोबाईल एवं 27550 रुपए नगद बरामद की। मामले का उद्भेदन मंगलवार को समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय में एसपी पितांतबर सिंह खेरवार ने किया। उन्होंने बताया कि बीते दो अगस्त को करीब 4 बजे शाम को 10 से 11 अपराधियों द्वारा जिले के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के लखीबाद गांव स्थित मेसर्स शिव शंकर इंटरप्राईजेज क्रशर प्लांट में लूट की घटना को अंजाम दिया था। लोगों का मोबाईल और कुछ पैसे लूटपाट किया है। मामले को लेकए एसडीपीओ विजय कुमार महतो के नेतृत्व में टीम गठित कर अलग-अलग छापेमारी की गई। जिसमें संदेह के आधार पर कुछ लोगों से पूछताछ के आधार पर पांच को गिरफ्तार किया गया है। अपराधियों द्वारा घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा, बाईक समेत लूटे गए चार मोबाईल बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में गिरीडीह जिले से है। कुछ अपराधी पाकुड़ जिले एवं दुमका जिले से है। गिरफ्तार अपराधियों में एक का पूर्व से अपराधिक इतिहास रहा है। डैकेती के मामले में गिरिडीह एवं जिले के जरमुंडी में अपराध कांड दर्ज है। पहले भी जेल जा चुका है। अन्य अपराधियों की अपराधिक इतिहास पुलिस खंगाल रही है। शेष अपराधियों का भी नाम और पता पुलिस को जान चुकी है। सभी का सत्यापन किया जा रहा है। जल्द ही फरार अपराधी पुलिस की पकड़ में होंगे। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पड़ोसी जिलों समेत अन्य ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। यहां बता दें कि नकाबपोश अपराधियों ने बंदूक की नोक पर क्रशर प्लांट में मजदूरों से मारपीट करते हुए करीब 1 लाख 24 हजार रुपए एवं मजदूरों के मोबाईल को लूटपाट कर फरार हो गए थे।



प्रेसवार्ता करते एसपी व गिरफ्तार अपराधी एवं जप्त समाग्री

**छापेमारी टीम में 6 थाना के थाना प्रभारी से शामिल :** छापेमारी टीम में काठीकुंड प्रभाग के इंस्पेक्टर नंदकिशोर प्रसाद, नगर थाना प्रभारी अमित लकड़ा, थाना प्रभारी मुफस्सिल नीतीश कुमार, थाना प्रभारी शिकारीपाड़ा हरिप्रसाद साह, थाना प्रभारी, जामा अजीत कुमार, थाना प्रभारी गोपीकांदर रंजीत मंडल, थाना प्रभारी काठीकुंड त्रिपुरारी कुमार, थाना प्रभारी दिग्घी ओपी अनुज कुमार, थाना प्रभारी मसानजोर ओपी राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### युवा लायंस फोर्स कांवरियों को एक रुपए में पोशाक व अन्य सुविधाएं देगा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** युवा लायंस फोर्स केंद्रीय कमेटी की बोदरो स्थित आवासीय कार्यालय में संपन्न बैठक में फोर्स द्वारा मात्र एक रुपए में बोल बम के जत्थे के सभी श्रद्धालुओं को पोशाक गमछा कांवर के अलावा वाहन चिकित्सा खाना-पीना आदि की सुविधाओं के साथ रवाना किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता नरेश शर्मा ने तथा संचालन जाफर अंसारी ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा मौजूद थे। श्री देव ने कहा कि पिछले 12 सालों से वह ये सेवाएं दे रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य यही है कि जो ग्रामीण या दूरदराज क्षेत्रों के लोग पैसे के अभाव में बाबा का दर्शन नहीं कर पाते हैं उन्हें सही सलामत मान सम्मान के साथ बाबा के दर्शन कराकर वापस लाया जा सके। श्री शर्मा ने बताया कि चिड़का धाम जाने वाले रास्ते में हरेक किलोमीटर पर युवा लायंस फोर्स द्वारा सेवा शिविर की व्यवस्था की जाएगी। इसमें फल रसगुल्ले चाय पानी दवा आदि जरूरत की सभी चीजें शामिल रहेंगी।

# मूसलाधार वर्षा के कारण तेनूघाट डैम के आठ रेडियल गेट खोले गए



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** जिले में हो रही लगातार बारिश के कारण तेनुघाट डैम के आठ रेडियल गेट को खोला गया है। सिंचाई विभाग की ओर से बताया गया कि वर्तमान में जलाशय में 860 फीट तक है जबकि क्षमता 865 फीट की है । वहीं 885 फीट खतरे की निशानी बताई गई है। आठ गेट खोले जाने के बाद दामोदर नदी में पानी का बहाव लगभग 100000/2831.257 क्यूसेक/क्यूबिक मी प्रति सेकंड हो गया। नदी के किनारे नहाने वाले को हिदायत दी गई है कि जानवरों सहित कोई भी व्यक्ति नदी में न जाएं जिससे कोई नुकसान हो। साथ ही नदी के किनारे रहने वालों को हिदायत दी गई है कि अपने सामानों के साथ सुरक्षित जगहों पर चले जाएं। सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता रंजीत कुजूर ने बताया कि लगातार हो रही बारिश एवं डैम के पिछले भाग से अधिक पानी आने के कारण सुरक्षा को देखते हुए तत्काल चार गेट खोला गया तथा पुनः जलाशय में पानी अधिक बढ़ने के कारण चार अतिरिक्त रेडियल गेट खोला गया। इस तरह कुल आठ रेडियल गेट खोले गए हैं तथा आगे जरूरत पड़ने पर और भी गेट खोले जाएंगे। नदी किनारे रहने वाले स्थानीय लोगों को इस बात की सूचना दे दी गई है। लोगों से अपील है कि लोग नदी किनारे से दूर रहें।

### तेनूघाट बांध प्रमंडल को नोटिस

तेनुघाट बांध प्रमंडल कार्यालय के द्वारा डिप्टी मैनेजर बोकारो स्टील सीटी के जलापूर्ति रोकने के सम्बन्ध में पत्रांक 818दिनांक 20/07/2023, पत्रांक 1164 दिनांक 10/10/2023, पत्रांक 257 दिनांक 23/02/2024, पत्रांक 779 दिनांक 11/07/2024, पत्रांक 828 दिनांक 23/07/2024 के उपरोक्त प्रासंगिक पत्र द्वारा सूचित किया गया है की बकाया राशि भुगतान करते हुए नया नवीकारण एकरारनामा कर नई दर से पानी लेने का भुकतान करे। वही पहले भी आपको विभाग के द्वारा सूचित किया गया है की जो भी पानी का बकाया है उसे जल्द जमा करावे। यदि पानी का बकाया जमा नहीं किया जाता है और नई नविकारण एकरारनामा नहीं किया जाता है तो प्रत्येक पंद्रह दिन पर पानी की 25 प्रतिशत कटौती कर सप्लाई की जाएगी। वहीं विभागीय कार्यपालक अभियंता रंजीत कुजूर ने बताया की 1 अगस्त 2024 से 25 प्रतिशत पानी की कटौती विभागीय आदेश के बाद कर दी गयी है और लगातार पंद्रह दिनों के बाद 25प्रतिशत की कटौती विभाग के द्वारा की जाती रहेगी।

## डीईओ जगन्नाथ लोहरा के रवैये से शिक्षकों में नाराजगी

**बोकारो।** बोकारो के जिला शिक्षा पदाधिकारी जगन्नाथ लोहरा के रवैये से जिले भर के शिक्षकों में काफी आक्रोश है। जिला शिक्षा पदाधिकारी की ओर से कुल 73 शिक्षकों को 80 उत्कृष्ट विद्यालयों तथा 325 प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में प्रतिनियुक्ति/पदस्थापन के लिए 25 जुलाई से 29 जुलाई तक झारखंड अधिविद्य परिषद रांची में आयोजित ओरिएंटेशन कम असेसमेंट कार्यक्रम में भाग नहीं लेने के कारण पृच्छा की गई। झारखंड +2 शिक्षक संघ बोकारो के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने बताया कि पूरे झारखंड में केवल 212 शिक्षक ही उक्त आकलन परीक्षा में अनुपस्थित थे जिसमें से बोकारो जिला से कुल 08 शिक्षकों ने भाग नहीं लिया। जिले के 73 शिक्षकों से कारण पृच्छा किया जाना बिल्कुल निराधार एवं बेबुनियाद है। यह जिला शिक्षा पदाधिकारी की बदले की भावना और शिक्षकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के भाव को दशार्ता है। संघ के जिला सचिव डॉ अवनीश कुमार झा ने बताया कि कार्यालय द्वारा अपनी गलती सुधारने के बजाय शिक्षकों को बिना किसी गलती के परेशान किया जा रहा है।

# श्रावणी मेला में एसडीएम ने की छापेमारी, अवैध शराब जप्त




जप्त बीयर एवं शराब

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** बासुकीनाथ में अवैध शराब का धंधा करने वाले कथित विक्रेताओं में एसडीएम के औचक छापेमारी से खलबली मच गई है। इन शराब विक्रेताओं के होश उस समय उड़ गए जब बीते शनिवार की रात बासुकीनाथ बस पड़ाव में चाय की दुकान में संचालित शराब के अड्डे का पदार्फाश हुआ। जिसमें पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब और बियर की बोतल जप्त किया गया। इस दौरान एसडीओ के साथ उत्पाद शुल्क निरीक्षक विक्रम कुमार मौजूद थे। उधर छापेमारी को लेकर एक्सइज इंस्पेक्टर विक्रम कुमार ने बताया कि छापेमारी में 24 लीटर बीयर और 10 लीटर से अधिक विदेशी शराब चाय दुकान से बरामद की गई। जिस पर कथित शराब विक्रेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में दुकान संचालकों के खिलाफ शराब के अवैध बिक्री एवं भंडारण को लेकर कानून की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मालूम हो की मासव्यापी श्रावणी मेला के दौरान जिला प्रशासन का छापेमारी अभियान रूटिंग कार्यक्रम के तहत होता रहता है। जिससे मेला में कानून का राज्य कायम रहे।

## शिकारीपाड़ा संत रीता स्कूल हॉस्टल के छात्र हो रहे हैं बीमार



इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा संत रीता मिडिल स्कूल एवं संत रीता उच्च विद्यालय के हॉस्टल से कुछ बच्चों की पिछले एक सप्ताह से बीमार होने की सूचना मिल रही है। बीते शनिवार की रात समय करीब 7 बजे के आसपास संत रीता स्कूल के हॉस्टल के सिस्टर ने एक बोलोरो गाड़ी में एक दर्जन बच्चों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारीपाड़ा लाया , सभी बच्चों के पेट में दर्द , पैर में दर्द हो रही थीं डॉक्टर ने सभी बच्चों को बारी बारी से ईलाज कर दवाई दिया, इस संबध में डॉक्टर ने बताया की ऐसा खाने के कारण ही होता है, हालांकि यह मामला क्या है यह जांच का विषय है इस पर जांच जरूर किया जाएगा। जहां बच्चों ने बताया कि उनके पेट में दर्द , पैर में दर्द आदि प्रकार की हो रही है, बच्चों से जब पूछा गया कि उन लोगों को खाने में क्या मिल रहा है तो बच्चों ने बताया कि शनिवार के दोपहर कटहल की सब्जी और चावल दिया गया था , वही इस संबंध में सिस्टम से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि ऐसा क्यों हो रहा है यह जांच का विषय है क्योंकि पिछले एक सप्ताह पहले भी इस प्रकार की घटना सामने आई थी इसलिए हॉस्टल को छुट्टी दे दिया गया था । लेकिन फिर एक बार ऐसा देखने को मिल रहा है यह हम लोग भी नहीं समझ पा रहे है।

## श्री अयप्पा पब्लिक स्कूल के संगीतज्ञ राकेश सिंह को दी गई श्रद्धांजलि



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** हाल ही में दिवंगत हुए बोकारो के सुप्रसिद्ध तबला व ढोलक वादक एवं श्री अयप्पा पब्लिक स्कूल के संगीत शिक्षक राकेश कुमार सिंह को सेक्टर 6 में बोकारो के कलाकारों ने संगीत संध्या के माध्यम से सुरमयी श्रद्धांजलि दी। बोकारो कलाकार संघ के बैनर तले आयोजित इस श्रद्धांजलि संगीत संध्या में संगीतज्ञ राकेश सिंह के साथ ही फिल्म संगीत के प्रख्यात पार्श्वगायक मो रफी को भी कलाकारों ने उनकी पुण्यतिथि पर सुरमयी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कुड़मी को एसटी बनाए जाने को मुखर हुए गोमिया विधायक

**बोकारो।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने संपन्न विधानसभा के मॉनसून सत्र में कुड़मी जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने को लेकर विधायकों की एक जांच टीम बनाने की मांग की है। उन्होंने सदन में अपने गैर सरकारी संकल्प के तहत कहा कि कुड़मी समुदाय छोटानागपुर क्षेत्र की प्राचीन जनजातीय समुदाय है जिसे 3 मई 1913 ईस्वी के शिमला गजट में 13 जनजातियों के अंतर्गत उल्लेख किया गया है। इस गजट में 13 समुदाय आदिवासी हैं। 1891 में एच एच रिजेल द्वारा व्यापक सर्वेक्षण कर जनजाति के रूप में चिह्नित किए गए थे। 16 दिसंबर 1931 के पटना गजट में भी इन 13 समुदायों को एवं एबोरिजिनल ट्राइब माना गया है।

## शोभायात्रा के साथ श्री शनि श्रावणी महोत्सव संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय श्री श्री शनि श्रावणी महोत्सव चास में मनाया गया। मौके पर निकली शोभायात्रा का शुभारम्भ चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा झंडा दिखाकर किया गया जो शनि ठाकुर बाड़ी पुरुलिया रोड मारवाड़ी धर्मशाला के बगल से निकली एवं बाईपास रोड चेक पोस्ट मेन रोड होते हुए वापस मंदिर को आई। शोभा यात्रा में यातायात निरीक्षक आरपी राणा बोकारो विधायक की पत्नी नीना नारायण डॉ परिंदा सिंह भी मौजूद रहे। शनि सेवकों के द्वारा सुचारू रूप से शोभायात्रा का संचालन एवं सहयोग सराहनीय रहा।

# गोपाल कृष्ण के हत्यारों को फांसी देने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण उर्फ गोपी बाबू की हत्या के मामले में बोकारो के अधिवक्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और गुस्से का इजहार किया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल काउंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने अधिवक्ताओं के खिलाफ हो रही आपराधिक घटनाओं पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि जब राज्य के अधिवक्ता की दिनदहाड़े हत्या हो रही है तो आम जनता का क्या होगा। श्री गिरि ने गोपी कृष्ण के परिजनों को एक करोड़ मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। उन्होंने रांची सिविल कोर्ट के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण के हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की और इस घटना के उच्च स्तरीय जांच की मांग की। अधिवक्ताओं ने एक स्वर से मांग की यदि अधिवक्ता के हत्यारे को दो दिनों के अंदर नहीं पकड़ा गया तो पूरे राज्य के अधिवक्ता न्यायिक कार्य का बहिष्कार करेंगे। मौके पर अधिवक्ता रंजन कुमार मिश्रा अतुल कुमार फटीक चंद्र सिंह निखिल कुमार डे सुभाष चंद्र नायक दीपिका सिंह वंशिका सहाय संजीत कुमार सिंह सोमनाथ शेखर राज श्री अमरदेव सिंह विनोद कुमार सिंह पंकज दरद अजय सिन्हा देवनाथ राम अंजनी चौधरी जितेंद्र महतो मिथिलेश कुमा, रेखा रानी आदि मौजूद रहे।



## कांवरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना

**बेरमो।** रविवार को फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के रिजनल अस्पताल ढ़ोरी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर के प्रांगण से कांवरियों का एक जत्था बोल बम नारा है बाबा एक तेरा ही सहारा है, हर हर महादेव के जयकारे से सुल्तानगंज के लिए रवाना हुआ। इससे पूर्व कांवरियां बंम ने शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर माथा टेका। युवा संघ कमेटी के अध्यक्ष उदय सिंह सहित अन्य लोगो ने भगवा झंडा दिखाकर देवघर के लिए रवाना किया।

## औषधीय पौधे का उपयोग उपचार में उत्तम : डॉ रणजीत



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** जड़ी बूटी दिवस व आचार्य बालकृष्ण के 53वें जन्मदिन उत्सव समारोह अतिथि पैलेस में भव्य आयोजन किया गया। महिला पतंजलि योग समिति द्वारा दर्जनों औषधीय पौधों का वितरण बाटा रोड के मोहल्ले वासियों एवं राहगीर के साथ छोटे बच्चों में जड़ी बूटी पौधों का वितरण किया गया। आज राष्ट्रीय जड़ी बूटी दिवस 2024 पर औषधीय पौधो सार्वजनिक रूप से वितरण किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ रणजीत कुमार सिंह व अन्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित एवं औषधीय पौधा का वितरण कर किया गया। जिला महिला पतंजलि समिति साहिबगंज की ओर से डॉ रणजीत कुमार सिंह को औषधीय पौधा एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। डॉ रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि आज 80% बीमारी हमारे खान-पान जीवन शैली के कारण बीमार हो रहे हैं।

# नवनिर्मित जलमीनारों से नहीं हो रही पेयजलापूर्ति, ग्रामीण परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोपीकांदर।** हर घर नल और हर नल में जल केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को गोपीकांदर के सात पंचायतों में धरातल पर उतारा गया, लेकिन इस योजना का उद्देश्य विपरीत रहा। हर घर में नल तो लगी लेकिन नल में जल नहीं पहुंचा। जानकारी के मुताबिक सातों पंचायतों में योजना को पूर्ण रूप दे दिया गया, लेकिन आज भी पानी के लिए उसी जद्दोजहद लगी हुई है। इस योजना की देखरेख बगैर किसी जिम्मेदार अधिकारी के पूर्ण किया गया। पानी टंकी निर्माण से लेकर नल लगाने तक जो अनियमितता का खेल खेला गया वह सिर्फ लूट को दर्शाया है। ताजा मामला महालो गांव का है। महालो गांव आदर्श गांव है और आदर्श गांव में बीते छह माह से पेयजलापूर्ति बंद है। आज भी कुश्चिरा, मुसना, ओडमो, गोपीकांदर, सुरजुडीह, टैंजोर और खरौनी बाजार पंचायत के दर्जनों गांव में पेयजलापूर्ति नहीं हो पा रही है। किसी गाँव का पाइप लीकेज हो गया है तो कहीं नल अभी तक नहीं लगा है। मोहालो के ग्रामीणों ने विरोध भी किया है। इस दौरान चांदू टूडू, रघु देहरी, सोम हेम्ब्रम, सुरेंद्र हांसदा, कुबराज हांसदा, मुंशी मरांडी, राजशरी कुमारी, छीता टुडू, दुलड़ सोरेन, सोनी सोरेन, बीनोद मरांडी, पानमकू मरांडी, संजली हेम्ब्रम, देवीलाल हांसदा सहित महिला-पुरुष शामिल थे।



बंद पड़े जलमीनार का विरोध करते ग्रामीण

### परेशान ग्रामीणों ने मुखिया को सौंपा आवेदन

पेयजल की किल्लत से परेशान सदर प्रखंड कुरूवा पंचायत के ग्रामीणों ने जलमीनार लगाने को लेकर मुखिया को रविवार को आवेदन सौंपा। पंचायत के मुनीबाबा कुटिया, रसिकपुर के ग्रामीणों ने मुखिया को दिए आवेदन में पेयजल को लेकर हो रही परेशानी से अवगत कराते हुए मुनी बाबा कुटिया परिसर में स्थित शिव-पार्वती मंदिर परिसर में जलमीनार लगाने का आग्रह किया है।

गांव में 300 परिवार रहता है। खुले कुआं का पानी पीने को मजबूर है। पानी दूषित है लेकिन क्या करे प्यास बुझाने के लिए पीना पड़ेगा।

**सुरेंद्र हांसदा, ग्रामीण**

पिछले दो महीने से जलमीनार खराब है। छह माह पहले ही जलमीनार का निर्माण कराया गया था। पूरा गांव के लोग कुआं का पानी पीना पड़ता है।

**कुबराज हांसदा, ग्रामीण**

## स्टोन बोल्डर मामले की सुनवाई एनजीटी में आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर द्वारा झारखण्ड राज्य के एकमात्र जिलें साहिबगंज से गुजरने वाली गंगा नदी को प्रदुषित होने से बचाने व जलीय जीव जंतू व संरक्षित डॉल्फिन को बचाने व संवर्धन हेतु एनजीटी ईस्टर्न जोन कोलकाता में दायर याचिका संख्या-162/23 की सुनवाई जुडिशल मेंबर न्यायमूर्ति बी. अमित स्टालेकर व एक्सपर्ट मेंबर डॉ अरुण कुमार वर्मा की पीठ आज दिन के 10:30 से करेगी। सुनवाई में भाग लेने के लिए अरशद कोलकाता पहुँच गए हैं। जिसकी कई सुनवाई पुर्व में हो चुकी है। आज की सुनवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई है।

## देश तोड़ने की बात करने वाले निशिकांत दुबे पर दर्ज हो मुकदमा : सुखराम उरांव

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के विधायक सह झामुमो जिलाध्यक्ष सुखराम उरांव ने कहा कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने झारखंड विभाजन की बात कर देश तोड़ने का काम किया है, इसलिए उनपर देशद्रोह का मुकदमा होना चाहिए, क्योंकि यहां समाज को बांटने की बात हो रही है। उन्होंने कहा खुद को अनुशासित कहने वाली भाजपा पूरी तरह से असभ्य हो गई है। विधायक सुखराम उरांव रविवार को एक संवाददाता सम्मलेन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में जिस तरह से विपक्ष ने आचरण किया।

# जान से खिलवाड़

बीती 14 अप्रैल 2024 को राजस्थान की कोचिंग नगरी कोटा के एक हॉस्टल में आग लगने से 8 स्टूडेंट्स झुलस गए। घटना के वक्त हॉस्टल में 60 से ज्यादा छात्र मौजूद थें आग लगने के बाद हॉस्टल में भगदड़ मच गई इस बीच एक छात्र ने अपनी जान बचाने के लिए चौथी मंजिल से छलांग लगा दी।जांच में हॉस्टल मालिक की बड़ी लापरवाही सामने आई। हॉस्टल मालिक ने अंदर ही बिजली का एक बड़ा ट्रांसफार्मर लगवाया हुआ था जिसमें शॉर्ट सर्किट होने से यह हादसा हुआ। लखनऊ के पॉश इलाके हजरतगंज में नवल किशोर रोड पर तीन मंजिला स्कॉलर्स फोरम टॉवर है। इसके पहले तल पर स्कॉलर्स फोरम कोचिंग चलता है। यहां छात्र-छात्राएं आईआईटी और नीट की तैयारी के लिए पढ़ाई करते हैं. दूसरी और तीसरी मंजिल पर हॉस्टल हैं। दूसरी मंजिल के हॉस्टल में 14 कमरों में कुल 28 छात्राएं रह रहीं हैं। 2 जून 2024 की शाम को छात्राएं अपने कमरे में थी। शाम करीब छह बजे तीसरी मंजिल के कमरा नंबर दो की एसी में शॉर्ट सर्किट से धमाका हो गया। इसके बाद तीन मंजिला हॉस्टल में आग लग गई। करीब 28 छात्राओं में चीख-पुकार मच गई। एक कमरे का शीशा तोड़कर हॉस्टल कर्मियों ने छात्राओं को बाहर निकाला। 24 मई 2024 को गुजरात के सूरत के तक्षशिला कॉम्प्लेक्स में चल रही एक कोचिंग में भीषण आग लगने से 23 छात्रों की मौत हो गई। आग बिल्डिंग में आने जाने के लिए बनाई गई सीढ़ियों के पास रखे ट्रांसफॉर्मर में लगी थी। स्थानीय प्रशासन, नगर निगम, पुलिस, फायर विभाग और अन्य संबंधित विभागों को व्यावसायिक भवनों के निर्माण और संचालन में कागजी कार्रवाई और फाइलों का पेट भरने की बजाय ईमानदारी और पारदर्शिता से नियम कानून का पालन करवाना चाहिए।

# पूजा की उम्मीदवारी रद्द

संघ लोक सेवा आयोग ने ट्रेनी आईएएस पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर की सिविल सेवा परीक्षा-2022 के लिए अनंतिम उम्मीदवारी रद्द कर दी है। उन्हें भविष्य की सभी परीक्षाओं और चयनों से स्थायी रूप से वंचित कर दिया है। यूपीएससी ने कहा कि सभी रिकॉर्ड की जांच के बाद ये सामने आया कि पूजा खेडकर ने सीएसई-2022 नियमों का उल्लंघन किया है। आयोग ने सीएसई के पिछले 15 सालों के डाटा को रिव्यू किया। जिसमें 15 हजार से ज्यादा कैंडिडेट्स शामिल थे। इस जांच से यह पता चला है कि उसने अपना नाम, अपने पिता और माता का नाम, अपनी तस्वीर/हस्ताक्षर, अपनी ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और अपनी पहचान बदलकर धोखाधड़ी से परीक्षा नियमों के तहत स्वीकार्य सीमा से अधिक प्रयास का लाभ उठाया। नोटिस में पूछा गया था कि क्यों न पूजा खेडकर की सिविल सेवा परीक्षा-2022 की उम्मीदवारी को रद्द किया जाए। पूजा खेडकर का तबादला पुणे से वाशिम कर दिया गया था। उन्हें अतिरिक्त सहायक कलेक्टर के रूप में नियुक्ति मिली थी। इसके बाद जिलाधिकारी सुहास दिवसे ने वरिष्ठ अधिकारियों को खेडकर के आचरण के बारे में जानकारी दी थी। पूजा खेडकर पर आरोप लगाया गया कि प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी के रूप में उन सुविधाओं की मांग की, जिनकी वे हकदार नहीं थीं। इसके अलावा उन पर एक वरिष्ठ अधिकारी के चैंबर पर कब्जा करने का भी आरोप है। खेडकर पर अपने पद का दुरुपयोग करने का भी आरोप है। बताया गया है कि पूजा खेडकर ने अपनी निजी ऑडी कार में लाल बत्ती और महाराष्ट्र सरकार के प्लेट लगवाई। इस निजी कार में पूजा खेडकर वाशिम की सड़कों पर घूमती नजर आईं थी।

# आर्थिक सुधारों में पीएम मोदी फिर पिछड़ रहें हैं



जुलाई 1991 के बजट भाषण की हमें यह याद दिलाती है कि हमारे देश ने लोगों की आजादी और सरकार के वैध कामकाज को लेकर राज्य क्षमता की दिशा में कितनी सीमित प्रगति की है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में ग्राहकों के कार्ड की जानकारी रखने पर रोक लगा दी है। यह घटना हमें केंद्रीय नियोजन की समस्याओं और नियमन में राज्य क्षमता के बारे में विचार करने का अवसर देती है। जुलाई 1991 में जो शुरूआत हुई उसे अभी भारतीय राज्य के काम करने के संभावित तरीके के रूप में पूरी तरह अंजाम देना बाकी है। भारतीय समाजवाद की इस परंपरा की शुरूआत नेहरू ने की थी और इंदिरा गांधी ने इसे और अधिक गहराई प्रदान की। इसका मूल दबदबे में निहित है। इस व्यवस्था में राज्य सबसे शक्तिशाली आर्थिक कारक है। सरकार ने कंपनियों और व्यक्तियों को निर्देशित किया कि कैसा व्यवहार करना है। दूरदराज इलाकों में रहने वाले और शांति से अपना जीवन बिताने वाले लोगों को दंड का भय दिखाकर सरकार के आदेशों का पालन कराया गया।

इसके साथ ही केंद्रीय नियोजन शब्द का जन्म हुआ। बाजार अर्थव्यवस्था में उत्पादों और प्रक्रियाओं से जुड़े निर्णय निजी लोगों द्वारा लिए जाते हैं और ये ग्राहकों की प्राथमिकता और बाजार प्रतिस्पर्धा से प्रभावित होते हैं। केंद्रीय नियोजन में सरकार ऐसे तकनीकी ब्योरे चुनती है। बाजार अर्थव्यवस्था में बाजार तय करता है कि विजेता कौन होगा।

केंद्रीय नियोजन में जीतने वाली तकनीक, जीतने वाली उत्पाद श्रेणी अथवा फर्म वो होती हैं जिन्हें सरकार का आशिष प्राप्त होता है। सन 1991 से 2011 के बीच की तेजी की सराहना करने वाले हम जैसे लोग यह कहना भूल जाते हैं कि भारतीय नीति विचार की प्रक्रिया में केंद्रीय नियोजन को बस यूं ही अपनाया और स्वीकार किया जाता है। योजना आयोग को भंग करने का निर्णय भारतीय समाजवाद से पीछे हटने का अहम निर्णय था लेकिन नियंत्रण का दर्शन अभी भी व्यापक है।

ऑनलाइन वेबसाइटों से व्यक्तिगत जानकारी लीक होने की बात अक्सर खबरों में रहती है। यह चिंता का विषय है। आरबीआई की प्रतिक्रिया एक नियमन बनाने की रही है। वह पेमेंट एग्रीगेटरों, पेमेंट गेटवे और कारोबारियों द्वारा ग्राहकों के कार्ड की जानकारी एकत्रित करने को प्रभावी तरीके से रोकता है। 'क्या उपभोक्ताओं को इंटरनेट पर डेटा भंडारित करने से रोकना चाहिए?' नामक एक हालिया पर्चे में मेरे सह लेखकों और मैंने यह दलील दी है कि प्रतिबंध बहुत अधिक है और वह लागत-लाभ विश्लेषण ने नहीं उपजा है। इस दौरान जनता से मशविरे की प्रक्रिया भी सही तरीके से नहीं अंजाम दी गई।



**- अजय शाह**

> क्या उपभोक्ताओं को इंटरनेट पर डेटा भंडारित करने से रोकना चाहिए?' नामक एक हालिया पर्चे में मेरे सह लेखकों और मैंने यह दलील दी है कि प्रतिबंध बहुत अधिक है और वह लागत-लाभ विश्लेषण ने नहीं उपजा है। इस दौरान जनता से मशविरे की प्रक्रिया भी सही तरीके से नहीं अंजाम दी गई।लोग वाणिज्यिक वेबसाइटों पर अपने कार्ड की जानकारी इसलिए डालते हैं ताकि नियमित भुगतान किया जा सके।

लोग वाणिज्यिक वेबसाइटों पर अपने कार्ड की जानकारी इसलिए डालते हैं ताकि नियमित भुगतान किया जा सके और उन्हें हर बार उस वेबसाइट पर जाकर कार्ड का ब्योरा न डालना पड़े। कंपनियों ने ग्राहकों तक अपनी सेवाएं और उत्पाद आसानी से पहुंचाने के लिए प्रक्रिया तैयार की है। आरबीआई का नया नियमन ग्राहकों के लिए दिक्कतदेह है। अब उन्हें हर महीने लाखों लेनदेन की जानकारी देने में अतिरिक्त समय लगाना होगा। तकनीकी विकास का खर्च भी बढ़ेगा। नियमन उपभोक्ताओं की प्राथमिकता को चुनिंदा भुगतान तकनीक की ओर स्थानांतरित करता है। जोखिम यह है कि तकनीकी चयन आरबीआई द्वारा आकार दिया जाएगा और केंद्रीय नियोजन के कारण ठहराव आ सकता है।

यह नियमन निजी व्यक्तियों के लिए बाधा उत्पन्न करती है और इसलिए इसे तभी लागू किया जाना चाहिए जब समाज को होने वाले लाभ इसकी लागत से अधिक हों। आरबीआई ने यह भी नहीं बताया कि कार्ड डेटा भंडारण पर लगने वाली रोक किस प्रकार उपभोक्ताओं और भुगतान मध्यवर्तियों पर पढ़नें वाली लागत के मुकाबले अधिक लाभदायक है। उदाहरण के लिए हमें यह नहीं पता कि कितने आंकड़ों में सेंध लगी है या भुगतान मध्यवर्तियों के पास जमा डेटा के कारण कितनी मौद्रिक हानि हुई है।

जब गैरनिर्वाचित अधिकारी कानून बनाते हैं तो लोकतांत्रिक वैधता का प्रश्न हमेशा उठता है। किसी भी क्षेत्र में लोकतांत्रिक वैधता हासिल करने का पहला कदम है सलाह-मशविरा। इस मामले में आरबीआई द्वारा सार्वजनिक मशविरे का अभाव है। आरबीआई ने सितंबर 2019 में जो सार्वजनिक मशविरा प्रक्रिया जारी की थी उसमें संभावित नीतिगत चयन को लेकर पूर्ण प्रतिबंध की बात नहीं थी। कार्ड की जानकारी भंडारित करने पर रोक कारोबारियों और ग्राहकों के लिए इस तरह सामने आई है जिसे रोका नहीं जा सकता। इस प्रतिबंध की घोषणा करने वाले दस्तावेज में इसका कोई संभावित विकल्प नहीं दशार्या गया। उद्योग जगत और ग्राहकों ने ऐसे हस्तक्षेप को लेकर क्या प्रतिक्रिया दी? आरबीआई को मशविरा प्रक्रिया में किस प्रकार की प्रतिपुष्टि मिलीं? प्रतिपुष्टि के किस हिस्से को स्वीकार किया गया और किसे खारिज किया गया? इसके पीछे क्या दलील दी गईं? इन सवालों के जवाब तभी मिलेंगे जब आरबीआई मशविरा प्रक्रिया के नतीजे पेश करे। सर्वोच्च न्यायालय ने सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया बनाम ट्राई (2016) मामले में जोर दिया कि इन मानकों की मदद से नियामकीय प्रक्रिया पारदर्शी और सार्थक बनाई जाए।

वैकल्पिक उपाय मसलन देनदारी ढांचा और उच्च सुरक्षा मानकों की मदद से वांछित उपभोक्ता संरक्षण हासिल किया जा सकता है वह भी समाज के प्रति कम लागत को लेकर। यदि आरबीआई इन चयनों पर विचार करता तो इसे प्रकाशित नहीं करता। नियामकों द्वारा लोकतांत्रिक वैधता हासिल करने का दूसरा महत्त्वपूर्ण स्तंभ है तकनीकी विशेषज्ञता होना और उसे प्रदर्शित करना।

भारत को वापस उच्च वृद्धि की ओर ले जाने के लिए स्वतंत्रता और राज्य क्षमता की आवश्यकता है। आज के नियामकों के पास शक्ति है, अफसरशाही है और उस तरह का नियंत्रण है जिसके बारे में सन 1991 में सोचा भी नहीं जा सकता था। भारतीय नियामकों को विधायिका, कार्यपालिका और न्याय की अद्भुत मिश्रित शक्ति हासिल होती है।

## खास बात
### रुपये की गिरावट

**समी मोडक**

एमएससीआई उभरते बाजारों में भारत का प्रदर्शन इस साल काफी अंतर के साथ दमदार रहा है। इसके क्या कारण हैं?

ब्राजील, रूस और दक्षिण अफ्रीका जैसे उभरते बाजार मुख्य तौर पर जिंस निर्यातक हैं और वे काफी बजटीय घाटे से जूझ रहे हैं जैसे, डॉलर की मजबूती से तुर्की को काफी झटका लगा है। दूसरी ओर, भारत एक डॉलर निर्यातक देश है और चूंकि राजकोषीय घाटे में इजाफा हो रहा है, इसलिए तीन साल के दौरान तेल कीमतों में अपेक्षाकृत नरमी रहने से अन्य उभरते बाजारों के मुकाबले भारत की राजकोषीय स्थिति कहीं अधिक सुदृढ़ रही।

बाजार ने उपभोक्ता वस्तु कंपनियों को काफी सराहा है क्योंकि वहां वृद्धि की संभावनाएं दिख रही हैं। आपको बेहतर संभावनाएं कहां दिख रही हैं? निवेश का नजरिया क्या होना चाहिए? सामान्य तौर पर भारतीय बाजार हमेशा से साफ-सुथरी और मजबूत नकदी प्रवाह के साथ बेहतर तरीके से प्रबंधित कंपनियों को सराहा है। एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, बर्जर पेंट्स और मैरिको जैसे शेयरों ने पिछले 20 साल के दौरान 200 से अधिक गुना रिटर्न दिए हैं। खास तौर पर मौजूदा परिदृश्य में रुपया पिछले पांच साल के अंतराल के बाद तेजी से लुढ़क रहा है और ऐसे में आईटी, फार्मा एवं वाहन जैसे निर्यात केंद्रित क्षेत्र फायदे के लिए बेहतर स्थिति में हैं। निकट भविष्य में किन चुनौतियों पर ध्यान देने की जरूरत है?ऋण की लागत वैश्विक स्तर पर बढ़ रही है क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व लगातार अपनी मौद्रिक नीति में सख्ती बरत रहा है। इससे वैश्विक स्तर पर शेयर कीमतों को झटका लग सकता है। साथ ही, प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार जंग बढ़ने से मुद्रीस्फीतिक जोखिम पैदा होने लगा है क्योंकि तमाम देश महंगे घरेलू उत्पादों के बदले सस्ते आयात करने लगे हैं। ऐसे में मुद्राफीति में तेजी के जोखिम बढ़ रहा है और ऐसे में फेडरल रिजर्व मौद्रिक नीति में सख्ती जारी रखेगा। जहां तक घरेलू बाजार का सवाल है तो यहां हमारे अपने मुद्रास्फीतिक दबाव हैं क्योंकि सरकार गरीबों पर चुनावपूर्व खर्च कर रहा है।

# सत्य का दर्शन

## विचार-प्रवाह

**निशांत जैन**

**यह** समझना जरूरी है कि उत्साह से लबरेज आज की युवा पीढ़ी भगवान महावीर के संदेशों को किस रूप में देखती है? युवाओं के सपनों को साकार करने में इन संदेशों की क्या कोई अहमियत है? इन सवालों के जवाब पाने के लिए देखते हैं युवाओं के लिए तीर्थंकर महावीर की 10 काम की बातें,

महावीर की वाणी के तीन आधारभूत मूल्य हैं, अहिंसा, अनेकांत और अपरिग्रह। ये युवाओं को आज की भागमभाग और तनाव भरी ज़िंदगी में सुकून की राह दिखाते हैं।

महावीर की अहिंसा केवल शारीरिक या बाहरी न होकर, मानसिक और भीतर के जीवन से भी जुड़ी है। महावीर मन-वचन-कर्म, किसी भी जरिए की गई हिंसा का निषेध करते हैं। इस तरह महावीर खुद सुकून से जीने और दूसरों को भी जीने देने की राह सुझाते हैं।

**अनेकांत : दूसरों के विचारों का सम्मान**

अनेकांत का अर्थ है, सत्य को उसके सभी पहलुओं के साथ देखना। आज के दौर में महावीर का अनेकांतवाद और स्यादवाद का सिद्धांत बेहद प्रासंगिक है। अगर हम अनेकांतवाद को अपनाते हुए दूसरों के विचारों की भी अहमियत समझें, तो एक बेहतर दुनिया का निर्माण कर सकते हैं। तमाम तरह की कट्टरताएं यहां खुद-ब-खुद खत्म हो जाती हैं।

**अपरिग्रह: दूसरों की जरूरतों का सम्मान**

अपरिग्रह यानी जरूरत से ज्यादा चीजों का संचय न करना। महावीर का अपरिग्रह का सिद्धांत न केवल बाहरी परिग्रहों, बल्कि मन के विकारों और तनावों को भी त्यागने को संदेश देता है।

**रांची** के हुंडरू फॉल का मनोरम दृश्य !!

झारखण्ड में प्रकृति प्रदत्त ऐसे सैकड़ों मनोहारी स्थल हैं जो सैलानियों को आकर्षित करने की क्षमता रखते हैं।

नेचर ने तो खूब दिया है हमें, शायद हम इसकी कद्र न कर पा रहे।

**– महेश पोद्दार, सांसद**

## आपके ट्वीट

**झारखण्ड** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में झारखण्ड की 45 लाख बहनों को हर साल 12 हजार रुपये मिलेंगे।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**संसद** में जब मैंने जातिगत जनगणना की बात उठाई तो वित्त मंत्री ने हंस कर इस गंभीर विषय का उपहास किया। देश की 90% आबादी के जीवन से जुड़े सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर ऐसी उपेक्षापूर्ण प्रतिक्रिया गलत है।

**– राहुल गांधी**

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### ढील-लापरवाही की देन

**कोरोना** महामारी ने एक बार फिर गति पकड़ ली है। पिछले साल में बिगड़ी व्यवस्था अभी पटरी पर भी नहीं आ पायी फिर से लाकॅडाऊन लगाने की नौबत आ गई है। आमजन ने इस बीमारी को हल्के में लिया, उसका ही परिणाम सामने आ रहा है। इसमें शासन तंत्र भी कम जिम्मेदार नहीं है, जहां भी चुनाव हो रहे हैं लाखों लोग चुनावी रैलियों में शामिल हो रहे हैं।

**–जगदीश सिंह, रांची**

### दवाई और कड़ाई

**प्रशासनिक** स्तर पर अविलंब सक्रियता दिखाए जाने की जरूरत है। हवाई अड्डों, रेलवे और बस स्टेशनों पर यह व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए कि जांच में जो लोग संक्रमित पाए जा रहे हैं, उनको घर तक पहुंचाने के लिए विशेष वाहन और होम क्वारंटाइन की व्यवस्था हो। कोरोना का प्रसार रोकने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों का टीकाकरण जरूरी है।

**– सुमित कुमार, हजारीबाग**

# फ्लोरा डफी: 62 हजार आबादी वाले देश की गोल्डन गर्ल

**दिलीप कुमार**

महान कार्य करने के लिए किसी महान देश का नागरिक होना जरूरी नहीं है। छोटे देश में रहकर भी हम बड़ा काम कर सकते हैं। टोक्यो ओलंपिक में बरमूडा की फ्लोरा डफी ने स्वर्ण पदक हासिल कर यह साबित कर दिया कि जीत हासिल करने के लिए फौलादी इच्छाशक्ति, कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास की आवश्यकता होती है। इसके लिए किसी महान देश का नागरिक होना जरूरी नहीं है।

उत्तर अटलांटिक महासागर के बीच स्थित 181 द्वीपों वाले देश बरमूडा की पहचान खेल और खिलाड़ियों से नहीं होती। आकर्षक समुद्र तट और अपार खनिज संसाधन इस देश को विशिष्ट बनाते हैं। सरकार द्वारा भी खेलों पर ध्यान कम ही दिया जाता है। लेकिन, फ्लोरा डफी ने कभी भी संसाधनों की कमी का रोना नहीं रोया और अपने हौसले को बुलंद बनाए रखा। नतीजा सबके सामने है। मात्र 62,034 लोगों की आबादी वाले देश बरमूडा के लिए फ्लोरा डफी ने पहला गोल्ड मेडल जीता है। ओलंपिक की ट्रायथलॉन स्पर्धा में फ्लोरा डफी ने 1:55:36 घंटे का समय लेते हुए स्वर्णिम सफलता अर्जित की। ब्रिटेन की जॉर्जिया टेलर ब्राउन ने 1:56:36 घंटे का समय लेते हुए रजत पदक प्राप्त किया।

विदित हो कि ट्रायथलॉन को एक कठिन प्रतिस्पर्धा माना जाता है। इस खेल में खिलाड़ी को 1,500 मीटर की तैराकी, 40 किलोमीटर की साइकिलिंग और 10 किलोमीटर की दौड़ एक साथ पूरी करनी होती है। टोक्यो में फ्लोरा डफी ने सबको पछाड़ते हुए अपने देश के लिए सोना जीता और इस तरह ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के इतिहास में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाला बरमूडा सबसे कम आबादी वाला देश बन गया। शीतकालीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाला सबसे कम आबादी वाला देश लिंचेस्टाइन है। 1980 के लॉन प्लेसिड ओलंपिक में जब लिंचेस्टाइन को स्वर्ण पदक मिला था तो उस देश की आबादी मात्र 38,245 थी। ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में ग्रेनेडा(आबादी 1,13,000), बहामास(आबादी 3,81,000), सुरीनाम(आबादी 6,07,000) और लक्जमबर्ग(आबादी 6,50,000) जैसे देशों ने भी स्वर्ण पदक जीते हैं।

## ओलंपिक



फ्लोरा डफी के स्वर्ण पदक से सभी देश प्रेरणा ले रहे हैं जो आकार में छोटे हैं अथवा जिनके पास कम संसाधन है। टोक्यो ओलंपिक में बरमूडा की ओर से मात्र दो खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। दूसरे खिलाड़ी रोवर दारा एलिजादेह हैं।

33 वर्षीय फ्लोरा डफी ने पहले भी कई प्रतिस्पर्धा में पदक हासिल कर बरमूडा का नाम रोशन किया है। वर्ष 2013 से 19 के बीच ट्रायथलॉन की विश्व चैंपियनशिप में वह पांच बार स्वर्ण पदक और एक बार कांस्य पदक जीत चुकी हैं। 2018 के गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में भी उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा वह ट्रायथलॉन की कई विश्वस्तरीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। एक छोटे देश की नागरिक होने के बावजूद विश्व की सबसे प्रतिष्ठित खेल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल कर फ्लोरा डफी विश्व के सभी छोटे देशों के नागरिकों की आदर्श बन चुकी हैं। (कवि, लेखक, मोटिवेशनल गुरु और भारतीय रेल यातायात सेवा के वरिष्ठ अधिकारी।)

# भारत में हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र पर प्रतिबंध लगाना जरूरी

## सामयिक

प्रहलाद सबनानी

पिछले कुछ समय से भारत सहित, पूरे विश्व में इस्लाम मजहब के अनुयायियों के लिए हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र प्राप्त उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। हालांकि हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने के सम्बंध में कोई प्रक्रिया तय नहीं की गई है और न ही सरकारी तौर पर इस सम्बंध में कोई दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, परंतु फिर भी भारत में हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने का कार्य विभिन्न संस्थानों द्वारा धड़ल्ले से किया जा रहा है एवं कई विनिर्माण इकाइयों से भारी भरकम राशि हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में वसूली जा रही है। साथ ही, विनिर्माण इकाइयों पर भी दबाव बनाया जाता है कि वे अपने संस्थानों में इस्लाम मजहब के अनुयायियों की नियुक्ति करें। अब यह भी समझ से परे है कि फैशन, सौंदर्य साधनों, किराने के सामान, सब्जियों, वित्तीय सुविधाओं एवं ढाबे आदि जैसी गतिविधियों को हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र किस प्रकार प्रदान किया जा सकता है? इसी संदर्भ में अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार एवं सुप्रीम कोर्ट ने हलाल प्रमाणन प्रमाण पत्र जारी करने के सम्बंध में जांच के आदेश जारी किए हैं।

दरअसल, इस्लाम मजहब के अनुयायियों के लिए हलाल शब्द बहुत महत्व भरा शब्द है। हलाल का आशय यह बताया जाता है कि मुस्लिम मतावलंबियों के लिए जो वस्तु वैध है वह हलाल है और जो वैध नहीं है वह हराम है। ऐसा भी बताया जाता है कि प्रारम्भ में इस्लाम-कुरान में खाने की वस्तुओं, विशेष रूप से मांसाहार, के साथ हलाल शब्द को जोड़ा गया था अर्थात किन वस्तुओं (किस प्रकार के मांसाहार) का खाना हलाल है एवं किन वस्तुओं (किस प्रकार के मांसाहार) का खाना हराम है। परंतु, अब तो हलाल को दैनिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के साथ जोड़ दिया गया है। जैसे हलाल मांस, हलाल फैशन एवं सौंदर्य के साधन, हलाल किराने का सामान, हलाल सब्जियां, हलाल वित्तीय सुविधाएं, हलाल ढाबे, आदि आदि।

कई इस्लामी देशों ने यह तय कर लिया है कि उनके नागरिक केवल हलाल प्रमाणित खाद्य पदार्थों एवं अन्य सुविधाओं का उपयोग करेंगे एवं इन देशों ने हलाल प्रमाणन को कानूनी रूप दे दिया है। इन मुस्लिम मजहब बहुल देशों में विदेशों से आयात किए जाने उत्पादों को भी हलाल प्रमाणन के लिए प्रमाण पत्र सबंधित संस्थानों से लेना आवश्यक होता है ताकि ये कम्पनियां अपने उत्पादों को इन इस्लामी देशों को निर्यात कर सकें। चूंकि पूरे विश्व में 50 से अधिक इस्लामी देश हैं, एवं मुस्लिम मजहब को मानने वाली बहुत बड़ी आबादी इन देशों में निवास करती है अतः गैर इस्लामी देशों की कम्पनियों को भी हलाल प्रमाणित उत्पाद ही इन देशों को भेजने होते हैं। वैसे तो हलाल प्रमाणित वस्तुओं का चलन इस्लामी देशों में बहुत लम्बे समय से चला आ रहा है। परंतु हाल ही के समय में इसका कार्य क्षेत्र बढ़ाकर इसे गैर इस्लामी देशों में भी तेजी से फैलाया गया है अर्थात मुस्लिम मजहब के मतावलंबियों को यह प्रेरणा दी जाती है कि वे केवल हलाल प्रमाणित वस्तुओं एवं सेवाओं का ही उपयोग करें। वर्ष 1945 में दक्षिण अफ्रीका की राजधानी केपटाउन में मुस्लिम जुडीशियल कौंसिल हलाल ट्रस्ट की स्थापना की गई थी। इसके बाद हलाल पंजीयन की शुरूआत थाईलैंड में वर्ष 1969 में हुई जो केवल कुवैत में मुर्गी पालन उद्योग से निर्मित पदार्थों के निर्यात तक सीमित था। एक सुनियोजित इस्लाम केंद्रित व्यापार की वास्तविक शुरूआत दक्षिण पूर्वी एशिया के एक देश मलेशिया से हुई थी। वहां वर्ष 1974 में एक डिपार्टमेंट आफ इस्लामिक डेवलपमेंट मलेशिया की स्थापना की गई।

यह विश्व का ऐसा पहला देश था, जिसने हलाल व्यापार को परिभाषित करने का एक कानून बना दिया। इस प्रक्रिया की गति इतनी तीव्र थी कि वर्ष 1980 तक मलेशिया को ग्लोबल हलाल हब बनाने के प्रयासों को आकार दिया जाने लगा था। वर्तमान में डिपार्टमेंट आफ इस्लामिक डेवलपमेंट मलेशिया का नेटवर्क लगभग 45 देशों में फैला हुआ है और कुल लगभग 78 हलाल पंजीयन संस्थाएं इससे जुड़ी हुई हैं। भारत की भी तीन प्रमुख संस्थाएं - हलाल इंडिया, जमियत उलेमा हलाल फाउंडेशन, जमियत उलेमा ए हिंद हलाल ट्रस्ट इसके सदस्य रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### भुरकुंडा में सत्संग आयोजित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सावन महोत्सव के अवसर पर भुरकुंडा सत्संग भवन में रविवार को अशोक कुमार चौहान के नेतृत्व में सत्संग हुआ। इसकी अध्यक्षता रांची से आए ज्ञान प्रचारिका ललिता सूद एवं मंच संचालन सुजीत सिंह ने किया। सत्संग की शुरूआत परम-पिता-परमात्मा कण-कण में तेरा वाश से हुआ। सत्संग में कई महात्माओं एवं बहनों ने मनमोहक भजन एवं विचार व्यक्त कर लोगों को खूब आनंदित किया। प्रचारिका ललिता सुद ने कहा कि जब हम जानते हैं कि तन-मन-धन सब प्रभु-परमात्मा की देन है। फिर भी लोग आज के युग में नफरत, निंदा, ईर्ष्या में फंसे हुए हैं। सत्संग को सफल बनाने में अमन चौहान, तुलेश्वर करमाली, जगदीश यादव, राजकिशोर करमाली, ओम, राजकिशोर करमाली, आदित्य विश्वकर्मा, संजीव मिश्रा, केसी दास, छोटेलाल, राजन गुप्ता, अनिल राणा, बलराम, तुषार साव, जयदेव मुंडा, गणेश, विक्की, पुष्पा देवी, किरण देवी, राजकुमारी देवी, बिना देवी, रुदन देवी, सुशीला देवी, ललिता देवी, चंपा देवी, मुकुन्लता देवी, अंजली कुमारी, पार्वती देवी, रेनू देवी, सावित्री देवी, संगीता देवी, गंगो देवी, बरखा देवी, सुनीता देवी, गुड़िया देवी, शोभा देवी आदि का विशेष योगदान रहा।

### शीतला मंदिर में महाशिवपुराण आज से



भुरकुंडा (रामगढ़)। सयाल मोड़ स्थित प्राचीन मां शीतला मंदिर में 5 से 11 अगस्त तक महाशिवपुराण होगा। महाशिवपुराण में जवाहर नगर निवासी पंडित रामकुमार पाठक पाठ व प्रवचन करेंगे। इस वर्ष भी क्षेत्र की सुख-समृद्धि और हरियाली-खुशहाली के पवित्र श्रावण माह के अवसर पर महाशिवपुराण कथा का आयोजन किया जायेगा। महाशिवपुराण कथा के बावत मां दुर्गा के उपासक पंडित रामकुमार पाठक ने बताया कि प्रवचन (दो घंटा) सुबह 9 बजे से 11 बजे तक प्रतिदिन किया जायेगा। इस दौरान रूद्राभिषेक अनुष्ठान का भी आयोजन किया जायेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अनुष्ठान में ज्यादा से ज्यादा पहुंचकर कथा का श्रवण कर पुण्य का भागी बनने की अपील की है। अनुष्ठान की तैयारियों में सहयोग समिति के राजन, नायक, पिंटू लाल, उत्तम सिन्हा, लाडी, अमित कुमार, भोला सिंह आदि जुटे हैं।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सेवा मंच ने रविवार को भुरकुंडा साप्ताहिक हाट में दातुन-पत्तल बेचने आने वाले और जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह द्वारा करीब 150 गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरुष और बच्चों के बीच पुरी-सब्जी एवं जलेबी का वितरण किया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा की गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य है और यही मानव धर्म भी है। उन्होंने बताया गया कि पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा जन सहयोग के माध्यम से गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमाशंकर जायसवाल, रिंकू वर्णवाल, दिलीप गंझू, लखन राम, शिव कुमार यादव, लालू उरांव, सुकरा करमाल सहित कई लोगों का विशेष योगदान रहा।

### कुजू में सांसद से मिले भाजपाई



**कुजू।** सांसद मनीष जायसवाल से हजारीबाग स्थित उनके आवास पर रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर भाजपा नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरि के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल जाकर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सांडी मनमोहन नगर राधा कृष्ण मंदिर का सुंदरीकरण, दिगवार राधा कृष्ण मंदिर का सुंदरीकरण, उत्क्रमित उच्च मध्य विद्यालय के बाउंड्री वाल का ऊंचाई एवं बाउंड्री वॉल का सुंदरीकरण, दिगवार चौक से लेकर लुगु मंदिर तक पीसीसी पथ, नाली व गडवाल का निर्माण कराने, बोंगावार राजेश प्रजापति के घर से लेकर किरण देवी के घर तक बिजली पॉल, तार की व्यवस्था कराने आदि समस्याओं के समाधान की मांग की। जिसपर श्री जायसवाल ने समाधान करने का भरोसा दिलाया। मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी, नूतन महतो, हरिलाल महतो समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### विस्थापित-प्रभावित समिति की बैठक

भुरकुंडा (रामगढ़)। विस्थापित-प्रभावित अधिकार समिति की बैठक रविवार को मां पंच बहिनी मंदिर में हुई। इसकी अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष खुशबू देवी और संचालन प्रदीप साहू और पवन यादव ने संयुक्त रूप से किया। बैठक जन समस्याओं सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 6 अगस्त मंगलवार को (एनटीपीसी) पीवीयूएनएल में प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 2 सितंबर 2024 को दिल्ली के जंतर-मंतर में धरना-प्रदर्शन का परमिशन मिल गया है। पीवीयूएनएल का मुद्दा अब राज्य सरकार से लेकर केंद्र सरकार तक जा चुका है।

# पूर्ण रूपेण संतुलित है बजट

## युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए कई प्रावधान : जायसवाल

▸▸ पूर्वी क्षेत्र के चौहुमुंखी विकास के लिए पूर्वोदय योजना तैयार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ को हेमंत सोरेन की सरकार ने मौन सहमति दे दी है। यही वजह है कि झारखंड में आदिवासियों और मूल निवासियों को पूरा न्याय नहीं मिल पा रहा है। यह बात रविवार को रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के भवन में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कही। जायसवाल ने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट पूर्ण रूपेण संतुलित है। इस बजट में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए अनेक प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले 5 वर्ष की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है, जिसमें 80 करोड़ से अधिक लोगों को लाभ होगा। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पैकेज की घोषणा की गई है, जिसमें 5 वर्ष की अवधि में 4 करोड़ युवाओं को लाभ मिलेगा। शिक्षा रोजगार और कौशल प्रशिक्षण के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। किसानों की खेती बाड़ी के लिए 32 कृषि और बागवानी फसलों की नई 109 उच्च पैदावार वाली जलवायु अनुकूल किस्में जारी की जाएगी। ईपीएफओ में पंजीकृत कर्मचारियों को प्रतिमाह अधिकतम 15000 वेतन होगा, जिससे 210000 युवाओं को परोक्ष रूप से लाभ मिलेगा। जायसवाल ने कहा कि बजट में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के लिए जैविक खेती करवाने की व्यवस्था पर जोर दिया गया।

उन्होंने कहा कि कीटनाशक दवाइयां एवं आधुनिक फर्टिलाइजर के उपयोग करने का दुष्परिणाम है। सिर्फ पंजाब में सात फीसदी स्वस्थ लोग कैंसर से पीड़ित पाए गए। उच्चतर शिक्षा के लिए बजट में युवा तथा युवतियों को 10 लाख तक का ऋण मिलेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और आंध्र प्रदेश को शामिल करते हुए पूर्वी क्षेत्र के चौहुमुखी विकास के लिए पूर्वोदय नामक योजना तैयार की है। सांसद ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत अब तक चार करोड़ आवास बनाया जा चुका है' आवास विहीन लोगों को तीन करोड़ आवास मुहैया कराने की योजना है। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत उन्होंने कहा कि ग्राम अभियान के तहत लगभग 63000 गांवों में निवास करने वाले पांच करोड़ जनजातीय वर्ग के लोगों को डायरेक्ट लाभ मिलेगा।

सांसद ने यह भी कहा कि युवाओं को शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप योजना के तहत 5000 प्रति माह इंटर्नशिप भत्ता और 6000 की एक मुश्त सहायता दी जाएगी। बजट में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक करोड़ घरों को प्रतिवर्ष मुफ्त बिजली प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने की योजना को बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने कहा कि पीएम मुद्रा योजना के तहत दी जाने वाली राशि 10 लाख से बढाकर 20 लाख कर दी गई है।

पत्रकार वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, रंजित सिन्हा, राजू चतुवेर्दी जिला महामंत्री खिरोधर साहू, रंजन फौजी, राजीव पामदत्त, विजय जायसवाल, सूर्यवंश श्रीवास्तव, सरदार अनमोल सिंह, बसूध तिवारी, राजू कुशवाहा, धनंजय कुमार पुटूस, संतोष कुमार शर्मा, धीरज साहू, मनोज गिरि सहित कई लोग शामिल थे।

# अफीम तस्करों को संरक्षण दे रहे हैं बरही एसडीपीओ : अकेला

## कहा- डीजीपी से करूंगा शिकायत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही।** विधायक उमाशंकर अकेला ने रविवार को एनएच आईबी में प्रेस वार्ता में बरही एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार पर पूर्व विधायक के दबाव में अफीम तस्कर और शराब माफियाओं को बचाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि एक जून को चौपारण के बगनबीघा निवासी संतोष यादव पिता प्रयाग यादव के घर पुलिस ने छापेमारी कर अफीम और डोडा की मशीन जब्त किया। मामले को लेकर चौपारण पुलिस ने नशीले पदार्थ रखने के जुर्म में कांड संख्या 187/24 दर्ज करते हुए संतोष यादव को प्राथमिकी अभियुक्त बनाया, परंतु पूर्व विधायक मनोज यादव के दवाब में एसडीपीओ ने सुपरविजन रिपोर्ट ही बदल दिया। विधायक ने एसडीपीओ पर आरोप लगाया है कि मुख्य अभियुक्त को बचाते हुए काम करने वाले व्यक्ति पवन कुमार टूटी को अभियुक्त बनाकर जेल भेज दिया गया। प्राथमिकी अभियुक्त को अनुसंधान की बात कह बचा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि चौपारण कांड संख्या 253/24 जो अपहरण का मामला है। इस कांड के मुख्य अभियुक्त को भी एसडीपीओ ने संरक्षण देकर जांच के दिशा को बदलने का कार्य किया है। दोनो कांड के अभियुक्तो को एसडीपीओ पूर्व विधायक के कहने पर बचा रहे है। उन्होंने यह भी बताया कि चौपारण पुतला दहन प्रकरण में 8 प्राथमिकी दर्ज की गई है। अब तक अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने स्थानीय पुलिस प्रशासन पर सवाल खड़ा करते हुए बताया कि दुर्भाग्य की बात है कि जब विधायक व उनका घर सुरक्षित नही है तो आम जन का क्या हो सकता है। एसडीपीओ के पक्षपात पूर्ण रवैया के खिलाफ विधायक ने डीजीपी झारखंड से लिखित शिकायत कर अपराधियों को जेल भेजवाने की बात कही।

### किसी का कोई दबाब नहीं है : एसडीपीओ

विधायक के आरोपी पर एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार ने बताया कि मामला अनुसंधानरत है। अभी कुछ लोगों को जेल भेजा जा चुका है। तथ्य की पुष्टि होते ही शेष अभियुक्तों को भी जेल भेजा जायेगा। अनुसंधान में किसी भीं प्रकार का पक्षपात नहीं किया जा रहा है अथवा किसी का भी कोई दबाब नही है। पुलिस निष्ठा पूर्वक कार्य कर रही है। संलिप्त कोई भी व्यक्ति नहीं बचेगा।

**पूर्व विधायक ने भी लगाया था आरोप :** 25 जुलाई को पूर्व विधायक ने प्रेस वार्ता कर वर्तमान विधायक और उनके पुत्र रवि शंकर अकेला पर शराब और अफीम तस्करी सहित कई संगीन आरोप लगाये थे। उन्होंने चौपारण चतरा रोड स्थित विधायक आवास को बाप बेटे की फैक्ट्री का संज्ञा देते हुए शराब और अफीम निर्माण की फैक्ट्री का संज्ञा दिया था।

### ओबीसी महापंचायत में अधिक लोग हों शामिल : विधायक

**बरही।** 6 अगस्त को टाउन हॉल बरही में विधानसभा स्तरीय ओबीसी महापंचायत होगा। आयोजन को लेकर विधायक उमाशंकर अकेला ने बताया कि ओबीसी महापंचायत में स्वास्थ्य एवं खाद्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं पूर्व मंत्री सह सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग केशव महतो कमलेश, ओबीसी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सह आवास बोर्ड सदस्य अभिलाष साहू, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, मांडू के पूर्व विधायक जय प्रकाश भाई पटेल शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि ओबीसी महापंचायत की तैयारी जोरों शोरों पर है। उन्होंने कहा कि ओबीसी आबादी के 55 प्रतिशत आबादी होने के बावजूद अब तक हमें हमारी भागीदारी नही मिली है। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 27 प्रतिशत काटकर 14 प्रतिशत कर दिया था। जिसके बाद विधायक श्री अकेला समेत अन्य विधायकों ने सदन में उक्त मामले को उठाया था। वर्तमान सरकार ने राज्यपाल को प्रस्ताव भेजा है लेकिन अब तक इसकी मंजूरी नही मिली है। श्री नागवाला ने कहा कि जातिगत जनगणना होनी चाहिए। भागीदारी के साथ हिस्सेदारी मिले।

# बारिश से केरेडारी में कई सड़कें टूटी

**समसाद अंसारी**

एनटीपीसी ने सड़क के किनारे गार्डवाल और नाले नहीं बनाया जिससे घरों में घुसा पानी : खातून



**केरेडारी।** केरेडारी के पांडु गांव के साथ साथ विभिन गावों में एक बार फिर से मानसून सक्रिय हो गया है। हजारीबाग समेत आसपास के जिलों में बारिश आफत बन गई हैं। सड़क से लेकर घरों तक पानी घुस गया है। पाण्डु ग्राम के नहर टोला मे घरों के साथ साथ सब पानी-पानी हो गया। सड़के जहां दरिया बन गई तो कच्ची बस्तियां जलमग्न नजर आने लगी।जगह-जगह सड़के धंस गई जिसमें जीवन अस्त -व्यस्त होग है। एनटीपीसी को फिर भी कोई अधिकारी सुध लेने नही पहुंचा। इससे विस्थापित प्रभावित भू रैयतों में आक्रोश एनटीपीसी प्रबंधन के खिलाप पनप रहा है। बुंडु पंचायत में भी सड़क टूटी और पुलिया बह गया। केरेडारी प्रखण्ड क्षेत्र के कई जर्जर सड़कों की पोल खुल गई हैं टूटी सड़क का गिट्टी जगह जगह बिखर गया है टूटी सड़क में पानी भरा हुआ है. सड़क पर वाहन चालकों को वाहन चलाने में काफी परेशानी हो रही है। मुखिया सकीबा खातून नेबताया कि एनटीपीसी जब ट्रांपोर्टिंग सड़क बना रही थी उस समय गार्डवाल एवं नाला पुलिया का निर्माण नहीं किया इससे पानी निकल नही पाया जिससे घरों में पानी घुस गया और सामान क्षतिस्त हो गया जिला प्रशासन से मांग करते है जल जमाव एवं सड़क की समस्या का निराकरण करे नही तो बाध्य होकर सड़क जाम करेंगे एवं पीएमओ से शिकायत करेंगे ।

### हेमंत सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लें : बेदिया

पदमा। पदमा पंचायत भवन परिसर में दिन रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ पार्टी का प्रखंड कमेटी का भी चुनाव कर विस्तार किया गया कार्यक्रम का अध्यक्षता नीलकंठ महतो एवं संचालन पप्पू सिंह तथा नजीर अहमद ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य संजीव बेदिया तथा अन्य जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय नेताओं को गुलदस्ता देकर एवं माला पहनाकर की गई। बेदिया ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं को लाभ लें। उन्होंने कहा कि झामुमो एक आंदोलनकारी पार्टी है । यह पार्टी सभी लोगों के लिए एक परिवार की तरह खड़ा रहता है और हेमंत सरकार में आदिवासी मूल निवासी ,गरीब महिला, पुरुष के लिए कई प्रकार की योजनाएं चलकर सरकार सम्मान देने का काम कर रही है।

# हेसला पंचायत का अस्तित्व खत्म नहीं होने देंगे : अंबा

▸▸ 2017 में आजसू-भाजपा की सरकार ने हेसला की भूमि जियाडा व पेप्सिको को दिया

▸▸ विधायक अंबा प्रसाद ने सीएम हेमंत सोरेन को सौंपा ज्ञापन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हेसला पंचायत के 212 क्वार्टर को रद्द व पंचायत में रह रहे लोगों के इस भीषण बरसात में क्वार्टर खाली कराये जाने के मामले में पर ग्रामीणों के साथ 13 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधान सभा स्थित कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री को हेसला पंचायत के मामलों को गंभीरता पुर्वक सारी वस्तुस्थिति से अवगत कराया। विधायक ने कहा कि यहां पर कई पीढ़ी से लोग निवास करते आ रहे हैं। लगभग लोग सरकार को राजस्व भी देते हैं और बहुत लोग विस्थापित भी हैं। जब 2017 में भाजपा-आजसू गठबंधन सरकार में इसका एमओयू हुआ था। उसके बाद उन्ही के सरकार में जियाडा व पेप्सिको को भूमि एलॉट किया गया है। उस समय यहां के पीढ़ी दर पीढ़ी रह रहे विस्थापित और प्रभावित लोगों की चिंता नहीं की गयी। जब जियाडा जमीन पेप्सिको को दे दी उसके बाद शेष परिसम्पति किस आधार पर लोगों को क्वार्टर एलाउट किया। आज हेसला का पूरा सहित, हनुमानगढ़ी, पंचमंदिर, शाह कालोनी सहित आधा भाग कटिया पंचायत का भी अस्तित्व खतरे में है। यहां ऐसे परिवार भी निवास कर रहे हैं जिसका पुत्र और पिता दोनों बाहर हैं। घर में अकेली वृद्ध महिला हैं। ऐसे में इस भारी बारिश में ये लोग कहां जायेंगे। यह उस समय का जनता को अनदेखी कर चार-पांच पंचायत के अस्तित्व को मिटाने वाला फैसला लिया गया था। इस विषय को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गंभीरता पुर्वक सुनने के बाद उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया। पीटीपीएस शेष परिसंपत्ति के प्रशासक द्वारा 212 आवासों के आवंटन को रद्द करने एवं पंचायत खाली करने के लिए निकाली गई नोटिस एवं कारवाई की जानकारी प्राप्त होते ही विधायक अंबा प्रसाद ने उक्त ग्राम पंचायत पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात कर लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात करने की बात कही थी। सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात करने वालो में जय प्रकाश सिंह ननकी, मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र झा, पंचायत समिति सदस्य पुष्पा कुमारी, वार्ड सदस्य लक्ष्मी देवी, सुरजमनि कुमारी, पार्वती देवी, मुनीया देवी, तापस दास, अंजन प्रसाद व अन्य शामिल थे।

## एक नजर में

### राजकेशरी कंस्ट्रक्शन ऑफिस में गार्ड की मौत

बरकट्ठा । जीटी रोड स्वर्णिम चतुभुर्जी मार्ग को सिक्सलेन के लिए अपग्रेड कार्य करने वाली राजकेशरी कंस्ट्रक्शन कंपनी के बरकट्ठा स्थित कोषमा कैंप कार्यालय में कार्यरत नाईट गार्ड की अचानक मौत शनिवार के रात में हो गई। मौत के बाद सभी कर्मी भाग खड़े हुए। इसकी जानकारी देर रात में परिजन और ग्रामीणों को हुई। लोग कैंप कार्यालय पहुंचे तो देखा कि गार्ड अख्तर अली पिता अलीजान मियां ग्राम घंघरी, तरबेचवा की मौत हो गई है। रात में ही ग्रामीण कंपनी के पदाधिकारियों को इसकी सूचना दी। लेकिन कंपनी के लोग रविवार को पहुंचे। इसी बीच ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर कैंप कार्यालय के मेनगेट के पास शव को रखकर जाम कर दिया। मुआवजे में मृतक के परिजन को 10 लाख रुपये देने की मांग पर अड़े थे। इसी बीच ग्रामीणों के मांग के समर्थन में जिप सदस्य कुमकुम देवी, जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया के प्रतिनिधि सीके पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र ठाकुर, पूर्व पंसस सदस्य प्रतिनिधि मुख्तार अंसारी, बबुन अंसारी, इसराईल अंसारी सहित सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे। वार्ता के क्रम में मुआवजा राशि पांच लाख पर ग्रामीण अड़ गए। लेकिन कंपनी के पदाधिकारी तीन लाख देने की बात कही। उसमें एक लाख फिलहाल और बाकी के दो लाख बाद में देने की बात कही। इसपर ग्रामीण मानने को तैयार नहीं हुए।

### चरही में अवैध कोयले से लदा ट्रक जब्त

चरही। शनिवार देर शाम को वन विभाग के लोगों ने अवैध कोयले से लदे ट्रक को पकड़ा। 14 माइल स्थित मल्हार टोला में एक चौदह चक्का ट्रक नंबर जेएच 02ए वाई/3251पर कुछ कोयला तस्करों के द्वारा उक्त ट्रक पर कोयला लोड किया गया था। ट्रक पर करीब 31टन अवैध कोयला लोड था। ट्रक स्थल से निकलने के क्रम में कीचड़ में फंस गया।जिसकी गुप्त सूचना वन विभाग के लोगों को मिली थी। विभाग ने अवैध कोयला लदे ट्रक के पास पहुंचकर जब्त किया। चरही प्रभारी वनपाल शैलेंद्र कुमार, मांडू प्रभारी सुनील कुमार विकास उरांव,शिकारी हेम्ब्रोम और संजय कुमार महतो थे।

### बारिश से बहा सड़क पर डाला गया मोरम

केरेडारी। गांव बटुका में पिंछले दिनों मूसलाधार बारिश से सड़क बह गया था जिसके कारण खपिया, बटुका, बुंडू का संपर्क टूट गया था लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी बटुका के लोगों ने अपनी परेशानी आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी को बताया तत्पश्चात उन्होंने संज्ञान में लेते हुए आजसू पार्टी के केरेडारी प्रखंड सचिव मोहन कुमार को बोला कि तत्काल सड़क में मिट्टी मोरम भर कर आवागमन शुरू किया जाए। जिससे वहां के लोगों को परेशानी झेलना ना पड़े। रोशन लाल चौधरी के आदेशानुसार बटुका के कार्यकर्ताओं ने जेसीबी और ट्रैक्टर की व्यवस्था कर सड़क में मिट्टी भर कर आवागमन शुरू करवाया। इस कार्य से वहां के लोग काफी खुश हुए। इस कार्य के लिए रोशन लाल चौधरी को धन्यवाद दिया। इस इस कार्य को करवाने में मुख्य रूप से प्रखंड सचिव मोहन कुमार, छात्र नेता चंदन कुमार महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष महेंद्र महतो, अशोक महतो, मिथिलेश चौधरी,दिलीप महतो, विशेश्वर महतो सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### झरपो पंचायत भवन में पानी की व्यवस्था नहीं

**टाटीझरिया ।** झरपो पंचायत सचिवालय प्रांगण में झारखंड सरकार और हजारीबाग जिला उपायुक्त नैंसी सहाय की पत्रांक संख्या 08 में मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना शिविर में निकाली गई आदेश पत्र के नियमो को धज्जियां जा रहा है। शिविर में आए महिलाओ को पीने के लिए शुद्ध पानी और सौचलय जाने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं रहने के कारण काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। रात्रि प्रहरी सह सफाई कर्मी गणेश रविदास ने बताया कि पानी नहीं रहने की शिकायत हमने कई बार पंचायत सचिव गुड़िया रानी और पंचायत के मुखिया शिबू प्रसाद सोनी को दिया लेकिन अब तक किसी ने भी समस्याओं का समाधान नहीं किया ।

### बरही चित्रांश समाज की बैठक संपन्न

**बरही।** सूर्य मंदिर परिसर स्थित चित्रगुप्त मंदिर के प्रांगण में बरही चित्रांश समाज की बैठक हुई। जिसमें बरही, बरसोत, गौरियाकरमा आदि विभिन्न स्थानों से दर्जनों चित्रांश शामिल हुए। इसकी अध्यक्षता व संचालन अखिल भारतीय कायस्थ्य महासभा (अभाकाम) के जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिन्हा ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य बरही उपसमिति का गठन करना था। समाज में एकता और मजबूरी बनी रहे, इसे लेकर चित्रांश बंधुओ के बीच विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुआ। यह बाते सामने आई कि कुछ चित्रांश अभी भी समिति गठन को लेकर इच्छुक नजर नहीं आ रहे है। ऐसे लोगो से एक बार फिर से संपर्क करने का निर्णय लिया गया। जिससे एक मजबूत सर्वमान्य कमिटी गठन किया जा सके। इसके लिए वरिष्ठ चित्रांशों के साथ रायशुमारी कर 18 अगस्त को बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सुमित कुमार सिन्हा, भारत भूषण श्रीवास्तव, निखिल कुमार, नवीन बक्शी, चंदन कुमार सिन्हा, कुणाल कतरियार, आशीष सिंहा, कुंदन कुमार सिन्हा, रविंद्र कुनार सिन्हा, संतोष कुमार बख्शी, अनिल कुमार बख्शी, जयदीप कुमार सिन्हा, प्रभात कुमार सिन्हा, प्रिंस सिन्हा आदि कई चित्रांश मौजूद थे।

### मंईयां योजना का केदारुत में लगा शिविर,

बरही। मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना को लेकर बरही केदारुत पंचायत भवन में शिविर लगा। शिविर में मुखिया सरिता देवी, पंसस विकास सिंह लाभुको को फार्म देकर कार्यक्रम की शुरूआत की।पदाधिकारियों ने कहा कि 21 से 50 वर्ष के लाभुको को इस योजना का लाभ मिले। आवेदन आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध कराया गया है। फॉर्म भरकर शिविर में ही ऑनलाइन करने की व्यवस्था की गई है लेकिन सर्वर नहीं चलने के कारण ऑनलाइन नहीं हो सका। केदारुत पंचायत भवन में मुखिया सरिता देवी, प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, पंचायत सचिव सह बीपीआरओ खड्गधारी मेहता सहित सभी आंगनबाड़ी सेविका मौजूद रहे। शिविर में कुल 936 फॉर्म प्राप्त हुआ। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, पंचायत सचिव खड्गधारी प्रसाद महतो, कम्प्यूटर ऑपरेटर मोहन मिर्धा, दीपक साव, वार्ड सदस्य ममता देवी, सुजीत सिंह, रेणु देवी, चमेली देवी, यशोदा देवी, अंजू देवी, सुषमा देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बड़कीटांड़ में फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज



**बरकट्ठा।** बड़कीटांड़ में सरना क्लब के तत्वावधान में फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का आयोजन किया गया। मैच के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी यादव, जिप सदस्य प्रतिनिधि सीके पांडेय, शिलाडीह मुखिया निजाम अंसारी, गोरहर मुखिया प्रेमिका कुमारी, पंस सदस्य आमना बीवी, पंसस ज्योति कुमारी, पंसस लखन महतो, उपमुखिया सहदेव पासवान, अरुण कुमार महतो उपस्थित थे। मैच का उदघाटन जानकी यादव ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि फुटबॉल भारत का लोकप्रिय खेल रहा है। खेल से शारीरिक, मानसिक विकास के साथ अनुशासन भी सिखाता है। उदघाटन मैच डुमरियाटांड़ और बभनी टीम के बीच हुआ। इसमें पेनाल्टी शूट से डुमरियाटांड़ की टीम विजयी हुई। मैच शुरू होने के पूर्व खिलाड़ियों के हौसला बढ़ाने और खेल को प्रोत्साहन देने को लेकर टीम के बीच फुटबॉल देकर सम्मानित किया।

### काली मंदिर में महिलाओं ने की पूजा-अर्चना



**रामगढ़।** नईसराय काली मंदिर में शनिवार को महिलाओं ने अमावश्या पर मां काली की पूजा की। इसके बाद लोगों के बीच खिचड़ी के भोग का वितरण किया। श्रृंगार कर महिलाएं सावन उत्सव में शामिल हुईं और एक दूसरे को सावन की बधाई दी। कार्यक्रम में संध्या शर्मा, रीना शाह, रेखा देवी, सरोज देवी, वीणा देवी, शशि देवी, इन्दू देवी, नेहा देवी, नीतू देवी आदि शामिल हुई।

## स्पीड न्यूज

### नौ अगस्त को तिरंगा यात्रा की तैयारी जोरों पर

**डोमचांच (कोडरमा)।** युवा शक्ति एक नई सोंच के तत्वधान में हर वर्ष 9 अगस्त को आयोजित की जाने वाली तिरंगा यात्रा की तैयारी जोरों पर है। इसे लेकर युवा शक्ति की टीम का हर सदस्य आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

### ग्रिजली कॉलेज में किया गया पौधरोपण

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं विश्व हिन्दू परिषद के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज परिसर में विवि प्रकार के फलदार पौधे लगाये गये। वहीं विश्व हिन्दू परिषद के प्रतिनिधियों द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडवासियों एवं ग्रामीणों को लगभग एक हजार फलदार पौधे पर्यावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखने के लिए वितरण किया गया।

### आमरण अनशन को लेकर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने की बैठक

**कोडरमा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई की बैठक जिलाध्यक्ष शिव शंकर रजक की अध्यक्षता में आदर्श मध्य विद्यालय झुमरी तिलैया में की गयी। बैठक का संचालन जिला महासचिव रविकांत रवि ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ प्रदेश इकाई झारखंड के द्वारा पूर्व प्रायोजित आमरण अनशन को लेकर की गई, जिसमें जिला कार्यकारिणी पदाकािरी एवं प्रखंड कार्यकारिणी पदाकािरी उपस्थित हुए। वहीं सोमवार को रांची में मुख्यमंत्री आवास के नजदीक आमरण अनशन को लेकर तैयारी की गई। जिसमें जिले से जिला कार्यकारिणी के जिलाध्यक्ष शिव शंकर रजक, जिला महासचिव रविकांत कुमार रवि, जिला संगठन सचिव सुभाष चंद्र, जिला उपाध्यक्ष शंकर दयाल एवं जिला कार्यालय सचिव सत्यदेव प्रसाद जाएंगे।

### पति ने पत्नी के संदेह पर जहर खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिगहा निवासी सुरेश मेहता पिता देवनारायण मेहता ने रविवार को जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। वहीं ग्रामीणों ने एम्बुलेंस की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए टायर जलाकर कोडरमा–गिरिडीह रोड लगभग दो घंटा जाम कर हंगामा करने लगे। वहीं ग्रामीणों ने अरोप लगाते हुए कहे की सुरेश मेहता को उसकी पत्नी गिरजा देवी, उसकी पुत्री और गिरजा देवी के प्रेमी ने मिलकर जहर खिलाकर हत्या करने का प्रयास किया है। जब तक पुलिस उक्त तीनों को गिरफ्तार नहीं करेगी तब तक हमलोग सड़क जाम को नहीं हटाएंगे। वहीं घटना के सबंध में पीड़ित सुरेश मेहता ने बताया कि मेरी पत्नी किसी और के साथ घूमती है, जिस कारण मैं आईएमसी का दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया।

### भोंडो मुखिया कोयल देवी ने पंचायत के विकास के लिए सांसद से की मांग

**चंदवारा (कोडरमा)।** चंदवारा प्रखंड अंतर्गत भोंडो मुखिया कोयल देवी ने अपने पंचायत के विकास के लिए हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल से कई मांग की है, ताकि पंचायत के साथ–साथ क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिल सके। उनके द्वारा किये गए मांगों में भोंडो पंचायत में उत्क्रमित मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में स्वीकृत किया जाए ताकि क्षेत्र के लोगों को पढ़ने के लिए दूर नहीं जाना पड़े और साथ–साथ डिजिटल क्लास की सुविधा दी जाय, भोंडो पंचायत में एक राष्ट्रियकृत बैंक के साथ मिनी पोस्ट ऑफिस होना चाहिए, पंचायत में एक भी मॉडल आंगनबाड़ी नही है, इसलिए पांच मॉडल आंगनबाड़ी होनी चाहिए, एक खेल का मैदान होना चाहिए, क्योंकि हमारे पंचायत में पर्याप्त मात्रा में सरकारी गैरमजूरवा जमीन कई लोग अधिग्रहण किए हुए हैं, जिसे मुक्त कर एक अच्छा खेल का मैदान बनाया जाना चाहिए, पंचायत का नाम भोंडो से बदलकर भरतपुर कर दिया जाय जो मांग वर्षों से चला आ रहा है।

### सर्व सम्मति से मनोज कुमार झुन्नू संयोजक व महेश भारती बनाये गये सह संयोजक

# पॉलिटेक्निक कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** पॉलिटेक्निक कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति कोडरमा के पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत रविवार को पॉलिटेक्क्रि कॉलेज बागीटांड़ कोडरमा के मुख्य गेट के पास समाजसेवी मनोज कुमार झुन्नू की अध्यक्षता एवं महेश भारती के संचालन में संपन्न हुई।

बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज को बंद कर के जयनगर गोहाल ले जाने का पुरजोर विरोध किया। मौके पर सभी वक्ताओं ने कहा की कोडरमा की धरती को सुनसान बनाने का जो भी लोगों ने भी षड्यंत्र किया है, उसे जनता सबक सिखाएगी। वहीं श्री झुन्नू ने कहा की जयनगर गोहाल में भी कॉलेज खुले उसका हम सभी समर्थन और स्वागत भी करते है, लेकिन कोडरमा पॉलिटेक्निक कॉलेज को बंद करके वहां खोलना यह कही से भी उचित नहीं है। इसका हम सभी लोग पुरजोर विरोध करेंगे। वहीं श्री भारती ने कहा कि कोडरमा की धरोहर माइनिंग कॉलेज का धराशाई होना और जन प्रतिनिधि खामोश है। यह कोडरमा के जनता के पांव के नीचे से जमीन खिसकने जैसा है। कॉलेज ऐसा जगह जा रहा है जहां छात्रों के लिए खास कर छात्राएं के लिए कोई मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। बैठक में कोडरमा बचाओ संघर्ष समिति का गठन किया गया, जिसके संयोजक मनोज कुमार झुन्नू एवं सह संयोजक महेश भारती चुने गए। मुख्य मांगों में कोडरमा पॉलिटेक्क्रि कॉलेज को यथावत रखते हुए इसका स्थानांतरण पर रोक लगाया जाय। साथ ही गोहाल में नए कॉलेज का दर्जा दिया जाय। जेजे कॉलेज झुमरी तिलैया को बिनोवा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में ही रहने दिया जाय। कोडरमा पॉलिटेक्क्रि कॉलेज परिसर स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज को निजीकरण पर तुरंत रोक लगाया जाय। बैठक में तीनो मांगो को लेकर एक सप्ताह के अंदर जिला प्रशासन से लेकर महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, जिप अध्यक्ष व उपायुक्त सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को स्मार पत्र देने का निर्णय लिया गया। मौके पर लक्षण यादव, संजीव समीर, हिमांशु कुमार आचार्य, सुखदेव यादव, दीपक कुमार नवीन, दीपक कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार, सूरज कुमार सिन्हा, मो.सोनू, सूरज प्रताप यादव, रौनक कुमार यादव, कासिफ अहमद, मो.अली, विकास सोनी, मिथलेश कुमार, अमन कुमार, अंकित कुमार, विशाल कुमार, अमित प्रजापति, सुमित कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना : दूसरे दिन भी लगा शिविर



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का जिले के सभी महिलाएं व बहनों को लाभ दिलाने के लिए प्रखंडों के पंचायत व गांवों के साथ साथ शहरी क्षेत्रों के सभी वार्डों में दूसरे दिन भी शिविर का आयोजन किया गया। वहीं मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए जिले भर की महिलाएं व बहनें शिविर में आकर अपने अपने आवेदन जमा किये। बता दें कि योजना से लाभुकों को जोड़ने के लिए आगामी 3 से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### फार्म भरवाने के नाम पर लाभुकों से रुपये वसूलने का मामला प्रकाश में

**कोडरमा।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का फर्म भरवाने के नाम पर लाभुकों से 100 से 200 रुपये वसूलने का मामला प्रकाश में आया है। कुछ महिलाओं ने शनिवार को बताया कि फर्म देने के नाम पर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका ने पहले घर बुलाया और फर्म के एवज में 100 से 200 रुपये की मांग की, इस संबंध में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा ने बताया कि इस तरह की शिकायतें उन्हें भी मिली है, जांच का निर्देश दिया गया है।

## दूसरे दिन भी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का सर्वर रहा डाउन



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में रविवार को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का आवेदक ऑनलाइन करने को लेकर सर्वर नहीं रहने के कारण घंटो लाइन में खड़ा रहने के बाद भी ऑनलाईन नहीं हो पाया। जिससे लाभार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बता दें की मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 तक की महिलाओं को प्रत्येक माह एक हजार रुपए मिलना है, जिसके लिए ऑनलाइन एंट्री कर महिलाओं का ऑनलाइन आधार वेरीफिकेशन किया जाना है।

लेकिन दूसरे दिन भी पंचायत में सर्वर नहीं रहने के कारण सीएससी केंद्र के संचालक को भी योजना के तहत महिलाओं का आवेदन ऑनलाइन करने में काफी परेशानी हो रही है।

वहीं सीएससी संचालक बताते हैं कि सिर्फ फॉर्म लेकर आवेदन करना होता तो कहीं से भी जाकर ऑनलाइन फॉर्म भर देते, लेकिन सभी महिलाओं का आधार वेरीफिकेशन के साथ मोबाइल में ओटीपी जाएगा, इसके बाद ही आवेदन भरा जाएगा।

### अवैध बालू भंडारण पर खनन विभाग की कार्रवाई

**चतरा।** जिले के टंडवा में अवैध बालू के परिवहन और भंडारण के कारोबार पर जिला खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। एनजीटी लागू होने के बावजूद टंडवा में अवैध बालू का कारोबार फल-फूल रहा था। उपायुक्त चतरा रमेश घोलप और जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो के निर्देश पर खनन विभाग की टीम ने अम्रपाली परियोजना में सीसीएल के टाउनशिप निर्माण में लगे रामकृपाल सिंह कंस्ट्रक्शन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 45000 वर्ग फुट बालू और 6000 वर्ग फुट पत्थर अवैध रूप से भंडारित पाए गए।खनन विभाग की टीम ने इसे जब्त कर टंडवा थाना में कांड दर्ज कराया है। टंडवा थाना ने कांड संख्या 227/24 दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। जप्त खनिज संपदा को रामकृपाल सिंह कंस्ट्रक्शन के साइट इंचार्ज नितिन कुमार को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया है।छापामारी दल ने इसे सरकारी राजस्व और संपत्ति की चोरी करार दिया है। रामकृपाल सिंह कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा समर्पित ई-चालान विवरण की भी जांच की गई है। थाना में दर्ज केस के अनुसार, पत्थर और बालू भंडारण के लिए खनन विभाग से अनुज्ञप्ति 14 जुलाई 2022 को मिली थी। लेकिन मासिक रिटर्न दाखिल नहीं किए जाने और डीलर लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन करने पर अनुज्ञप्ति को 26 जुलाई 2024 से रद्द कर दिया गया है। जिला खनन विभाग की इस कार्रवाई से टंडवा में छोटे-बड़े कंस्ट्रक्शन कंपनियों और बालू तस्करों में हड़कंप मच गया है। पिछले हफ्ते ही टंडवा थाना ने 8 ट्रैक्टरों को जब्त कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

# सावन को लेकर रुद्राभिषेक का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मधुबन स्थित शिव मंदिर में रविवार को रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बता दें कि इस मंदिर में प्रति वर्ष सावन में रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित होता है। जिसमें आस-पास के सभी वर्ग के लोग शामिल होते हैं। इस वर्ष रुद्रभिषेक में पूजा-अर्चना अभिषेक कुमार पांडेय ने कराई। जबकि यजमान के रुप में उज्ज्वल कुमार पांडेय और संध्या पांडेय तथा पुरुषोत्तम पांडेय और संजना देवी थे। पूजा के बाद सभी भक्तों के लिए महा प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्वालु शामिल हुए।



## ब्राउन शुगर व अफीम के साथ इटखोरी का तीन युवक रांची में गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र के हेसल में पुलिस ने एक घर में छापेमारी कर चार करोड़ का भारी मात्रा में ब्राउन शुगर, छह किलो 640 ग्राम अफीम और 15 लाख एक हजार 400 रुपये नकद के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में से चतरा जिला के इटखोरी थाना क्षेत्र के नगवां निवासी तुलेश्वर कुमार, वीरेंद्र दांगी और रवि दांगी शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से पांच मोबाइल और एक क्रेटा कार भी जब्त की है।

पूछताछ में पता चला कि आरोपी चतरा, खूंटी और तमाड़ सहित कई जगहों से अफीम की खरीदारी कर अफीम से ब्राउन शुगर बनाते थे। पुलिस ने उनके मोबाइल से अन्य तस्करों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

# रामलखन चौथे बार में जेपीएससी की परीक्षा में पायी सफलता

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित दक्षिणी पंचायत के बाज़ार मुहल्ला निवासी होटल चलाने वाले किशोरी मोदी व चंपा देवी के छोटे बेटे रामलखन बर्णवाल ने झारखंड में आयोजित जेपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल की है। रामलखन के डीएसपी बनने की खुशी में परिवार और गांव में जश्न का माहौल है। वहीं रामलखन ने बताया कि उन्होंने प्राथमिक शिक्षा ग्राम मरकच्चो से प्राप्त कर मैट्रिक की परीक्षा सर्वोदय जमा दो उच्च विद्यालय मरकच्चो से पास की, स्नातक की परीक्षा रामलखन कॉलेज झुमरीतिलैया से पास की, इसके बाद वे रांची में रहकर पढ़ाई करने लगे। घर की माली हालत ठीक नहीं रहने के कारण उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा व पढ़ाई के दौरान पढ़ाने का भी कार्य करने लगे। वहीं रामलखन ने बताया कि चौथे बार की परीक्षा में यह सफलता मिली है। रामलखन ने इसका श्रेय अपने माता-पिता व अपने बड़े भाई सूर्यदेव कुमार, दीपक उर्फ बजरंगी को दिया है। रामलखन के डीएसपी बनने पर चाचा नारायण मोदी, रीता देवी, गुड़िया देवी, सावित्री देवी, राजकुमार यादव, गोविंद शरण मोदी, नितिन चन्द्र गुप्ता, रविशंकर तिवारी उर्फ मंटू, प्रवीण चन्द्र गुप्ता, विजय कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह, कैलाश यादव, प्रदीप सिन्हा, दीपक पांडे, रानी सिंह, रविशंकर सिंह रिंकू, कृष्णा मोदी, राजेश बर्णवाल टुनटुन, अनिल बर्णवाल, अजय बर्णवाल, पवन बर्णवाल समेत अन्य लोगों ने खुशी व्यक्त की है।

# चतरा सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन खराब होने से मरीज परेशान

## रेडियोलॉजिस्ट न होने से बंद पड़ी है 52 लाख की अल्ट्रासाउंड मशीन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सदर अस्पताल में 52 लाख की लागत से खरीदी गई अल्ट्रासाउंड मशीन बेकार पड़ी है, जिससे मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। अल्ट्रासाउंड कराने के लिए लोगों को हजारीबाग, रांची, गया समेत अन्य जिलों में जाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें समय और पैसे की बबार्दी के साथ-साथ मानसिक परेशानी भी उठानी पड़ रही है। सदर अस्पताल में प्राइवेट कंपनी मनीपाल हेल्थ द्वारा केवल गर्भवती महिलाओं का ही अल्ट्रासाउंड किया जा रहा है, जिससे पेट समेत अन्य संबंधित मरीजों का चतरा में अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहा है। लगभग डेढ़ साल पहले जिले के लोगों को अल्ट्रासाउंड की सुविधा देने के लिए विशेष केंद्रीय सहायता मद से 52 लाख की लागत से अल्ट्रासाउंड मशीन खरीदी गई थी, लेकिन रेडियोलॉजिस्ट नहीं रहने के कारण मशीन का संचालन नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा, अल्ट्रासाउंड मशीन को अधिक कीमत में खरीदे जाने का मामला भी जांच में फंसा हुआ है और जांच पूरी नहीं हो पाई है। लोगों का कहना है कि मशीन की कीमत 15 से 20 लाख के बीच होनी चाहिए थी, लेकिन विभाग ने इसे 52 लाख में खरीदा, जिस पर शिकायत की गई है। उपायुक्त ने जांच के लिए कमेटी गठित की थी, लेकिन अभी तक जांच पूरी नहीं हो पाई है। अल्ट्रासाउंड मशीन का उद्देश्य अस्पताल आने वाले मरीजों को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड करना है। लोगों ने उपायुक्त से अविलंब सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरू करने की मांग की है। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ मनीष लाल ने कहा कि प्राइवेट कंपनी द्वारा संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर में सभी लोगों का अल्ट्रासाउंड कराने का प्रयास किया जा रहा है। रेडियोलॉजिस्ट उपलब्ध होते ही सदर अस्पताल में पड़ी मशीन को संचालन में लाया जाएगा, ताकि जिले के लोगों को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए दूसरे जगह न जाना पड़े।



## एक नजर में

### पितीज से कांवरियों का जत्था सुल्तानगंज रवाना, देवघर में करेंगे बाबा पर जलाभिषेक



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** सावन के पावन महीने के अवसर पर रविवार को इटखोरी प्रखंड अंतर्गत पितीज पंचायत से पत्रकार महेश कुमार प्रजापति समेत दर्जनों कांवरिया का जत्था देवघर के लिए रवाना हुआ। सभी कांवरिया बंधु सुलतानगंज में उत्तर वाहिनी गंगा से जल भरकर पाँव पैदल 105 किलोमीटर देवघर जायेंगे और बाबा भोले शंकर पर जल अभिषेक करेंगे। उसके बाद बासुकीनाथ में पूजा अर्चना करने सहित कई मंदिरों में पूजा अर्चना करेंगे। सभी भक्तजन जिले के सुप्रसिद्ध माता भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना कर यात्रा की शुरूआत की। मंदिर के पुजारी द्वारा मंत्रोच्चार कर यात्रा की शुरूआत कराई गई। इस दौरान भक्त जनों के चेहरे पर उत्साह का माहौल देखा गया। जल्था में पत्रकार महेश कुमार प्रजापति, किसुन प्रजापति, मुकेश केशरी, नरेश प्रजापति, टेनी भुइया, रोहित प्रजापति, प्रमोद प्रजापति, विजय दांगी, उदय साव, लखन दांगी, सुब्रोतो चटर्जी (बकटु), निर्मल दांगी, डब्ल्यू दांगी, प्रभु गुप्ता, धर्मेन्द्र रजक, रवि दांगी, धीरज दांगी समेत दर्जनों महिला व पुरूष काँवरिया रवाना हुए।

## पूर्व डीएसपी केदारनाथ राम ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा के पूर्व डीएसपी केदारनाथ राम ने भाजपा का दामन थाम लिया है। सेवा निवृत डीएसपी केदार राम ने भाजपा के रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

डीएसपी मुख्यालय पद से सेवानिवृत्त होने के बाद से ही केदारनाथ राम ने समाज सेवा का मन बना लिया था और आज उन्होंने भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री सह झारखंड प्रभारी भोला सिंह के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री ने उन्हें अंग वस्त्र देकर और पुष्प गुच्छ से सम्मानित कर पार्टी में उनका स्वागत किया। इस मौके पर अनुसूचित जाति मोर्चा के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास भी मौजूद रहे।

## भीम बिरसा इम्मेंस फाउंडेशन को मिला श्री चिरंजीलाल धानुका सेवा पुरस्कार



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** लायंस क्लब ऑफ दिल्ली अलखनंदा के 31 वें इंस्टॉलेशन कार्यक्रम में झारखंड की संस्था भीम बिरसा इम्मेंस फाउंडेशन को सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए श्री चिरंजीलाल धानुका सेवा पुरस्कार से नवाजा गया। फाउंडेशन की सरिता पांडे ने एक लाख रुपए का चेक और प्रशस्ति पत्र ग्रहण किया। सरिता पांडे ने कहा कि यह उनके लिए गौरव की बात है कि देश की राजधानी में झारखंड जैसे पिछड़े प्रदेश में सामाजिक उत्थान के लिए भीम बिरसा इम्मेंस फाउंडेशन के कार्यों को सम्मानित किया जा रहा है। एलसीएनडीए के अध्यक्ष लायन भीमसेन गोयल ने सरिता पांडे द्वारा फाउंडेशन के माध्यम से सामाजिक क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि यह सम्मान प्रयास की जीत है।

भीम बिरसा इम्मेंस फाउंडेशन ने झारखंड में कई सामाजिक कार्य किए हैं, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण शामिल हैं। फाउंडेशन ने राज्य के कई गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद की है।

## नए डिस्पैच ऑफिसर ने पदभार ग्रहण किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** मगध कोल परियोजना के नए डिस्पैच ऑफिसर राजीव रंजन कुमार ने पदभार ग्रहण किया और निवर्तमान डिस्पैच ऑफिसर दयाशंकर ओझा ने उन्हें पत्र और पूरी जिम्मेदारी सौंपते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।राजीव रंजन ने बताया कि वह पहले न्यू माजरी एरिया ओपन कास्ट में सेफ्टी ऑफिसर के पद पर थे और उन्हें पदोन्नति मिलने के बाद मगध कोल परियोजना में डिस्पैच ऑफिसर के रूप में नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर अनमोल कुमार अशोक सिंहा सहित अन्य लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## स्पीड न्यूज

### बारिश से गरीब किसान का घर हुआ क्षतिग्रस्त, सहायता की लगायी गुहार



**सिसई।** दो दिनों से हुए लगातार बारिश से सिसई प्रखंड के लरंगो पंचायत के लादा गांव निवासी दिनेश उरांव का घर बीते रात पूर्ण रूप से ढह गया। घर ढहने से दिनेश उरांव के परिवार को सर छुपाने की विकट समस्या उत्पन हो गयी। गरीबी होने के कारण वह खुद से घर भी नही बनवा सकते हैं। वे बीपीएल परिवार से आते है। दिनेश के छोटे छोटे तीन बच्चे हैं। पत्नी बीमार रहती है। अभी बरसात का मौसम है ऐसे में घर का ढह जाने से दिनेश के उपर एक मुसीबत टुट पडा है। रहने को घर नहीं है। भुक्तभोगी किसान करे भी तो क्या। दिनेश उरांव ने प्रखंड प्रशासन से तत्काल मुआवजा देने की मांग की।

### मुख्यमंत्री मंइंया सम्मान योजना के तहत जारी प्रखंड में लगा शिविर

**जारी।** जारी प्रखंड अंतर्गत गोविंदपुर, जरडा, मेराल, सीसी करम टोली, सिकरी सहित अन्य पंचायत में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत कैंप लगाया गया। कैंप में दूरदराज से आए सैकड़ो महिलाओं ने योजना का लाभ लेने के लिए फॉर्म भरा। कैंप में सभी पंचायत के मुखिया और पंचायत सेवक सहित संबंधित कर्मी उपस्थित थे। उपस्थित कर्मियों ने बताया यह कैंप 10 अगस्त तक लगाया जाएगा। वही 21 से 50 साल तक की महिलाओं को योजना का लाभ मिलेगा। जो हरा या पीला राशन कार्ड धारी हैं। इसके लिए सभी आंगनवाड़ी सेविकाओं को भी फार्म उपलब्ध करा दिया गया है। चयनित लाभुकों को हर माह 1000 मिलेंगे। आवेदिका का राशन कार्ड,आधार कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर आईडी कार्ड और दो पासपोर्ट साइज फोटो लगेंगे। आवेदक विभागीय वेबसाइट पर जाकर भी डाउनलोड कर सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए प्रत्येक आवेदिका के बैंक खाते की आधार सीडिंग करना आवश्यक है। ताकि राशि के भुगतान में कोई बाधा ना हो।

### खेत में काम करने के दौरान तीन अलग-अलग स्थानों पर तीन लोग सर्पदंश के हुए शिकार

**गुमला।** असंगठित कामगार कांग्रेस जिलाध्यक्ष सह प्रखंड 20 सूत्री सदस्य मुख्तार आलम ने अपने टीम के सदस्यों के साथ रविवार को सर्पदंश से जख्मी गुमला सदर अस्पताल में इलाजरत मरीजों से मुलाकात की और उनका हाल–चाल जाना। सदर अस्पताल गुमला में सर्पदंश से जख्मी विशुनपुर प्रखंड के चंपाटोली ग्राम निवासी सुखदेव उरांव, प्रखंड डुमरी ग्राम करमडोन निवासी सतीश साव व विशुनपुर प्रखंड के बाहर सेरका गांव निवासी बंधनु उरांव इलाज करा रहे हैं। मुख्तार आलम ने कहा ग्रामीण के द्वारा जानकारी प्राप्त हुई की गुमला जिला के विभिन्न प्रखंडों में किसान अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी क्रम में जहरीले सांपों ने किसानों को काट लिया। किसानों को गुमला सदर अस्पताल लाकर इलाज करवाया जा रहा है। मुख्तार आलम ने कहा कि सभी सांप काटे हुए मरीजों और उनके परिवारों के लोगों से मिलकर हाल–चाल का जायजा लिया। सभी मरीज अभी खतरे से बाहर है। मुख्तार आलम ने कहा कि पीड़ितों मरिजों को सरकार के द्वारा जो इलाज करवाने हेतु राशि दी जाती है उसकी भी प्रक्रिया जल्द से जल्द किया जायेगा। उन्होंने सांप के काटने पर तुरंत हॉस्पिटल ले जाकर इलाज कराने की बात कही और कहा कि झाड़ फूंक के झांसे में ग्रामीण नहीं रहे।

### कांसीर बाजार टांड़ में आजसू पार्टी की बैठक में कई लोगों ने थामा आजसू का दामन



**चैनपुर।** कांसीर बाजार टांड़ में आजसू पार्टी की बैठक जिला उपाध्यक्ष अरुण पंडा की अध्यक्षता में रविवार को संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय सचिव सह गुमला विधानसभा प्रभारी बोनीफास कुजूर, प्रखण्ड सचिव नीतीश बैगा शामिल हुए। बैठक में कांसीर पंचायत के पूर्व मुखिया श्री रामदेव बड़ाईक, छोटू लोहरा, क्युम आलम, जहांगीर आलम, दिलावर आलम, महाबीर राम, ओंजो देवी, ज्ञानी देवी, धिरन राम, रवि नायक, उत्तम नायक के साथ दर्जनों लोग ने आजसू का दामन थामा और आजसू की विचार धारा व बदलाव के साथ जुड़कर काम करने की बात कही। मौके पर बोनीफास कुजूर ने कहा कि क्षेत्र बदलाव के लिए तैयार है। सबको मिलके चलना है। दिल्ली के बाद सिल्ली व गुमला भी रैस होगा। बदहाल विधानसभा को खुशहाल विधानसभा बनाना पार्टी का लक्ष्य है। बैठक में कांसीर पंचायत समिति का भी चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष श्री छोटु लोहरा, उपाध्यक्ष दिलावर आलम, क्युम आलम, सचिव अफसर आलम, सह सचिव उत्तम नायक व रवि नायक एवं कोषाध्यक्ष सुरज शर्मा चुने गये।

### करंट की चपेट में आने से वृद्ध व्यक्ति की मौत

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत कसीरा गांव निवासी करीब 71 वर्षीय वृद्ध दुखु साहू की विद्युत करंट की चपेट मे आने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक रविवार की अहले सुबह करीब 5:00 बजे वृद्ध शौच करने खेत की ओर जा रहा था। तभी रास्ते में एक बिजली का खुला तार टूटकर गिरा हुआ था। वृद्ध तार को नहीं देख पाया। जिससे वह करंट की चपेट में आ गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। एक ग्रामीण की नजर उसे पर पड़ी। इसके बाद घटना की सूचना घर वालों को दी गई। मृतक का पुत्र दौड़ता हुआ आया और वृद्ध को किनारे करने लगा। इस क्रम में उसे भी करंट का झटका लगा। इसके बाद मृतक का पोता घर से कुदाल लेकरआया और तार को हटाकर शव को किनारे किया। वही घटना की सूचना गुमला थाना को दी गई है। परिजनों ने बताया गांव का ही गुलाब साहू ट्रांसफार्मर से खुले बिजली अपने घर ले गया था। वहीं तार जमीन पर टूटकर गिर पड़ा था। जिस पर वृद्ध की नजर नहीं पड़ी और वह करंट की चपेट में आ गया।

### छोटे ने बड़े भाई को लाठी डंडे से मारकर की हत्या

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के बिमरला गुटवा गांव में छोटे भाई अजय टोप्पो ने अपने बड़े भाई बसंत टोप्पो को लाठी डंडे से मारकर हत्या कर दी। वहीं पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस ने रविवार को गांव पहुंच मृतक बसंत टोप्पो का शव और हत्या के आरोपी छोटे भाई अजय टोप्पो को कब्जे में लेकर थाना चली आयी। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को सभी खेत से काम कर अपने घर शाम को 7 बजे लौटे थे। इसी बीच हड़िया दारु पीने को लेकर दोनों भाई में बहस हो गई। इस क्रम में घर में रखे लाठी डंडे से अजय ने अपने बड़े भाई बसंत के सिर पर वार कर दिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

# उपायुक्त ने इसरो भ्रमण में जानेवाली 26 उत्कृष्ट छात्राओं को किया सम्मानित

**उपायुक्त आवास में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन**

खबर मन्त्र संवाददाता



इसरो भ्रमण कर लौटी छात्राओं के साथ डीसी, डीएफओ, डीएसई व अन्य

**गुमला।** गुमला नवाचारी पहल अंतर्गत पिछले दिनों सपनों की उड़ान नामक साइंस ओलंपियाड का आयोजन कराते हुए उत्कृष्ट चयनित 26 छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु इसरो के सतीश ध्वन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा भेजा गया था।

जिले के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सभी झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय तथा कल्याण विभाग अंतर्गत सभी बालिका आवासीय विद्यालयों की इन 26 सुपर गर्ल्स के सम्मान में वापस आने पर उपायुक्त गुमला के आवास में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में छात्राओं ने अपने शैक्षणिक भ्रमण के अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने इस शैक्षणिक भ्रमण से अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया के बारे में काफी कुछ जाना तथा वे सभी मैट्रिक पास करने के बाद इंटर में विज्ञान की पढ़ाई करेंगी और विज्ञान के क्षेत्र में अपने सपनों को पूरा करने का प्रयास करेंगी। आज के कार्यक्रम में पूर्णिमा कुमारी अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर के साथ साथ गुमला के अंचल अधिकारी श्री हरीश कुमार, शिक्षा विभाग के बीपीओ श्री दिलदार सिंह श्री रमेश कुमार डिस्ट्रिक फेलो, शिक्षिका शशि नीलम तिर्की, नीलम खाखा तथा रोहिणी कुमारी प्रसाद ने अपने अनुभव साझा किए। उपायुक्त गुमला के द्वारा सभी 26 सुपर गर्ल्स तथा उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षिकाओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि इसरो के इस शैक्षणिक भ्रमण योजना की माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा भी प्रशंसा की गई थी।

आज के कार्यक्रम में मंच संचालन डीएमएफटी फेलो अविनाश गौरव ने किया तथा डीएफओ अहमद बेलाल, पुलिस अधीक्षक शंभू सिंह, डीडीसी दिलेश्वर महतो, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी श्री ललन कुमार रजक, डीएसई नूर आलम खां, डिस्ट्रिक्ट फेलो रमेश कुमार, बीपीओ सिसई दिलदार सिंह, शिक्षिका नीलम खाखा, रोहिणी प्रसाद, शशि नीलम तिर्की के आलावा जिला विज्ञान केंद्र गुमला से काजल, आकांछा एवं अंकिता उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जिले के 40 मुस्लिम धर्मावलंबी अजमेर शरीफ रवाना

**डीडीसी ने तीर्थयात्रियों के बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**



**गुमला।** पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना 2024 के तहत वरिष्ठ नागरिकों हेतु निः शुल्क तीर्थ यात्रा कार्यक्रम के तहत रविवार को जिला पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग गुमला द्वारा जिले विभिन्न प्रखंडों से चयनित 40 मुस्लिम धर्मावलियों को रांची हटिया रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया। उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो, जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार, गुमला सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से जिले के तीर्थयात्रियों के बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त गुमला ने 7 दिवसीय तीर्थ यात्रा की सुखद एवम मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी। उन्होंने जानकारी दी कि इस पूरे तीर्थयात्रा के लिए राज्य सरकार के द्वारा यात्रियों को निः शुल्क ले जाया जा रहा है। जिला खेल सह पर्यटन पदाधिकारी ने बताया कि गुमला जिले के यात्रियों की देखभाल के लिए नोडल पदाधिकारी के रूप में सहायक अभियंता मो. आसिफ नायब एवं कनीय अभियंता सबा करीम को सहयोग के लिए भेजा गया है। इस मौके पर यात्रियों को भेजने के सहयोग के लिए जिला स्तरीय पर्यटन विशेषज्ञ शुभम पटेल,प्रशिक्षक इमरान अली ,मनोज कुमार पाल एवम कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

## सहारा इंडिया सहित अन्य कंपनी में जमा पैसा की भुगतान को लेकर आंदोलन में सहयोग करें लोग : विजय सिंह

- ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच गुमला ने कचहरी परिसर में शिविर का किया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच गुमला द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत गुमला कचहरी के पास शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि सहारा इंडिया समेत दर्जनों ननबैंकिंग कंपनी में अपने मेहनत के जमा पैसे की जल्द भुगतान के लिए मंच द्वारा हो रही बड़ी कोशिश व आंदोलन की तैयारी में सभी जमाकताओं से जुटने की अपील की है। श्री सिंह ने यह भी कहा है कि केंद्र व राज्य सरकार लोगों के पैसे भुगतान करने के प्रति चिंतित नहीं है, इसलिए गाढ़ी कमाई को जमा करने वालों को एकजुट होकर पैसे भुगतान के लिए आंदोलन करना होगा। श्री सिंह ने इस मामले को लेकर 11 सितंबर 2024 को रांची में मुख्यमंत्री के समक्ष होनेवाली जन प्रदर्शन में गुमला जिला से भारी संख्या में जमाकताओं से रांची जाने की तैयारी की अपील की है । शिविर में सरकार के पास जमा की जाने वाली विवरणी पर्ची भरकर जमाकताओं ने जमा की वहीं शिविर के जरिए बताई गई है कि आगामी शिविर गुमला कचहरी में ही 11 अगस्त 2024 को दिन के 11 बजे से लगाई जाएगी क्योंकि 25 अगस्त 2024 तक ही विवरणी पर्ची जमा ली जाएगी । इसलिए सहारा इंडिया सहित विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में जिनका पैसा डूब गया है वैसे इच्छुक जमाकर्ताओ से जल्द से जल्द अपने विवरणी पर्ची भरकर जमा करें ताकि रिपोर्ट किसी का ना छूटे तथा सरकार को जमाकर्ताओ का भुगतान हेतु विवरणी दिया जा सके। मौके पर आदित्य सिंह, शिवप्रसाद साहू, सुखदेव कुमार, बसंत बडाईक, लिविंग तिर्की, मुनेश्वर उरांव, दिलीप भगत, जीतवहान भगत, पुष्पा उरांव, सुनीता देवी, बुधैन देवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के दोबारा प्रदेश कोषाध्यक्ष बने नजीर आलम खान

- प्रदेश भाजपा नेताओं को आलम ने जताया आभार,भाजपाईयों ने भी आलम को दी बधाई



**कैरो (लोहरदगा)।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो प्रखंड मुख्यालय निवासी नजीर आलम खान को दुसरी बार भी झारखंड प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात ने भाजपा झारखंड प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशानुसार प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इस अवसर पर नजीर आलम खान ने कहा कि पार्टी संगठन के प्रदेश के मुखिया बाबुलाल मरांडी, पूर्व अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह निवर्तमान सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात ने मुझपर सांगठनिक कार्यों पर जो भरोसा जताया है मैं उनके अपेक्षा के अनुरुप खरा ऊतरूंगा। खान ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में तीसरी बार एनडीए की सरकार विकास के पथ पर नित्य आगे बढ़ते ही जा रही है जिससे अब अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों मे भी मोदी जी के नेतृत्व पर विश्वास बढ़ा है, परिणाम स्वरूप आनेवाला विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यक बहूल क्षेत्रों मे फिर से एक बार कमल खिलेगा और 2024 मे झारखंड फिर से एक बार भाजपा की सरकार बनेगी। नजीर आलम खान को दूसरी बार प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष लोहरदगा नासिर अंसारी, जिला महामंत्री मो एबरार अंसारी, अख्तर अंसारी, गुड्डू अंसारी, जहांगीर खान, मौलाना जियायूल हक असरफी, भाजपा जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री विन्देश्वर उरांव, सुरज मोहन साहू, विशेश्वर प्रसाद दीन, लखन उरांव, श्रवण मुंडा, विमल कुमार सिन्हा इत्यादि ने भी बधाई दी है।

## 11 राज्यों में धोबी समाज को अजा में शामिल कराने के लिए होगा हरिद्वार से आगाज

खबर मंत्र संवाददाता

प्रस्ताव के साथ दो दिवसीय अधिवेशन का समापन



**कुडू लोहरदगा।** अखिल भारतीय धोबी समाज के राजस्थान के ग्लोबल आडिटोरियम मनमोहिनी हाल ब्रह्माकुमारी सेवा संस्थान माउंट आबू रोड में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन रविवार को सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम में लोहरदगा से धोबी समाज के प्रदेश प्रवक्ता अमित कुमार भी प्रदेश अध्यक्ष के अलावा कई लोगो के साथ शामिल हुए। उन्होंने बताया की अधिवेशन के दुसरे दिन राष्ट्रीय कार्यकारिणी में चयनित 136 पदाधिकारियों को मनोनयन, देश के सभी धोबी समाज को एक सुत्र में बांधने के लिए देश को पांच जोन उतर, पश्चिम, पुर्व, दक्षिण तथा मध्य क्षेत्र में बांटते हुए पदधारियो की नियुक्ति की गई. चंडीगढ़ के रजक संगठन को विलय अखिल भारतीय धोबी महासंघ में करते हुए संजीव कुमार को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया. इसके अलावा.राष्ट्रीय सरंक्षक पद पर डॉ आर थंगावेलू व सत्यनारायण जुपेली के मनोनयन किया गया.,साल 2022 से 2026 तक का लेखा-जोखा पेश किया गया. एबीडीएम राष्ट्रीय विवाह प्रकोष्ठ का गठन करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर ओमप्रकाश बामनिया का मनोनयन किया गया. आगामी 12 नवंबर को राजस्थान के जोधपुर में सामुहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा तथा प्रस्ताव पारित किया गया कि देश के 11 राज्यों में जहां धोबी समाज को अनुसूचित जाति में शामिल नहीं किया गया है वहां एससी में शामिल कराने को लेकर आंदोलन करने का प्रस्ताव पारित किया गया. अधिवेशन के अंतिम दिन के मुख्य अतिथि हरिद्वार आश्रम के स्वामी प्रोफेसर मधुसुदन स्वामी ने कहा कि मानव सेवा में मनुष्य एक दुसरे का सहारा बनते हैं. जिस दिन हाथों से बेहतर कार्य होता है पुरा परिवार खुश होता है. धरती में जो आया है उसे दुसरो का सहारा चाहिए इसी तरह एक दुसरे की मदद करें. समाज को आगे बढ़ाने के लिए सभी को एकजुट होने की जरूरत है. विशिष्ट अतिथि कांग्रेस के राज्यसभा सांसद नीरज डांगी के जिला प्रतिनिधि जितेंद्र चौहान ने कहा कि धोबी समाज का इतिहास काफी प्रभावशाली तथा गौरवपूर्ण रहा है. धोबी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार कनौजिया ने कहा कि धोबी समाज की एकजुटता तथा सामुहिक प्रयास से समाज का विकास तथा उनका हक मिलने से कोई नही रोक सकता है। कार्यक्रम को कई अन्य ने सम्बोधित किया। मौके पर महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदनी प्रदेसिया,अंता राम, कमलेश चौधरी, कन्हैया लाल चौहान, अवधेश बैठा, बलबीर निवोरिया, राकेश कुमार आर्य, अमित कुमार, गोविंद रजक, कैलाश रजक, राकेश कुमार वर्मा,मनोज रजक, संजीव कुमार, अशोक कुमार बसेटा, बाबूलाल कनावरा,नवीन सांखला, मदन राठौड़, ओमप्रकाश बारिया, बिनोद तंवर, मोहन कुमार पुंडीर, जिलेला श्री रामालू, ए पम्पाना, अशोक वसिटा, अशोक भाई लील, गोपाल बामनिया, रामबिलास प्रसाद, कैलाश कनौजिया, ओमप्रकाश बामनिया, बलराम मालवीय, रामपाल सिंह, दीपक चौहान सहित अन्य शामिल थे।

### 11 मुस्लिम धर्मावलंबी अजमेर शरीफ के लिए रवाना



लोहरदगा। मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत बीपीएल श्रेणी के 10 एवं 01 नोडल पदाधिकारी के रूप में कुल 11 मुस्लिम धर्मावलंबियों को अजमेरशरीफ,फतेहपुर सीकरी व आगरा के लिए रविवार को समाहरणालय परिसर से हटिया स्टेशन के लिए रवाना किया गया। यात्रियों से भरी बस को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक और नजारत उप समाहर्ता अभिनीत सूरज द्वारा हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया गया। सभी यात्री 10 अगस्त 2024 को तीर्थ यात्रा से वापस लौटेंगे।

### एक लाख रुपए के साथ नौ जुआरी गिरफ्तार

**लोहरदगा।** सदर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शहरी क्षेत्र के राजा बंगला रोड में छापेमारी कर नौ जुआरियों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार गिरफ्तार लोगो में शहर के कई नामचीन सफेदपोश भी शामिल है। गिरफ्तार किए गए जुआरियों के खिलाफ पुलिस कानूनी कार्रवाई कर रही है। बताया जाता है कि एसपी हारिस बिन जमां को गुप्त सूचना मिली थी कि राजा बंगला रोड में जुआ खेला जा रहा है। जिसमें लोहरदगा और आसपास के जिलों के जुआरी पहुंचते हैं। जिसके बाद एसपी ने टीम गठित कर छापेमारी का निर्देश दिया। जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से एक लाख 6 हजार नगद राशि भी बरामद की गई है। साथ ही दर्जनों ताश के पत्ते और शराब के साथ कई बाइक भी पुलिस द्वारा जब्त किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से जुआरियों में हड़कंप मच गया है।

### शोक सभा का हुआ आयोजन



**लोहरदगा।** निमार्णाधीन राणी सती दादी मंदिर परिसर गुदरी बाजार में श्री राणी सती मंडल लोहरदगा के अध्यक्ष शिवप्रसाद राजगढ़िया के अध्यक्षता में शोक सभा की गई। समाज के वरिष्ठ,अभिभावक तुल्य जुगल किशोर पोद्दार के निधन हो जाने पर उनके तस्वीर के समक्ष पुष्प चढ़कर श्रद्धांजलि दी गई एवं दो मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया गया। शोक सभा पर सभी ने जुगल पोद्दार के साथ अपने बिताए क्षणों एवं उनके जीवन काल के विषयों में बताए। लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि वे समाज के एक मजबूत स्तंभ थे। लोहरदगा के बाहर रहते हुए भी उनका दिल दिमाग हर समय लोहरदगा पर ही केंद्रित रहा करता था,और सभी का हाल समाचार लिया करते थे। शोकसभा में शिवप्रसाद राजगढ़िया ,दीपक सर्राफ,मुरलीधर अग्रवाल,परमेश्वर साहू,पवन सराफ,जयप्रकाश शर्मा,अमर पोद्दार,मयंक मोदी,अनुराग पोद्दार रुपेश चौधरी, सचिन मित्तल, आयुष टिंबरेवाल, अतुल सर्राफ आदि मौजूद थे।

## निशुल्क जांच शिविर में 50 लोगो ने कराया जांच

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण में लगातार आज 112 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया।

इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 50 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए।न्यू रांची पैथोलॉजी थायरोकेयर के सहयोग से हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप, ब्लड शुगर आदि का निशुल्क जांच किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा लोगों को अपने स्वास्थ के प्रति खास ध्यान देना चाहिए और जल्द ही,ई.सी.जी जांच के अलावा स्वास्थ्य संबंधित अन्य सभी जांच भी आधे ही खर्च पर कराई जाएगी और हमारा प्रयास रहेगा की ज्यादा से ज्यादा लोगों को सेवा प्रदान कर सके। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा की लोगों को अपने स्वास्थ्य का चेकअप कराते रहना चाहिए। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सचिव संजय चौधरी ने कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है। शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल,अवधेश मित्तल,संजय चौधरी,राजू यादव,सुबोध महतो,सत्यम सर्राफ,राहुल राय,सुरेंद्र कुमार जग्गी,अतुल सर्राफ,शिमला देवी, अंजली सर्राफ, सुरेंद्र गुप्ता,रामू राम,वाल्मीकि सिंह,राजेश्वरी देवी,जयंत सिंह,बजरंग महतो, महेश कास्यंकार, इमरान हुसैन,सुनील अग्रवाल, सत्येंद्र दुबे,कलावती देवी, अनिल मोदी, कृष्ण प्रसाद, तेहरा खातून, रेणु देवी, प्रभा देवी, अनूप अग्रवाल, उदय कसेरा,देवनारायण प्रसाद गुप्ता आदि मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## बजट किसान, युवा, गरीब व महिलाओं के विकास में होगा सहायक : सुदर्शन भगत

- जनजातीय समुदाय व अकांक्षी जिला के विकास के लिए बजट में है विशेष प्रावधान, गुमला जिला वासियों को मिलेगा लाभ
- केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को लेकर जिला भाजपा ने किया प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस कान्फ्रेंस में शामिल पूर्व सांसद, भाजपा जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक

**गुमला।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर रविवार को जिला भाजपा के द्वारा बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कान्फ्रेंस में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि बजट देश के अन्नदाता, युवा, गरीब व महिलाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। क्योंकि बजट में उनके विकास के लिए कई विशेष प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास जताया और केंद्र में तीसरी बार श्री मोदी के नेतृत्व में सरकार बनायी। उन्होंने कहा कि बजट के माध्यम से अन्नदाताओं का विशेष ख्याल रखते हुए सभी मुख्य फसलों के लिए उच्चतम समर्थन मूल्य की घोषण की गयी और पचास प्रतिशत की वृद्धि फसलों के एमएसपी में की गयी। अगले दो वर्षों में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक कृषि के लिए सहायता दिया जाएगा। बजट में सरकार ने शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। वहीं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना पांच वर्षों तक बढ़ा दिया गया। श्री भगत ने कहा कि ईपीएफओ के माध्यम से रोजगार सृजन कर युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। बजट में प्रधानमंत्री पैकेज अंतर्गत चौथी योजना के रूप में राज्य और उद्योग के सहयोग से कौशल प्रशिक्षण केंद्र के द्वारा नयी योजना की घोषणा की गई। जिसमें पांच वर्ष की अवधि में 20 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं युवाओं को शिक्षा के लिए दस लाख रूपया का ऋण दिया जाएगा। बजट में पूर्वोदय नामक योजना तैयार कर केंद्र सरकार ने बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा व आंध्र प्रदेश के विकास का खाका खींचा है। श्री भगत ने कहा कि गरीबों को पक्का मकान देने के वादे को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार ने तीन करोड नये पीएम आवास देने की घोषणा की है। वहीं महिलाओं के विकास के लिए बजट में तीन लाख करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। वहीं प्रधानमंत्री उन्नयन ग्राम योजना की शुरूआत कर जनजातीय समुदय व अकांक्षी जिलों का विकास किया जाएगा। जिसका लाभ सीधे तौर पर गुमला जिला को भी मिलेगा। इसमें 63 हजार गांव शामिल है। जिसे 5 करोड़ जनजातीय लोगों को लाभ प्राप्त होगा। वहीं बजट में मुद्रा लोन दस लाख से बढ़ाकर 20 लाख किया गया है। जिसे रोजगार बढ़ने की अधिक संभावना है। श्री भगत ने कहा कि कुल मिलाकर बजट देश व देशवासियों की प्रगति में अहम कड़ी साबित होगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद साहु, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, सविंद्र सिंह, यशवंत सिंह, निर्मल गोयल, भैरव सिंह खेरवार, शंभू सिंह, संजय साहु, खुशमन नायक, जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, गायत्री देवी, सोनीमनी उरांव, देवेंद्र लाल उरांव, रामवतार भगत, भोला चौधरी आदि उपस्थित थे।

## राहुल गांधी के डिक्शनरी में डर नाम का कोई शब्द है ही नहीं : सुखदेव भगत



**लोहरदगा।** लोकसभा के प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किए थे कि वह ईडी का स्वागत चाय बिस्कुट से करेंगे। इसी ट्वीट पर भाजपा के अनेक नेताओं ने बयान दिया कि राहुल गांधी डरे हुए हैं और वह खौफ में है। भाजपा नेताओं के द्वारा दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि राहुल गांधी के डिक्शनरी में डर नाम की शब्द ही नहीं है। जहां तक ईडी को चाय बिस्कुट से स्वागत करने की बात है तो यह राहुल गांधी और कांग्रेस का संस्कार है। राहुल गांधी ने इसलिए आशंका जाहिर की है कि संसद में उन्होंने जिन बातों को रखे हैं और उनकी बातों को जिस प्रकार भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने संसदीय परंपराओं के विपरीत जाकर बात की हैं और उससे ज्यादा दुख इस बात की है कि प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर अनुराग ठाकुर के बयान का समर्थन किया है। भाजपा नेता के द्वारा संसदीय परंपरा के खिलाफ जाकर बयान देना और भाजपा का उसका समर्थन करना यह भाजपा का राजनीतिक संस्कार हो सकता है। राहुल गांधी ने इसलिए इस बात की आशंका जाहिर की है कि भाजपा जिस प्रकार संवैधानिक संस्थाओं का लगातार दुरुपयोग कर रही है। महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी जैसे आम जनता की बुनियादी बातों को राहुल गांधी ने सड़क से लेकर सदन तक इसका आवाज उठाकर भाजपा के कुकृत्यों को आम जनता के सामने जो लाया है इसलिए भाजपा बौखला गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले उनके घर में ईडी भेज सकते हैं और ऐसे भी ईडी के माध्यम से नेताओं को परेशान करना भाजपा का कृत्य हो गया है।

## स्पीड न्यूज

### नारायण सेवा समिति ने किया गरीबों के बीच वस्त्र वितरण



**सतबरवा (पलामू)।** नारायण सेवा समिति सतबरवा ट्रस्ट के द्वारा रविवार को सतबरवा प्रखंड के रेवारातू पंचायत अंतर्गत चपरणा गांव में भुइयां समाज के लोगों के बीच वस्त्र का वितरण किया गया। नारायण सेवा समिति के निर्दोष कुमार उर्फ अकलु बाबा ने बताया कि यह कपड़ा मनिका के श्याम वस्त्रालय के द्वारा 200 लोगों के लिए वस्त्र उपलब्ध कराया गया था, जिसे गरीब असहाय लोगों में वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि नारायण सेवा समिति कई वर्षों से दानदाताओं से कपड़े लेकर गरीब असहायों के बीच कपड़े का वितरण करते आ रहा है। नर सेवा ही नारायण सेवा है। नर सेवा से बड़ा कोई सेवा है। मौके पर योगेन्द्र भुइयां, प्रभु भुइयां, कजरू भुइयां, केश्वर लाल भुइयां, बिहारी भुइयां मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### जिंजोई नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त पुलिस ने चेतावनी बोर्ड लगाया



**पाटन (पलामू)।** कस्बाखाड़ और बांसबार के बीच जिनजोई नदी पर स्थित क्षतिग्रस्त पुल पर सूचना मिलने के उपरांत पुलिस अलर्ट हो गई है। नावा जयपुर के थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय लोगों को चेतावनी बोर्ड लगाकर सावधान कर रहे हैं। साथ ही पुल पर नहीं आने की हिदायत दी है।

### रेलवे ट्रैक के बगल से अज्ञात युवक का शव बरामद



**उंटारी रोड (पलामू)।** मुगलसराय रेल खंड के उंटारी रोड रेलवे स्टेशन व सतबाहिनी रेलवे स्टेशन के बीच लहरबंजरी के नवाडीह में रेलवे ट्रैक के बगल से पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। उंटारी रोड थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि लहर बंजारी के कुछ ग्रामीणों ने सुबह रेलवे ट्रैक के बगल में शव को देखा जिसके बाद सूचना पुलिस द्वारा सूचना मिलते ही दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु एमआरएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोग यह कयास लगा रहे हैं कि किसी पैसेंजर ट्रेन से गिरने से युवक की मौत हुई है। युवक का उम्र लगभग बीस वर्ष की होगी। युवक के बाएं हाथ में हल्का चोट का निशान था।

### लिंक फेल होने से मइंयां सम्मान योजना प्रभावित



**पाटन (पलामू)।** सरकार की महत्वाकांक्षी मइंयां सम्मान योजना में लींक नहीं रहने के कारण आवेदन का ऑन लाईन नहीं हो पा रहा है। रविवार के दीन पाटन प्रखंड के सभी पंचायतों में लाभुकों की भीड़ देखी गई लेकिन फार्म का ऑनलाइन नेटवर्क नहीं रहने के कारण नहीं हो पाया जिससे लाभुक दीन भर बैठ कर फार्म के साथ अपने घर वापस लौट गये। अगर नेटवर्क की समस्या इसी तरह रहती है तो सरकार के द्वारा निर्धारित किये गये समय पर डाटा एंट्री नहीं हो पायेगी। वहीं लाभुकों से प्रज्ञा केंद्र संचालक के द्वारा फार्म का बीस रुपए लिये जा रहे हैं। लाभुकों ने बताया कि आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा फार्म नहीं दिया गया है, जिसके चलते प्रज्ञा केंद्र से बीस रुपए में खरीदकर फार्म लेना पड़ रहा है।

## ग्रामीण चिकित्सकों के लिए सीएमएस ईडी कोर्स प्रारंभ

- निदेशक ने कहा- ग्रामीण चिकित्सकों को प्राथमिक उपचार में पारंगत बनाना उद्देश्य



**हरिहरगंज (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के कौआखोह स्थित उर्मिला काम्प्लेक्स में संचालित डा बिनोद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में कम्युनिटी मेडिकल सर्विस एंड एसेंशियल ड्रग (सीएमएस ईडी) का दो वर्षीय कोर्स प्रारंभ हो गया है। इस संबंध में संस्थान के निदेशक डा बिनोद कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश तथा केंद्र सरकार के निर्देश पर यह कोर्स पूरे देश में संचालित है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण चिकित्सकों को प्राथमिक उपचार में पारंगत बनाना है। उन्होंने बताया कि इसमें 17 वर्ष से उपर के लोग नामांकन करा सकते हैं। यह कोर्स प्रत्येक रविवार को तीन बजे से पढ़ाई जाएगी। इसके अलावा एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग के लिए भी नामांकन व शिक्षण प्रारंभ है। उन्होंने बताया कि संस्थान में डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ, पारा मेडिकल स्टाफ, एकाउंटेंट की आवश्यकता है। अनुभव के आधार पर उन्हें मानदेय दिया जाएगा। इस अवसर पर डा मनोज कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पांकी प्रखंड के ताल, रतनपुर, कोनवाई व करार में सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम आयोजित

# क्षेत्र की महिलाओं को स्वावलंबी बनाकर लेंगे दम : डा मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर/ नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी प्रखंड के ताल, रतनपुर, कोनवाई, करार पंचायत के जेएसएलपीएस से संबद्धता प्राप्त स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने सिलाई मशीन वितरण किया। मौके पर नीलांबर पीतांबर प्रखंड के मौर्या हाउस में सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर पांकी विधायक ने कहा कि क्षेत्र की महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर हुनरमंद बन रही हैं। कहा कि क्षेत्र की महिलाओं को स्वावलंबी बनाकर दम लेंगे। महिलाएं सिलाई मशीन पाकर खुश हैं। महिलाएं सिलाई मशीन से घर में ही रोजगार पैसा कमाकर अपनी आय बढ़ा सकती हैं। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, संजय चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि एवं मुखिया संघ के अध्यक्ष मंदीप मेहता, पांकी मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, साधु मांझी,निलम देवी, विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह, श्यामनंदन ओझा, शलेंद्र सिंह, मंटू शर्मा, रजंय ठाकुर, बच्चन ठाकुर, शंकर शुक्ला, लाला यादव, मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, पुर्व मुखिया अजय पासवान,दसु सिंह, महेंद्र कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, सुरज कुमार, दिलीप मेहता, संतोष वर्मा, प्रसिद्ध सिंह समेत भाजपा कार्यकर्ता व स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

## पांकी विधायक ने कुंदरी से कांवरियों का जत्था देवघर के लिए किया रवाना

### सावन माह में भोले शंकर भक्तों की मनोकामना करते हैं पूर्ण : विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू)।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलांबर पीतांबरपुर के ग्राम पंचायत कुन्दरी से सावन के पावन महीने के अवसर पर रविवार को बोल बम कांवरिया संघ के बैनर तले दर्जनों कांवरिया का जत्था देवघर, अयोध्या, बोधगया, सुल्तानगंज, तपोवन राजगीर विंध्याचल बनारस, सासाराम, ताराचंडी, चेगनवा धाम, बासुकीनाथ, के लिए रवाना हुआ। इस दौरान माहौल पूरी तरह शिवमय हो गया। पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने कांवरियों के जत्था को रवाना किया। मौके पर विधायक ने कहा कि कांवरिया देवघर समेत अन्य तीर्थस्थल जाकर अपने समेत पूरे पांकी विस क्षेत्रवासियों के लिए समृद्धि व शांति की कामना करेंगे। उन्होंने कहा कि सावन माह में भोले शंकर भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करते हैं। कांवरिया संघ के सदस्य ने बताया कि विधायक ने कांवरियों को रवाना कर 11 हजार रुपये सहयोग राशि 11000 प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन विनोद राम ने किया। कांवरियों की यात्रा मंगलमय हो यही कामना करते हैं। मौके पर प्रतिनिधि निर्मल मेहता, पूर्व पंसस प्रेम सागर माली, संतोष वर्मा, सुकुल पासवान, मिथिलेश महतो, अखिलेश चंद्रवंशी, प्रसिद्ध सिंह, जसवंत कुमार, पंकज कुमार, गुड्डू साव, अजीत कुमार, नरेश साव, सुरेश साव, सुनील साव, अमित साव, मनीष साव, वीरेंद्र साव समेत कई कांवरिया उपस्थित थे।

# सोन नदी में बढ़ते जलस्तर को लेकर अनुमंडलीय प्रशासन हाई अलर्ट

### एसडीएम व सीओ ने सोन तटीय क्षेत्रों का दौरा कर लोगों नदी की ओर ना जाने की दी हिदायत

- संबंधित पंचायत के मुखिया को दिये कई निर्देश, 40 से 50 लोगों के डीला पर फंसने की सूचना

**गौतम पटेल**





**हुसैनाबाद (पलामू)।** कई राज्यों में हो रही भारी वर्षा व कोयल व सोन में लगातार बढ़ते जलस्तर को लेकर अनुमण्डल प्रशासन सतर्क है। रविवार को लगातार दूसरे दिन एसडीएम पीयूष सिन्हा व अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने सदल बल के साथ सोन किनारे तटवर्तीय क्षेत्रों का दौरा कर लोगों का हाल जाना। इस दौरान प्रखण्ड के दंगवार में रविवार को दोपहर में अधिकारियों ने दंगवार सूर्य मंदिर के पास जायजा लिया और लोगों से अपील की कि मछुआरे या अन्य कोई कृषि कार्य या स्नान करने के बहाने सोन नदी की तरफ ना जाएं ताकि जान-माल की क्षति हो सके। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्राम पंचायत के मुखिया अमरेन्द्र ठाकुर को निर्देश दिया कि आप क्षेत्र में माइकिंग करा कर लोगों को हिदायत दीजिये कि सोन नदी या कटाव वाले क्षेत्रों से लोग दूर रहें, वहीं कई लोग सोन उस पार डीला पर खेती किसानी व मवेशी चराने तथा अन्य कार्य से जाते हैं। जिसमें 40 स 50 लोगों की फंसे हुए होने की सूचना है, जिन्हें उसी पार रहने की सलाह दी गयी है।

इधर मुखिया ने निर्देश का पालन करते हुए सम्पर्क सूत्र व अन्य सूत्रों से फंसे हुए लोगों को नहीं आने की सलाह दी और माइकिंग भी कराने की बात कही।

अधिकारियों ने दंगवार, बुधुआ, बड़ेपुर, देवरी, सोनपुरवा समेत कई गांवों का दौरा किया। मौके पर अंचल सीआई संतोष कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता, अनुमण्डल प्रधान लिपिक अशोक कुमार, ओपी के पुलिस बल भी मौजूद थे।

## शिवाजी मैदान स्थित डिजनीलैंड मेला का विधायक ने किया उद्घाटन

# मेला से मनोरंजन के साथ रोजगार को मिलता है बढ़ावा : आलोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** एमकेडी इंटरप्राइजेज द्वारा शिवाजी मैदान में डिजनीलैंड मेला सह मॉल का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विस क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया, प्रथम उप महापौर मंगल सिंह, दुर्गा जौहरी, रूपा सिंह, राज कुमार गुप्ता, आयोजक जितेंद्र कुमार, पवन गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया।

इस मौके पर विधायक ने कहा कि पलामू में पवित्र महीना सावन के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी झूलन मेला में डिजनीलैंड का आयोजन किया जा रहा है।

इस प्रकार के मेले से शहरवासी ही नहीं बल्कि पलामू जिले के अलावे दूसरे जिला से भी लोग आकर मेला एवं झूलन का आनंद सपरिवार के साथ लेते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से जहां एक ओर लोगों को मनोरंजन मिलता है वहीं दूसरी ओर रोजगार को भी बढ़ावा मिलता है। मेला लगने से कई छोटे छोटे दुकानदार, ऑटो, रिक्शा चालक को भी रोजगार मिलता है। उन्होंने कहा कि इस मेला की स्वच्छता एवं सुरक्षा बनाये रखें। ताकि कहीं किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

मेला के संरक्षक जितेंद्र कुमार ने मेला पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पलामू में पहली बार सुनामी झूला 108 सीटर रोलिंग टावर , नाव, मौत का कुआं, बड़ा झूला टावर के अलावे बच्चों के लिए स्कार्पियो झूला, हेलीकॉप्टर झूला, जंपिंग झूला व महिलाओं के लिए आकर्षण का केंद्र फिरोजाबाद की चुड़ी, कोलकाता का अचार, मॉल के अलावे कई मनोरंजन के साधन एवं भारत के विभिन्न राज्यों के हस्तनिर्मित सामग्री उपलब्ध है।

इस मौके पर मीडिया प्रभारी रवि रंजन, अजय कुमार कल्लू, राजू कुमार, पुष्पा राज, तुल्लु खान समेत कई लोग शामिल थे।

## केंद्रीय रक्षा मंत्री के दिल्ली स्थित आवास पर डॉ कौशल ने मुलाकात कर पौधा भेंट किया

### सेना से सरहद की और पौधों से समस्त ब्रह्मांड की होती है सुरक्षा : डॉ कौशल व अमित

- केंद्रीय मंत्री से क्षेत्र के राजनीतिक हालात पर हुई विस्तृत चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** नई दिल्ली सतरह अकबर रोड स्थित केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर ट्री मैन ऑफ झारखंड व विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल किशोर जायसवाल और छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत हिमाचल का कपूर का पौधा केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भेंट कर स्वागत किया। केंद्रीय रक्षा मंत्री से बातचीत के दौरान डॉ कौशल ने कहा कि प्रकृति के सुखद संयोग से आज समाज के दो महान रक्षकों को एक साथ बैठने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। बस दोनों रक्षक में इतना फर्क है कि मंत्री जी के निर्देशन में देश की सरहद की रखवाली हो रही है जबकि पर्यावरणविद् के पौधरोपण व वितरण अभियान से धरती और ब्रह्मांड के 84 लाख योनी जीवों की सुरक्षा हो रही है। बनराखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि कपूर एक औषधीय पौधा है। हाई ग्रीन पौधा होने के कारण इससे छाया भी अधिक मिलता है और इसका औषधीय उपयोग विक्स बनाने में भी किया जाता है। केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान डॉ कौशल व अमित कुमार ने क्षेत्र की समस्याओं के संबंध में जानकारी साझा की। वहीं राज्य में आसन विस चुनाव पर भी विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर सूरज जायसवाल भी उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री सुधा चौधरी ने पाटन प्रखंड में चलाया जनसंपर्क अभियान

# क्षेत्र की समस्याओं से हुई अवगत, कहा- अवसर को अपने हाथ से न गंवायें



**मेदिनीनगर/पाटन।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह पाटन छतरपुर विस क्षेत्र के पूर्व विधायक सुधा चौधरी पाटन प्रखंड में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान वे ईमली, पंचकेड़िया, महुलिया, कंचनपुर, चुरादोहर समेत विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों से मिलकर हालचाल पूछते हुए क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्या से अवगत हुई। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में समस्याओं को सूचिबद्ध करते हुए समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने झारखंड सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार दोहरी नीति अपना रही है। जिस कारण विकास की योजनाएं योग्य लाभूकों तक नहीं पहुंच पा रहा है। इसके साथ ही क्षेत्र में व्याप्त मुलभूत जनसमस्या का समाधान सरकार अपने स्तर से कराना नहीं चाहती है। जिस कारण गांव व टोला के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि पाटन प्रखंड के कई जलश्रोत ऐसे हैं जिसका निर्माण कार्य मेरे कार्यकाल में पूरा किया गया है। जिससे किसान आज लाभांवित हो रहे हैं। कुछ वैसे जलश्रोत हैं जो अधूरे पड़े हैं उसे किसानों के हित में पूरा कराने की जरूरत है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि यदि मुझे मौका मिला तो मेरे कार्यकाल में जो अधूरे कार्य हैं उसे पूरा किया जायेगा। उन्होंने जनसंपर्क के दौरान लोगों से कहा कि अवसर को अपने हाथ से न गंवायें वरना पुनः पांच वर्ष पछताना पड़ेगा। जनसंपर्क में जदयू के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार दूबे, चिंटु मेहता, शमीम हैदर, विरेंद्र पासवान, साकेत कुमार शामिल थे।

## मुख्यमंत्री मइंयां सम्मान योजना कैंप में भारी भीड़,नेटवर्क व कार्य नदारत

### जिप सदस्य राजू मेहता ने किया कैम्प का अवलोकन, जतायी नाराजगी



**हुसैनाबाद (पलामू)।** राज्य सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना जन्म लेते ही हुसैनाबाद में टांय टांय फीस होने लगी हैं। दरसल सरकार ने इस योजना की लाभ सभी 21 वर्ष से 50 वर्ष के आयु की योग्य महिलाओं के सम्मान में प्रत्येक महिलाओं के खाते में सीधा एक हजार प्रति माह व एक वर्ष में कुल12 हजार देने की घोषणा करते हुए उसके क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर बैठक व सभी बिंदुओं पर तैयारी तो भारी भरकम की हैं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने हर गतिविधि की जानकारी अपने सोशल हैंडल के माध्यम से लोगो को दे रहे हैं। साथ ही इसको लेकर अखबार व न्यूज में सूचना प्रसारित कर 3 अगस्त से 10 अगस्त तक कैम्प लगा कर प्रत्येक पंचायत व शहरी क्षेत्रों के वार्डो में फर्म को अधिक से अधिक महिलाओं को भरने का समय घोषणा किया हैं। लेकिन सबसे गौरतलब बात है कि 3 अगस्त से 4 अगस्त तक कई कैम्पो में इसको लेकर भारी संख्या में महिलाओं की भीड़ देखी गयी परन्तु किसी भी कैम्प में एक दिन में 10 लोगो को फर्म भरने की सूचना नही मिली हैं। बल्कि यही खबर हैं कि नेटवर्क व सर्वर समस्या हैं । वही रविवार को हुसैनाबाद उतरी जीप सदस्य राजू मेहता ने अपने क्षेत्र के कई कैम्पों में दौरा कर जायजा लिया । इस दौरान श्री मेहता ने कहा कि देवरी कला व देवरी खुर्द पंचायत में अभी तक नेटवर्किंग साइट्स नही खुली हैं वही जनता अपने कृषि कार्यो को छोड़कर कैम्प में चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बिना कोई तैयारी को अनान फानन में इस योजना को लागू करा कर पीठ थपथपाना चाहती हैं । कैम्प में कोई अधिकृत अधिकारी या नोडल अधिकारी नहीं हैं ऑपरेटर के भरोसे सिस्टम को ठीक कराया जा रहा है। वही फर्म भरने का अंतिम तिथि 10 अगस्त हैं । उन्होंने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यह लॉलीपॉप जैसा योजना बन कर रह जायेगा।

# एनएच 75 के संवेदक की मनमानी से बढ़ रहा जनाक्रोश

### मुख्यमंत्री से मिलकर जनता की शिकायत पहुंचाएंगे : विवेकानंद



**सतबरवा (पलामू)।** एन एच 75 के संवेदक के द्वारा मनमानी ढंग से घटिया तरीके से फोरलेन सड़क निर्माण कराया जा रहा है। इस कार्य में जिला प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। संवेदक की अविवेकपूर्ण रवैये से किसानों एवं रैयतों के बीच असंतोष फैल रहा है। जनता बड़े आंदोलन की तैयारी में है। उक्त बातें इंटक के प्रदेश महासचिव सह पूर्वमंत्री प्रतिनिधि विवेकानंद त्रिपाठी ने कही है। उन्होंने बताया कि हमें इस बात का पता नहीं चलता है कि किस तरह का डीपीआर संवेदक द्वारा उपयोग में लाया जा रहा है जबकि यह क्षेत्र कृषि प्रधान है और किसानों की सैकड़ों एकड़ जमीन पानी से डूब रही है। इस बारिश में कितने किसानों एवं ग्रामीणों का घर ध्वस्त हो गया है। पूर्व में पुलिया और कलवर्ट के जरिए पानी की निकासी आसानी से हो जाया करती थी। संवेदक की अदूरदर्शिता के कारण एनएच के किनारे बसे गांव आज जलमग्न हो रहे हैं। जिला प्रशासन किसी पीड़ित की नहीं सुन रहा है। जनता की गुहार पर भी संवेदक पर कार्रवाई नहीं हो रही है। मुआवजे की प्रक्रिया में भी जिला प्रशासन के द्वारा ढिलाई बरती जा रही है और किसानों एवं रैयतों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हमने निर्णय लिया है इन सभी बातों को झारखंड सरकार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे और संवेदक पर कार्रवाई करने का आग्रह करेंगे और जिला प्रशासन के द्वारा रैयत के साथ बात करके अविलंब उनकी परेशानी दूर कराने का आग्रह करेंगे।

# अंचल अधिकारी पाटन प्रवीण कुमार सिंह ने क्षेत्र के चौकीदारों की कराई चौकीदारी परेड

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन (पलामू)।** अंचल अधिकारी पाटन प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा पाटन एवं नव जयपुर दोनों थाना क्षेत्र के चौकीदारों की चौकीदारी परेड कराई जिसमें दोनों थाना क्षेत्र के सभी चौकीदार उपस्थित थे। सर्वप्रथम अंचल अधिकारी पाटन के द्वारा सभी चौकीदारों से परिचय प्राप्त किया गया। बारी-बारी से सभी क्षेत्र की जानकारी ली गई और उन्हें अपने-अपने क्षेत्र में अलर्ट मोड में रहने को कहा गया। अंचल अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में यदि कहीं भी जमीन संबंधी विवाद है, वज्रपात से किसी पशु या व्यक्ति की मृत्यु हो गई है या कोई घायल है, कहीं पर जलजमाव की समस्या है, कहीं सड़क की समस्या हो या आपदा से संबंधित अन्य कोई समस्या हो तो इसकी सूचना तत्काल अंचल अधिकारी के मोबाइल नंबर पर कॉल करके या व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से सूचित करेंगे।

चौकीदारों के वेतन विसंगति, कार्य एवं सेवा से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई। जिसमें चौकीदारों के द्वारा बताया गया कि 10 वर्ष सेवा करने के बाद भी उनकी सेवा संपुष्टि नहीं हुई है और जिनकी सेवा 10 वर्ष से ऊपर हो गई है उन्हें एसीपी का लाभ भी नहीं दिया गया है। अधिकांश चौकीदारों की अनुपस्थिति विवरणी के कारण सेवा में टूट है, जिसके कारण सेवा संतुष्टि नहीं हो पा रही है। अंचल अधिकारी ने बताया कि सेवा टूट को विनियमित करने के लिए आप सभी अलग-अलग आवेदन करें आपकी छुट्टी स्वीकृत करके सेवा विनियमित की जाएगी आपकी सेवा संपुष्ट की जाएगी और आपको एसीपी का लाभ भी दिया जाएगा। चौकीदारों से बातचीत के क्रम में अंचल अधिकारी ने कहा कि आप सभी सरकारी कर्मी हैं। आपको भी अन्य कर्मियों की तरह आकस्मिक अवकाश, अर्जित अवकाश एवं चिकित्सा अवकाश का लाभ दिया जाएगा। साथ ही झारखंड सरकार के राज्य कर्मियों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधा का भी लाभ मिलेगा। अंचल अधिकारी के द्वारा बताया गया कि आप अपनी किसी भी समस्या के लिए किसी भी समय संपर्क कर सकते हैं । आपकी समस्या का यथासंभव समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। परेड के दौरान अंचल अधिकारी के द्वारा दी गई जानकारी से सभी चौकीदार काफी संतुष्ट नजर आ रहे थे।

## नाला में डूबने से एक व्यक्ति की मौत विधायक ने कराया पोस्टमार्टम

- मृतक के परिजन को विधायक आलोक ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शनिवार को तेज वर्षा होने के कारण सदर प्रखंड के ग्राम कौड़िया निवासी पूरन सिंह 45 वर्ष की मौत बनरयुआं नाला में डूब जाने के कारण हो गई थी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी सदर थाना को दी।

घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया।

घटना की जानकारी मिलने पर डालटनगंज विधानसभा के विधायक आलोक चौरसिया, जिला परिषद सदस्य अर्जुन सिंह, पंचायत समिति अजीत सिंह, मुखिया पति रविंद्र सिंह, संतोष साव, नंदू सिंह, सत्येंद्र सिंह चेरो पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर मृतक का पोस्टमार्टम करवाया।

विधायक आलोक चौरसिया ने मृतक के परिजन को आर्थिक सहयोग प्रदान किया। उन्होंने कहा कि हम क्षेत्रवासियों के लिए हर समय सहयोग के लिए तैयार हैं। इस दुख की बेला में पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। पीड़ित परिवार को किसी भी चीज की जरूरत हो तो कभी भी संपर्क कर सकते हैं।

स्पीड न्यूज

## ओबीसी एकता अधिकार सह न्याय रथ यात्रा पहुंचा कांडी, लोगो ने किया स्वागत


न्याय रथ का स्वागत करते लोग।

**गढ़वा।** झारखंड प्रदेश ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद के नेतृत्व में ओबीसी एकता अधिकार सह न्याय रथ यात्रा झारखंड राज्य के राजधानी रांची से चलकर गढ़वा जिला के कांडी प्रखंड के सड़की गांव में पहुंचा। मौके पर आनंद विश्वकर्मा ने कहा कि झारखंड अलग होने के बाद यहां पिछड़ा एवं ओबीसी की आबादी 60 प्रतिषत से अधिक है। फिर भी सामाजिक, आर्थिक आधार पर ओबीसी को एकमात्र 14 प्रतिषत आरक्षण की व्यवस्था लागू की गई है। जो उचित नहीं है। झारखंड में रहने वाले पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्ग के द्वारा जातीय जनगणना के आधार पर 52 प्रतिषत आरक्षण की मांग के समर्थन की आवाज उठानी जरूरी है हर सरकार को पिछला वर्ग की लोगों को सभी क्षेत्रों में आरक्षण लागू करना होगा। कपिलदेव रावत ने कहा कि चाहे वह सरकारी संस्था हो या गैर सरकारी संस्था सभी में 52 प्रतिषत आरक्षण की व्यवस्था हो। साथ ही सभी ओबीसी छात्र-छात्राओं के लिए नि:शुल्क शिक्षा की व्यवस्था कर उन्हें पढ़ने के लिए ओबीसी छात्रावास की व्यवस्था हर जिले में हो। मौके पर कृष्णा गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, अमर प्रसाद आदि मौजूद थे।

## भागलपुर से इनामी अपराधी गिरफ्तार

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के पीरपैंती थाना क्षेत्र से फरार चल रहा पच्चीस हजार रुपए का इनामी अपराधी सुभाष चन्द्र यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। भागलपुर के पुलिस अधीक्षक (नगर) राज ने रविवार को यहां बताया कि पीरपैंती क्षेत्र में हत्या सहित कई संगीन मामलों में लिप्त सुभाष चन्द्र यादव लंबे समय से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। बाद में पुलिस मुख्यालय की ओर से उसपर पच्चीस हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त अपराधी के दिल्ली में छिपे रहने की सूचना पर वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा पीरपैंती के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अर्जुन कुमार गुप्ता के अगुवाई में गठित विशेष पुलिस टीम ने आज दिल्ली स्थित एक ठिकाने पर छापा मारा।

# दिशोम गुरु ने दिया रंका अनुमंडल और डंडा प्रखंड : झामुमो

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झामुमो के जिला प्रवक्ता कार्तिक पाण्डेय व रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने कहा है कि रंका को अनुमंडल बनाने का श्रेय सिर्फ और सिर्फ झारखंड मुक्ति मोर्चा को जाता है। तात्कालीन मधु कोड़ा सरकार में उप मुख्यमंत्री सह गृहमंत्री रहे झामुमो विधायक दल के नेता स्व. सुधीर महतो की अनुशंसा पर मधु कोडा कैबिनेट की अंतिम बैठक में रंका और जगन्नाथपुर को अनुमंडल बनाने पर मुहर लगी थी और चार अक्टूबर 2008 को तब के मुख्यमंत्री और झामुमो सुप्रीमो दिशोम गुरू शिबू सोरेन ने रंका अनुमंडल और डंडा का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया गया है। उस समय सरकार के सहयोगी दल रहे राजद विधायक के तौर पर समारोह में उपस्थित रहने से कोई अनुमंडल और प्रखंड बनाने का श्रेय लेना चाहे तो यह काफी हास्यास्पद है। झामुमो नेताओं नें प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उक्त पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह को याददाश्त ठीक करने की सलाह दी है। झामुमो नेताओं ने कहा है कि आदिम जनजाति बहुल भंडरिया, चिनियां, रमकंडा, बड़गड़ के लोगों की सुविधा के लिए झामुमो नें 1998 से जैक उपाध्यक्ष तत्कालीन झामुमो नेता सूरज मंडल के रंका दौरे के समय से किया है। अनुमंडल की मांग काफी पुरानी थी जिसे झामुमो नेता रहे स्व. सुबोध कुमार और मो. जुबैर ने शिबू सोरेन के साथ उस समय की मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से भी की थी। उस आवेदन पर बिहार मुख्यमंत्री सचिवालय की चिट्ठी आज भी सुरक्षित है। ऐसे में एक विधायक रहे नेता का यह कहना कि रंका अनुमंडल और डंडा ब्लॉक हमने बनाया यह अपने मुंह मियां मिट्ठू वाली कहावत चरितार्थ करता है।


जानकारी देते कार्तिक पांडेय व अन्य।

## खबर एक नजर में

## 6 से 14 अगस्त तक सुरक्षा अधिकारी कैडर के पदों पर आवेदन आमंत्रित


जानकारी देते ग्रुप कमांडेंट।

**गढ़वा।** एशिया महाद्वीप की विश्व स्तरीय एसआईएस ग्रुप के द्वारा 6 अगस्त से 14 अगस्त तक झारखंड के सभी जिलों के स्नातक युवाओं के लिए लिखित परीक्षा के लिए सुरक्षा अधिकारी कैडर के पदों पर आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। इसकी जानकारी ग्रुप कमांडेंट रमेश कुमार जायसवाल ने दी है। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य के ग्रामीण और शहरी युवाओं के लिए यह सुनहरा मौका है। ये परीक्षा इस वर्ष का आखिरी परीक्षा है। परीक्षा झारखंड के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में ली जाएगी। जिसमें 1250 युवाओं को चयन कर स्थाई अधिकारी सेवा की नियुक्ति प्रदान की जायेगी। ग्रुप कमांडेट ने बताया कि युवाओं को शुरूआत में सालाना तीन लाख 50 हजार का पैकेज दिया जाएगा। जो प्रशिक्षण के दौरान ही प्रारंभिक दिन से मिलना शुरू हो जाएगा। इनकी तैनाती जहां पर होगी राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम एक्ट 1984 के अंतर्गत अन्य भत्ता, सरकारी पेंशन, विधवा पेंशन पीएफ, ग्रेच्युटी ईएसआई ग्रुप इंश्योरेंस, बोनस, मेडिक्लेम, दो बच्चों को आईपीएस देहरादून में पढ़ाने की व्यवस्था, एम्प्लॉय स्टॉक ऑप्शन स्कीम के तहत शेयर का वितरण तथा स्थानांतरण के दौरान यात्रा भत्ता, रियायती आवास एवं रियायती मेस की सुविधा दी जाती है। उन्होंने बताया कि एसआईएस के मुख्य कार्य स्थल, लाल किला, कुतुब मीनार, फतेहपुर सीकरी, खजुराहो, सांची स्तूप, स्टेट बैंक एटीएम, बैंक ऑफ बड़ौदा, बिरला ग्रुप, हिंडालको, विप्रो, भारतीय पुरातत्व विभाग के स्मारक, एयरपोर्ट, टोल टैक्स, टाटा, बिरला, जिंदल एम्स, मेट्रो, होटल, आई सैक्टर, कॉरपोरेट सैक्टर एयरपोर्ट, जेएसडब्ल्यू प्लांट इत्यादि जगहों पर नियुक्ति प्रदान की जाएगी।

**नियुक्ति के लिए मापदंड :** भर्ती से संबंधित जानकारी देते हुए एसआईएस के ग्रुप कमांडेंट ने बताया कि सुरक्षा अधिकारी कैडर (आधिकारी सेवा) में नियुक्ति होने के लिए उम्मीदवार का ग्रैजुएट पास, 167 .5 सेंटीमीटर हाइट, उम्र 21 वर्ष से 40 वर्ष और शारीरिक रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए एसआईएस की आधिकारिक वेबसाइट से भी फार्म ऑनलाईन ले सकते है या 7903742868, 8219591494 पर संपर्क कर सकते हैं।

## वाहन से कुचल कर कांवरिया की मौत

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के सबौर थाना क्षेत्र में रविवार को कंटेनर वाहन से कुचल कर एक कांवरिया की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि मृत कांवरिया की पहचान सागर ग्वाला 45 वर्ष के रुप में हुई है जो पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी जिले के राजगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला था। हादसे के समय सागर कटिहार स्थित अपने रिश्तेदार सौरभ कुमार के साथ जल भरकर मोटरसाइकिल से देवघर जा रहा था। इस दौरान सबौर क्षेत्र के बंशीटीकर गांव के निकट पीछे से तेज गति से आए एक कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों कंटेनर के नीचे आ गया और कुचल जाने से सागर ग्वाला की मौके पर ही मौत हो गई।

# नगर पंचायत के पदाधिकारियों के उदासीन रवैया के कारण लोग नारकीय जिंदगी जीने को विवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत के पदाधिकारियों के उदासीन रवैया के कारण ब्लॉक रोड शिव मंदिर के समीप स्थित वार्ड नंबर 3 सेवानिवृत एसआई बेचने राम गली के लोग नारकीय जिंदगी जीने को विवस है। पीसीसी पथ का निर्माण तो लगभग 8 वर्ष पूर्व हो चुका है, पर मुख्य सड़क के किनारे बने नाली के ऊंचाई होने के कारण गली के पानी की निकासी नहीं हो पाती। जिस कारण पीसीसी पथ पर डेढ़ से 2 फीट कीचड़नुमा पानी जमा हो जाता है। इसके साथ-साथ अभी बारिश के दिन में यहां के लोगों गंभीर बीमारी का भी डर सता रहा है। लोगों ने कहा कि इस गली के बड़े, बुजुर्गों के साथ साथ सबसे अधिक बच्चों को नुकसान पहुंच रहा है, अधिकांश बीमारी के जद में आते रहते हैं और घर से निकलना दुभर हो गया है। मुख्य सड़क में जाने के लिए लोगों को इस पानी के अंदर से प्रवेश करना पड़ता है। जबकि इस गली के वासियों के द्वारा नए सिरे से नाली एवं पीसीसी पथ निर्माण की शिकायत अनेकों बार नगर पंचायत कार्यालय में की गई है। लगभग तीन माह पूर्व तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार के द्वारा बताया गया था कि इसकी टेंडर हो चुकी है। बहुत ही जल्द नए सिरे से पीसीसी पथ का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। लेकिन तीन माह बीत जाने के बावजूद भी अभी तक कार्य शुरू नहीं किया गया है। जिसके कारण लोगों को नगर पंचायत के पदाधिकारी के ऊपर से भरोसा उठता जा रहा है। इस संबंध में पूछने पर नगर प्रबंधक जितेश कुमार ने बताया कि पीसीसी पथ का टेंडर हो चुका है, पदाधिकारियों के ट्रांसफर के कारण निर्माण कार्य में देर हुआ है। बहुत ही जल्द निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।


पथ पर जमा पानी।

## धुरकी पुलिस ने किया 17 हजार सीएफटी बालू जप्त, दो लागों पर प्राथमिकी

**धुरकी।** धुरकी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को अवैध बालू के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया। धुरकी पुलिस व जिला खनन पदाधिकारी नंद देव बैठा के संयुक्त छापामारी के दौरान ग्राम रक्सी अंर्तगत संतोष जायसवाल द्वारा करीब 10 हजार सीएफटी अवैध बालू भंडारण को जप्त किया गया। साथ ही थाना क्षेत्र के परासपानी कला पश्चिमी टोला में ठेकेदार गोंड के घर के सामने सगमा निवासी नंदकिशोर मेहता के द्वारा करीब 7500 सीएफटी अवैध बालू भंडारण को जप्त किया गया। दोनों लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार थाना क्षेत्र में अवैध बालू के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जिला खनन पदाधिकारी भी शामिल होते है। छापामारी के दौरान अलग अलग जगहों से करीब 17 हजार सीएफटी बालू को जप्त करते संतोष जायसवाल व नंदकिशोर मेहता पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। थाना प्रभारी ने कहा कि गुप्त सूचना मिली थी की थाना क्षेत्र में अलग अलग जगहों पर कनहर नदी से रात्रि में बालू चोरी कर छुपा कर रखा गया है। जिसकी सूचना पर छापामारी अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में अवैध बालू के कारोबार को किसी भी हाल में चलने नही दिया जायेगा। यह छापामारी आगे भी जारी रहेगी। छापामारी दल में सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार, बीकू कुमार रजक, एएसआई शैलेंद्र कुमार सहित दलबल के जवान शामिल थे।

# शिव पहाड़ी गुफा मंदिर की बैठक में कावड़ यात्रा निकालने का निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** पंडरिया पंचायत स्थित शिव पहाड़ी गुफा मन्दिर के प्रांगण में रविवार को शिव पहाड़ी गुफा मंदिर के संरक्षक बबन साह की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में सर्वसहमति से 12 अगस्त को कावड़ यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। साथ ही कावड़ यात्रा निकालने को लेकर सर्वसम्मति से कमिटी का चयन किया गया।

जानकारी देते हुए संरक्षक ने बताया कि 12 अगस्त को शिव पहाड़ी गुफा मंदिर के तत्वावधान में चैथे सोमवारी को भव्य कावड़ यात्रा निकाला जायेगा। जो केतार प्रखंड के ढाढरा पांडा नदी से प्रातः 7 बजे सभी कावरियो को जल संकल्प कराते हुए पग यात्रा करते हुए भगवान घाटी मार्ग, कपूर्री चैक भवनाथपुर होते दुल्हन के रास्ते शिव पहाड़ी गुफा मंदिर में जलाभिषेक कराया जाएगा। नवनिर्मित कमेटी में ब्रजेश गुप्ता को अध्यक्ष, अरुण गुप्ता को उपाध्यक्ष, रामविजय साह को सचिव, लालबहदुर साह को कोषाध्यक्ष, नितीश गुप्ता, वेद प्रकाश आर्य को सह कोषाध्यक्ष, बबन साह, सुरेश ठाकुर, जेके तिवारी, संजय राय भट्ट, बैजनाथ प्रसाद गुप्ता, महेंद्र पासवान को संरक्षक तथा संजय साह, ओम प्रकाश आर्य, सोहन साह, सुधीर गुप्ता, राम प्रकाश साव, संदीप गुप्ता, अनिल प्यारे, जयप्रकाश, लाल बिहारी राम, लक्ष्मी साह, पपन कुमार, लालमणि कुमार, छोटेलाल कुमार, दीपक पासवान को मंदिर कार्य समिति सदस्य बनाया गया है।


बैठक करते लोग।

## नाबालिग के अपहरण के मामले में युवक गिरफ्तार भेजा गया जेल

**कांडी।** पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में जयनगरा गांव निवासी एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में थाना क्षेत्र निवासी लड़की के पिता ने अपनी पुत्री का अपहरण करने व प्यार के जाल में फंसाने का आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन दिया था। दिये आवेदन में कहा गया था कि वह मंगलवार को स्कूल ड्रेस में घर से स्कूल आने के लिए निकली थी। उसके हाथ में एक दो किताब कॉपी भी था। लड़की के पिता ने थाना में आवेदन देकर जयनगरा गांव निवासी सुभाष पासवान के पुत्र धीरज कुमार पासवान 19 वर्ष के खिलाफ अपनी पुत्री का अपहरण करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उक्त युवक को गिरफ्तार कर थाना ले गयी। पूछताछ करने व मोबाईल के जांच करने पर लड़की के साथ उसका जान पहचान व प्रेम संबंध होने का साक्ष्य मिला। उसके बाद पुलिस ने उक्त युवक को जेल भेज दी। लेकिन अभी तक उक्त लड़की का कोई आता पता नहीं चल सका है। लड़का व लड़की के बीच में प्रेम है इसका भंडाफोड़ सोमवार को स्कूल में हुआ था, जब उक्त लड़की वर्ग पांच में पढ़ने वाले एक लड़का को जो उक्त लड़का का पड़ोसी है उसको एक चिठ्ठी दे रही थी। जिसे स्कूल के शिक्षक देख लिए और उस चिठ्ठी को उस लड़का से छीनकर जप्त कर लिए। उसके बाद उक्त लड़की के पिता को स्कूल में बुलाकर उक्त मामले की जानकारी दिया गया। इस विषय में थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि लड़की की बरामदगी के लिए पुलिस लगातार खोजबीन कर रही है।

## झूठ बोलना, धोखा देना, घपले-घोटाले और विनाश का परिचायक रहा है राजद : भाजपा




**पटना।** बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरक्षण को लेकर प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के आरोपों पर पलटवार करते हुए आज कहा कि राजद झूठ बोलना, धोखा देना, घपले-घोटाले और विनाश का परिचायक रहा है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस और राजद को अपनी विफलताएं छुपाने के लिए लोगों को गुमराह करना बंद कर देना चाहिए क्योंकि वे ही हैं जिन्होंने आजादी के बाद से बिहार पर शासन किया और मानव विकास सूचकांक में इसे सबसे निचले पायदान पर ला खड़ा किया। उन्होंने कहा कि आरक्षण कानूनों को नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग भी भ्रामक है क्योंकि इस संबंध में उच्चतम न्यायालय का पहले से ही स्पष्ट फैसला है कि नौवीं अनुसूची में शामिल किसी भी कानून को चुनौती भी दी जा सकती है।

## संजय साह बने भागलपुर जदयू महानगर अध्यक्ष



**भागलपुर।** बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन के आधार पर जिलाध्यक्षों की नई सूची जारी की है, जिसमें भागलपुर ग्रामीण के लिए फिर से एक बार विपिन बिहारी सिंह पर विश्वास जताते हुए उन्हें ग्रामीण जिलाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि महानगर में फेरबदल करते हुए राजदीप राजा की जगह पुराने जदयू नेता संजय साह को को भागलपुर महानगर का अध्यक्ष मनोनीत किया है। इन दोनों के मनोनयन पर भागलपुर के सांसद अजय कुमार मंडल एवं पूर्व राज्यसभा सांसद कहकशां परवीन ने बधाई दी है। इस मौके पर पूर्व महानगर अध्यक्ष सुड्डू साई ने ग्रामीण एवं महानगर जिलाध्यक्षो को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश नेतृत्व को धन्यवाद देता हूँ एवं आशा करता हूँ कि दोनों अध्यक्ष आपसी तालमेल से भागलपुर जिला में जदयू संगठन को और भी मजबूत करेंगे।

# बीडीओ ने किया मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शिविर का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

कांडी। बीडीओ राकेश सहाय ने रविवार को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लमारी कला पंचायत भवन में आयोजित कैंप का निरीक्षण किया। बीडीओ ने वहां उपस्थित लाभुकों को इस योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्हें समझाया कि एक-एक लाभुकों का जिनकी उम्र 21 वर्ष से 50 वर्ष के बीच है और वे यदि राशन कार्ड धारी हैं तो झारखंड सरकार के संकल्प के मुताबिक सभी महिलाओं को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से लाभान्वित हर हाल में किया जाएगा। पिछले दो दिनों से सरवर में परेशानी आ रही है। सरवर काम नहीं कर रहा है। फलतः लाभुक परेशान है। लगातार दूसरे दिन सरवर में खराबी है, लेकिन उपस्थित लाभुकों को आश्वस्त किया गया कि एक-एक योग्य महिलाओं को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। आप परेशान ना हो। उधर प्रखण्ड के किसी भी पंचायत में दूसरे दिन भी इस योजना का लिंक काम नहीं करने के कारण आवेदन ऑनलाइन नहीं हो सका। दूसरे दिन भी प्रखंड के सभी पंचायत भवन में सुबह आठ बजे से ही लाभुक महिलाओं की काफी भीड़ देखी गयी। सबसे अधिक भीड़ कांडी पंचायत भवन में देखी गयी। आवेदन ऑनलाइन नहीं होने के कारण महिला लाभुक परेशान रहीं। कांडी पंचायत मुखिया विजय राम ने लाभुकों की अधिक भीड़ देख कर 100 लाभुकों के आवेदन को अल्फा कौशल विकास केंद्र में भेजकर ऑनलाईन करने की प्रक्रिया शुरू कराया। कई लाभुकों ने कहा कि सरकार की व्यवस्था ही जब कमजोर है तो फिर क्यों शुरू कराया यह काम। लोग दो दिनों से सब काम छोड़ छाड़कर पंचायत भवन का चक्कर लगा कर परेशान हैं।


निरीक्षण करते बीडीओ।

## अवधेश यादव के हत्यारों को शीघ्र पकड़ा जाये : पप्पू यादव



**पूर्णिया।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव आज पूर्व अध्यक्ष अवधेश यादव की हत्या के बाद उनके शौकाकुल परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। सांसद पप्पू यादव ने उनके परिवार जनों से मुलाकात करने के बाद जिला प्रशासन से हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिला के कसबा थाना अंतर्गत कसबा तीनपनिया वार्ड नं०-14 में कसबा नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अवधेश यादव जी की हत्या से गहरा दु:ख हुआ है। बीते तीन दिन पूर्व अपराधियों ने उन्हें गोली मारकर हत्या कर दी थी। आज हमने शोकाकुल परिजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस दुखद घटना ने हमें बहुत व्यथित किया है। हमने सदर डी एस पी से बात की और आग्रह किया कि जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार कर स्पीडी ट्रायल के तहत कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, ताकि न्याय सुनिश्चित हो सके और अपराधियों को उनके कृत्य की सजा मिले। पप्पू यादव ने कहा कि हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं अवधेश यादव जी के परिवार के साथ हैं। हम इस कठिन समय में उनके साथ खड़े हैं और न्याय की लड़ाई में उनका पूरा सहयोग करेंगे। हम सब मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और समाज में शांति और सुरक्षा बनी रहे।

### दूसरे दिन भी मंईयां सम्मान निधि योजना का आवेदन नहीं हुआ ऑनलाइन

# जेएमएमएसवाई महिलाओं के बीच हुआ काफी लोकप्रिय, लाभ लेने के लिए उमड़ रही है महिलाओं की भीड़: मनोज ठाकुर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** महिलाओं को सशक्तिकरण एवं सम्मान को लेकर झारखंड सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान निधि योजना का फॉर्म दो दिनों से ऑनलाइन नहीं हो रहा है। जिस कारण लाभुकों में निराशा है। विदित हो कि 21 वर्ष से 49 वर्ष की महिला एवं युवतियों को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान निधि योजना के तहत प्रत्येक माह 1000 रूपए योग्य लाभुको के खाते में देने की बात कही गई है। जिसके लिए 3 से 10 अगस्त तक योग्य लाभुकों को संबंधित मतदान केंद्रों पर सीएसपी संचालकों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन अप्लाई किया जाना था। लेकिन अभी तक लाभुकों का एक भी आवेदन ऑनलाइन नहीं हो पाया है। ऑनलाइन आवेदन के लिए महिला लाभुक सुबह 10 बजे से शाम 4:00 बजे तक अपने अपने संबंधित मतदान केंद्रों पर इंतजार करते देखे गए।

नगर पंचायत कार्यालय में स्थित मतदान केंद्र पर तैनात सीएसपी संचालक विकास कुमार एवं मनीष कुमार ने बताया कि मंईयां सम्मान निधि योजना का पोर्टल खुला हुआ है, लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण लाभुको का आवेदन अपलोड नहीं हो पा रहा है। मंईयां सम्मान निधि योजना के नोडल पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी शंभू राम ने बताया कि पूरे झारखंड में लाभुकों के आवेदन ऑनलाइन किए जा रहे हैं, जिसके कारण संभवतः सरवर लोड नहीं ले पा रहा है। पूरे झारखंड में इस तरह की टेक्निकल इशू कि समस्या है। समस्या का समाधान में लगे हैं। इसकी वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।


इंतजार में बैठी लाभुक।

**गढ़वा।** झामुमो के जिला सचिव मनोज ठाकुर ने कहा है कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना महिलाओं के बीच काफी लोकप्रिय हुआ है। भारी बारिष होने के बावजूद जिस तरह से गढ़वा जिला के 189 पंचायतों व सभी शहरी निकायों में योजना का लाभ लेने के लिए बहन बेटियों की भीड़ उमड़ रही है। सभी बहन बेटी इस योजना के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दे रही हैं। महिलाओं ने कहा कि महिला उत्थान के लिए मुख्यमंत्री का यह सराहनीय प्रयास है। राज्य में कई सरकारें बनी लेकिन किसी ने महिलाओं के बारे में सोंचना जरूरी नहीं समझा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस प्रयास से महिलाओं की जिंदगी में आषा की नई किरण जगी है।


योजना का लाभ लेने पहुंची महिलाएं।

# बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ फिर भड़की हिंसा, 80 की मौत

## कई इलाकों में पुलिस ने आंसू गैस छोड़े और हवाई फायरिंग की

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका तथा देश के अन्य हिस्सों में रविवार को हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 80 लोग मारे गए और इसके बाद अधिकारियों ने अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया है। प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार काफी संख्या में विद्यार्थियों ने शेख हसीना सरकार के इस्तीफे की मांग करते हुए असहयोग आंदोलन शुरू कर दिया है। बंगलादेशी अखबार प्रोथिओम एलो की रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बलों, सत्तारूढ़ अवामी लीग के कार्यकताओं और प्रदर्शनकारियों के बीच हुईं झड़पों में 14 पुलिसकर्मियों सहित कम से कम 80 लोग मारे गए। हिंसा को बढ़ता देख बांग्लादेश की सरकार ने रविवार शाम 6 बजे से राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू लगाया।



**मुंशीगंज, रंगपुर, पबना में बवाल :** मुंशीगंज में प्रदर्शनकारियों और अवामी लीग के लोगों के बीच हुई झड़प में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान तत्काल नहीं हो पाई है। रंगपुर में प्रदर्शनकारियों और अवामी लीग कार्यकताओं के बीच हुई झड़प में अवामी लीग के चार लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि पबना में रविवार को प्रदर्शनकारियों और अवामी लीग कार्यकताओं के बीच हुई झड़प में सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकताओं ने तीन छात्रों की गोली मारकर हत्या कर दी और 50 अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान

### सरकार ने पूरे देश में लगाया कर्फ्यू

जाहिद इस्लाम, 19, महबूबुल हुसैन, 16 और फहीम, 17 के रूप में हुई है।

पबना पुलिस के अतिरिक्त अधीक्षक मसूद आलम ने कहा कि पबना गवर्नमेंट एडवर्ड कॉलेज के छात्रों के एक समूह ने दोपहर में अपने परिसर से जुलूस निकाला और अपने निर्धारित असहयोग आंदोलन के तहत अब्दुल हमीद रोड जेबी चौराहे पर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे।

**सिराजगंज, बोगरा में अवामी लीग के समर्थकों से झड़पः** सिराजगंज में, भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन द्वारा आहूत असहयोग आंदोलन के बीच सिराजगंज में प्रदर्शनकारियों, अवामी लीग कार्यकताओं और पुलिस के बीच हुई झड़पों में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। इसके अलावा, जिले में पुलिस स्टेशनों और दो सांसदों के घरों सहित व्यापक तोड़फोड़, तोड़फोड़ और आगजनी देखी गई। बोगरा में, सुबह से अवामी लीग के लोगों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़पों में दो लोग मारे गए। मगुरा में, झड़पों में एक छात्र दल के नेता सहित दो लोग मारे गए।

**कोमिला, इलियटगंज में भी हिंसाः** कोमिला के देबिद्वार में आवामी लीग और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प के दौरान एक जुबो दल कार्यकर्ता की मौत हो गई और तीन बच्चों सहित 15 लोग घायल हो गए। एक अलग घटना में, इलियटगंज हाईवे पुलिस चौकी में भीड़ ने एक पुलिस कांस्टेबल की पीट-पीटकर हत्या कर दी। ढाका में, राजधानी के धानमंडी के जिगाताला इलाके में झड़प में एक छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसका नाम अब्दुल्ला सिद्दीकी था, जिसकी उम्र 23 वर्ष थी। वह राजधानी के हबीबुल्लाह बहार डिग्री कॉलेज का छात्र था।

**सावर, फेनी में कई लोगों की मौत :** सावर के अशुलिया में प्रदर्शनकारियों और आवामी लीग के नेताओं और कार्यकताओं के बीच झड़प के दौरान एक और व्यक्ति की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। फेनी में, पुलिस, आवामी लीग कार्यकताओं और छात्रों के बीच झड़प में पांच लोग मारे गए हैं और 30 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। यह झड़प रविवार दोपहर जिले के मोहिपाल में हुई।

# वक्फ बोर्ड में होगा बदलाव

## बोर्ड की शक्तियां होंगी कम और महिलाओं के अधिकार बढ़ेंगे

खबर मन्त्र संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार जल्द ही वक्फ अधिनियम में कई बड़े बदलाव कर सकती है। सरकार इसके लिए संसद में अगले हफ्ते एक विधेयक ला सकती है, जिसमें कई संशोधन हो सकते हैं। इसके तहत वक्फ बोर्ड की शक्तियों को कम किया जा सकता है। इस विधेयक के तहत किसी भी संपत्ति को अपनी संपत्ति कहने की इसकी 'अनियंत्रित' शक्तियों में कटौती हो सकती है और महिलाओं का प्रतिनिधित्व भी सुनिश्चित हो सकता है। एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक, विधेयक में वक्फ अधिनियम में करीब 40 संशोधन प्रस्तावित किए जाने की संभावना है। सूत्रों ने यह भी कहा कि विधेयक को शुक्रवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। सूत्रों के मुताबिक, विधेयक

- **40 संसोधनों को शुक्रवार को मंत्रिमंडल ने दी थी मंजूरी अगले हफ्ते संसद में बिल पेश कर सकती है सरकार**
- **मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने ही की बदलाव की मांग**

में अधिनियम की कुछ धाराओं को निरस्त करने का प्रस्ताव है, जिसका मुख्य उद्देश्य वक्फ बोर्डों के पास मौजूद मनमानी शक्तियों को कम करना है। सूत्रों के अनुसार, मौजूदा कानूनों को बदलने की मांग मुस्लिम बुद्धिजीवियों, महिलाओं और शिया और बोहरा जैसे विभिन्न संप्रदायों की ओर से आई है।

देश भर में वक्फ बोर्डों के तहत लगभग 8 लाख 70 हजार संपत्तियां हैं और इन संपत्तियों के अंतर्गत कुल भूमि लगभग 9 लाख 40 हजार एकड़ है।



**1995 में लागू हुआ था एक्ट :** वक्फ अधिनियम 1995 में लागू किया गया था और यह वाकिफ द्वारा वक्फ के रूप में दान की गई और अधिसूचित संपत्तियों को नियंत्रित करता है। वक्फ बोर्ड कई बार ऐसे दावे करता है, जिससे विवाद होता है। उदाहरण के लिए सितंबर 2022 में तमिलनाडु वक्फ बोर्ड ने पूरे थिरुचेंदुरई गांव पर अपना हक होना का दावा किया, जहां सदियों से बहुसंख्यक हिंदू आबादी रहती थी।

**बिल में इन बातों पर ध्यान**

- इस कानून के जरिए केंद्र सरकार बोर्ड की निरंकुशता को खत्म करना चाहता है।
- विधेयक के जरिए बोर्ड में अधिक पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य सत्यापन शामिल है। महिलाओं के लिए प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए वक्फ बोर्डों की संरचना और कार्यप्रणाली में बदलाव करने के लिए धारा 9 और धारा 14 में संशोधन हो सकता है।
- विवादों को सुलझाने के लिए वक्फ बोर्डों द्वारा दावा की गई संपत्तियों का नए सिरे से सत्यापन किया जाएगा।
- संपत्तियों की निगरानी में मजिस्ट्रेट शामिल हो सकते हैं।



**सवा लाख बेल पत्रों से भगवान महाकाल का श्रृंगार**

**उज्जैन। विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर का श्रावण मास में प्रतिदिन अनूठा शृंगार किया जा रहा है। इसी कड़ी में हरियाली अमावस्या पर रविवार को भस्म आरती में सवा लाख बेल पत्रों से अद्भुत शृंगार किया गया। इसके बाद भस्म आरती की गई। हजारों श्रद्धालु इस अद्भुत पल के साक्षी बने।**

# 2029 में फिर सरकार बनायेगा राजग : शाह

### पांच साल कार्यकाल पूरा करेगी मोदी सरकार

एजेंसी

**चंडीगढ़।** राजग सरकार के संख्याबल को लेकर सवाल उठाने पर रविवार को विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए केंद्रीय गृहमंत्री एवं भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह ने कहा कि यह गठबंधन न केवल अपना कार्यकाल पूरा करेगा बल्कि 2029 में भी सरकार बनायेगा। शाह ने चंडीगढ़ के मनीमाजरा में चौबीस घंटे जलापूर्ति सुनिश्चित करने वाली परियोजना का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आपको आश्वासन देना चाहता हूं कि विपक्ष जो भी कहना चाहे, कह सकता है, लेकिन आप चिंता मत कीजिए। वर्ष 2029 में भी राजग ही सत्ता में आएगा, नरेन्द्र मोदी जी (ही सत्ता में) आएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष को लगता है कि थोड़ी बहुत सफलता से वे चुनाव जीत गए हैं। उन्हें नहीं पता है कि (पिछले) तीन चुनावों में



कांग्रेस को जितनी सीट मिलीं, भाजपा ने इस चुनाव (2024 लोकसभा चुनाव) में उससे ज्यादा सीट जीती हैं। शाह ने कहा कि वे यह नहीं जानते। राजग के एकमात्र घटक दल भाजपा के पास उनके पूरे गठबंधन की कुल सीट से अधिक सीट हैं। उन्होंने कहा कि अनिश्चितता का माहौल बनाने का मंसूबा पाले ये लोग बार-बार कहते हैं कि यह सरकार नहीं चलेगी। शाह ने कहा कि मैं विपक्ष के मित्रों को आश्वासन देना चाहता हूं कि यह सरकार न केवल पांच साल का अपना कार्यकाल पूरा करेगी।

## डिबेट से पहले तारीख और चैनल को लेकर भिड़े ट्रंप औ कमला

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव अभियान की अपनी पहली डिबेट से पहले ही डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस आमने-सामने आ गए हैं। दोनों अलग-अलग ब्रॉडकास्टार और तारीख पर डिबेट करना चाहते हैं। इसे लेकर दोनों के अपने तर्क हैं। अमेरिका में इसी साल 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होगा। कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उम्मीदवार हैं।दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबले का आसार हैं। ट्रंप ने 10 सितंबर को होने वाली एबीसी न्यूज बहस से बाहर होने की घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया साइट, ट्रुथ सोशल पर यह जानकारी देते हुए कमला हैरिस के साथ फॉक्स न्यूज के साथ बहस का प्रस्ताव रखा है। इस पोस्ट के मुताबिक फॉक्स न्यूज की बहस 4 सितंबर को पेंसिल्वेनिया में एक निर्धारित स्थान पर होगी। कमला हैरिस ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं 10 सितंबर को वहां रहूंगी, जैसा कि ट्रंप ने सहमति व्यक्त की थी।

# हिज्बुल्लाह ने दागी 50 मिसाइलें इजरायल ने सभी को किया नाकाम

## हनिया के मौत के बाद मध्य पूर्व में बढ़ा तनाव

एजेंसी

**तेल अवीव।** मध्य पूर्व में लगातार बढ़ते तनाव के बीच ईरान समर्थित आतंकी संगठन हिज्बुल्लाह ने नॉर्थ इजराइल पर कई रॉकेट दागे। हिज्बुल्लाह के मुताबिक उसने बदले की कार्रवाई के तहत बेत हिलेल में हमला किया और लेबनान से इजराइल पर एक साथ 50 मिसाइलें दागी।

इजराइल का दावा है कि आयरन डोम ने सभी मिसाइलों को नाकाम कर दिया और इससे जानमाल की कोई क्षति नहीं हुई। दो दिनों पहले इजराइल ने लेबनान केफर केला और डेर सिरियाने में हवाई हमला किया था, जिसके जवाब में हिजबुल्लाह ने शनिवार को इजराइल पर रॉकेट बरसाए हैं। इससे पहले पहले इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत में एयरस्ट्राइक की थी। जिसमें हिज्बुल्लाह कमांडर हज मोहसिन उर्फ फुआद शुकर की मौत हो गई



थी। इसके 48 घंटे बाद ही हिज्बुल्लाह ने इजराइल पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। लेबनान से उसने उत्तरी इजराइल पर दर्जनों रॉकेट दागे। इजराइल की तरफ से हमास प्रमुख इस्माइल हानिया को मार गिराने के साथ मध्य पूर्व में तनाव गहरा होता जा रहा है। इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद ने पिछले बुधवार को हानिया को ईरान में मारा था। जिसके बाद टकराव लगातार बढ़ रहा है। ईरान हानिया की मौत का बदला लेगा, इसे लेकर इजराइल काफी सतर्क है। हानिया की हत्या के बाद दुनिया को ईरान-इजराइल युद्ध छिड़ने की आशंका है। लेबनान की राजधानी बेरूत स्थित अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों को जल्द से जल्द लेबनान छोड़ने को कहा है। इससे पहले ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने भी इसी तरह की चेतावनी अपने नागरिकों के लिए जारी की थी।

## हमास ने नया प्रमुख चुनने के लिए शुरू किया सलाह मशवरा



**गाजा।** हमास ने कहा कि आंदोलन के लिए नया प्रमुख चुनने के लिए उसके नेतृत्व और सलाहकार संस्थानों में व्यापक सलाह मशवरा शुरू हो गया है। हमास ने कहा कि पिछले दशकों में इसके कई नेताओं की हत्याएं देखी गईं। लेकिन समूह ने आंदोलन के नियमों के अनुसार उनके लिए विकल्प चुनने में जल्दबाजी की। आंदोलन के कार्यकारी संस्थान और इसकी मुख्य सलाहकार संस्था शूरा अपना काम जारी रख रही है और यह अपने परामर्श के पूरा होने के बाद उसके परिणामों की घोषणा करेगी। इस्माइल हानिया की बुधवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान में उस समय हत्या कर दी गई थी।

# कौन बनेगा करोड़पति का 16 वां सीजन 12 अगस्त से

एजेंसी

मुंबई। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के ज्ञान-आधारित रियलिटी गेम शो, कौन बनेगा करोड़पति के 16वें सीजन में सुपर सवाल के साथ एक सुपर ट्विस्ट जोड़ा गया है, जिससे खिलाड़ी दोगुनी धनराशि जीत सकते हैं। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के रियलिटी गेम शो, कौन बनेगा करोड़पति के 16वें सीजन का प्रीमियर 12 अगस्त को रात 9:00 बजे होगा। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के साथ, चैनल ने हाल ही में एक विचारोत्तेजक कैम्पेन, ज़िंदगी है, हर मोड़ पर सवाल पूछेगी, जवाब तो देना होगा को प्रदर्शित किया था, जो ज़िंदगी की प्रबल सच्चाइयों पर आत्मनिरीक्षण करने की प्रेरणा देता है। और अब, निर्माताओं ने प्रतियोगियों के गेमप्ले को बेहतर बनाने के लिए सुपर सवाल की घोषणा की है, जिसके तहत उन्हें

- **सुपर सवाल के साथ एक सुपर ट्विस्ट जोड़ा गया है जिससे खिलाड़ी दोगुनी धनराशि जीत सकते हैं**

ऐसे सवालों का सामना करना पड़ता है जिससे वे अपने सपनों के एक कदम और करीब पहुंच जाएंगे। यह दिलचस्प एलिमेंट, सुपर सवाल एक बोनस सवाल है जो पहले सुरक्षित पड़ाव (प्रश्न 5) के बाद आता है। इसमें न तो कोई विकल्प होगा और न ही लाइफलाइन का उपयोग करने का अवसर दिया जाएगा। यदि सही जवाब दिया गया, तो प्रतियोगियों को 2एक्स सुपरपावर या दुगनास्त्र का इस्तेमाल करने का अवसर मिलता है। यह सुपरपावर प्रतियोगियों को प्रश्न 6 से प्रश्न 10 के बीच उनके पसंद के किसी भी सवाल पर बजर दबाने और उनकी जीत को दोगुना करने में सक्षम बनाती है। यानि, अगर कोई




प्रतियोगी प्रश्न 9 (1,60,000 रुपये) पर सुपरपावर का उपयोग करना चुनता है, और सही उत्तर देता है, तो उसे 1,60,000 रुपये की बोनस धनराशि मिलती है, जो उनकी जीती गई अंतिम धनराशि में जोड़ दी जाएगी। हालांकि, वे दुगनास्त्र खेलते समय किसी भी लाइफलाइन का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं।इस सुपर सवाल और उसके बाद के दुगनास्त्र के इस्तेमाल से गेमप्ले में रणनीति का पहलू और भी प्रबल हो जाता है, जो इसे आकर्षक और रोमांचक बनाता है। कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16, 12 अगस्त रात 9:00 बजे से, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

## आठ कंपनियों का मार्केट कैप 1.29 लाख करोड़ घटा

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार मूल्यांकन (मार्केट) में पिछले सप्ताह कुल मिलाकर 1,28,913.5 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों टीसीएस और इन्फोसिस सबसे अधिक नुकसान में रहीं। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 37,971.83 करोड़ रुपये घटकर 15,49,626.88 करोड़ रुपये पर आ गया। सबसे अधिक नुकसान टीसीएस को ही हुआ। इन्फोसिस का मार्केट कैप 23,811.88 करोड़ घटकर 7,56,250.47 करोड़ पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का मूल्यांकन 13,125.49 करोड़ रुपये घटकर 20,28,695.57 करोड़ रुपये पर आ गया।

## स्पीड न्यूज

### पूणे में बाढ़ का कहर सेना के जवान तैनात

**मुंबई।** पुणे में रविवार को सुबह से हो रही मूसलाधार बारिश और खडकवासला बांध से मुथा नदी में पानी छोड़े जाने से निचले इलाकों में शहर में बाढ़ का कहर बरपने लगा है। सिंहगढ़, एकता नगर आदि इलाकों की कई सोसाइटियों में बाढ़ का पानी घुस गया है। इन इलाकों में बाढ़ प्रभावितों को निकालने के लिए भारतीय सेना के 105 जवानों को तैनात किया गया है। बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें कर रही है।

### कार व ट्रक में टक्कर चार लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान में सवाई माधोपुर जिले के भगवतगढ़ के पास रविवार सुबह कार एवं ट्रक के बीच टक्कर में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई तथा छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि कार में सवार सभी लोग मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के विक्रमगढ़ निवासी एक ही परिवार के थे। वे सभी उत्तराखंड के बद्री विशाल में श्रीमद् भागवत कथा में शामिल होने के लिए गये थे, जहां परिवार की एक महिला की कथा सुनने के दौरान मौत हो गई। उसके बाद परिवार के लोग मृतका का अंतिम संस्कार करने के लिए ऋषिकेश गए। महिला का अंतिम संस्कार करने के बाद वे वापस मध्यप्रदेश लौट रहे थे।

### चीन में भूस्खलन से आठ मरे, 19 लापता

बीजिंग। दक्षिण-पश्चिमी चीन में बाढ़ और भूस्खलन के कारण आठ लोगों की मौत हो गयी तथा 19 अन्य लोग लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को बताया कि दक्षिण-पश्चिमी चीन के सिचुआन प्रांत के कांगडिंग शहर में अचानक बाढ़ और भूस्खलन हुआ। यह आपदा शनिवार को तड़के लगभग 3:30 बजे तिब्बती स्वायत्त प्रान्त गार्जे.के कांगडिंग में हुई, जिसके कारण एक पुल गिर गया और रिडी गांव में घर नष्ट हो गए। यह गांव समुद्र तल से 1,300 मीटर की ऊंचाई पर एक घाटी में स्थित है, जिसके पास के पहाड़ समुद्र तल से 5,000 मीटर से अधिक ऊंचे हैं।

### लांच होगी मारुति की इलेक्ट्रिक कारः भार्गव

नयी दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) के अध्यक्ष आर. सी. भार्गव ने रविवार को कहा कि कार्बन और ग्रीन हाउस उत्सर्जन तथा आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करने के लिए कंपनी अगले कुछ महीनों में इलेक्ट्रिक कारें पेश करेगी। श्री भार्गव ने जारी कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि कार उद्योग के लिए एक प्रमुख राष्ट्रीय उद्देश्य कार्बन और ग्रीन हाउस उत्सर्जन तथा आयातित ईंधन पर निर्भरता को कम करना है। ऐसे में आर्थिक और सामाजिक परिवेश तथा देश में संसाधनों की उपलब्धता को देखते हुए, ग्राहकों को विभिन्न तकनीकों वाली तथा विभिन्न मूल्य स्तरों पर कारें प्रदान करना सर्वोत्तम रणनीति होगी। हम अगले कुछ महीनों में इलेक्ट्रिक कारें पेश करेंगे।

### मौद्रिक नीति बैठक के निर्णय पर रहेगी शेयर बाजार की नजर

मुंबई। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के एक बार फिर से मंदी की चपेट में आने की आशंका में हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह करीब आधी फीसदी गिरे घरेलू शेयर की अगले सप्ताह रिजर्व बैंक (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजे तथा पश्चिम एशिया में उत्पन्न तनाव पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 350.77 अंक अर्थात 0.43 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 80981.95 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 117.15 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24717.70 अंक रह गया।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !